लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अमावस्या विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -45, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सफलता के दबाव में मौत की राह पर किशोर व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 28.0° अधिकतम तापमान | 17.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 23 सूर्यास्त 18 : 15

लखनऊ, रविवार, 10 मार्च 2024



निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे...-15




## भारत ने 4-1 से जीती श्रृंखला

**धर्मशाला।** रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त दी। भारत ने यह श्रृंखला 4-1 से जीत ली। इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त बना ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में 195 रन पर आल आउट हो गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। वहीं, जेम्स एंडरसन इस टेस्ट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने।

**टेस्ट में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट**

| खिलाड़ी | मैच | 5 विकेट |
|---|---|---|
| मुथैया मुरलीधरन | 133 | 67 |
| शेन वॉर्न | 145 | 37 |
| रिचर्ड हैडली | 86 | 36 |
| आर अश्विन | 100* | 36 |
| अनिल कुंबले | 132 | 35 |
| जेम्स एंडरसन | 187* | 32 |

**100वें टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (दोनों पारियों को मिलाकर)**

| | |
|---|---|
| 9/128 | रविचंद्रन अश्विन भारत बनाम इंग्लैंड, धर्मशाला, 2024 |
| 9/141 | मुरलीधरन श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, चैटोग्राम, 2006 |
| 8/231 | शेन वार्न ऑस्ट्रेलिया बनाम द. अफ्रीका, केप टाउन, 2002 |
| 7/151 | कपिल देव भारत बनाम पाकिस्तान, कराची, 1989 |
| 7/176 | अनिल कुंबले भारत बनाम श्रीलंका, अहमदाबाद, 2005 |



## अनुप्रिया पटेल को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। अपना दल (एस) की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जेड श्रेणी का सुरक्षा कवर दिया है। इससे पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी।

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के दूसरे चरण में महिलाओं को उपहार

## होली पर एक रिफिल सिलेंडर मुफ्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य सरकार महिलाओं को होली उपहार के रूप में निशुल्क गैस सिलेंडर देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत इसका 1.75 करोड़ लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। दीपावली पर भी राज्य सरकार ने महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर दिया था। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत साल में 2 सिलेंडर मुफ्त में देने का निर्णय किया था। इसी क्रम में पहला सिलेंडर दीपावली पर और अब दूसरा सिलेंडर होली के अवसर पर मिलने जा रहा है।




- **प्रथम चरण में दीपावली पर भी मुफ्त दिए गए थे सिलेंडर**
- **1.75 करोड़ लाभार्थियों को देने के लिए 2312 करोड़ का बजट**

उप्र. में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 1.75 करोड़ लाभार्थियों को 2 निःशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण के लिए योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2312 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है।

एक नवंबर 2023 से 15 फरवरी 2024 तक तक कुल 80.30 लाख लाभार्थियों को रिफिल सिलेंडर रिफिल दिए गए। द्वितीय चरण में अब होली पर लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर वितरित कराए जाने का निर्णय लिया गया है। 01 जनवरी 2024 से अब तक लगभग 50.87 लाख लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल की डिलीवरी की जा चुकी है। इस प्रकार अब तक कुल 131.17 लाख (1.31 करोड़ से ज्यादा) रिफिल सिलेंडर की डिलीवरी की गई है। मुख्यमंत्री योगी ने 10 नवंबर 2023 को योजना की शुरुआत की थी।

# भाजपा से तीन पुराने चेहरे समेत सात एमएलसी प्रत्याशी घोषित

### विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह और अशोक कटारिया को फिर मिला मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



महेंद्र सिंह | अशोक कटारिया | विजय बहादुर | मोहित बेनीवाल | संतोष सिंह | धर्मेंद्र सिंह | रामतीरथ सिंघल

- **मैदान में मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, रामतीरथ सिंघल और संतोष सिंह नए चेहरे**
- **सहयोगी दलों अपना दल (एस), रालोद से नाम आए सामने, एक सीट पर पशोपेश**

**अमृत विचार** : भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने यूपी में विधान परिषद चुनाव के लिए सात प्रत्याशियों की सूची शनिवार को जारी की। जिसमें तीन नाम ऐसे हैं, जो दूसरी बार प्रत्याशी बनाए गए हैं। शेष चार नए चेहरों को मौका दिया गया है। तीन सीटें सहयोगी दलों के लिए छोड़ दी है। भाजपा ने सूची में कई जातियों को समायोजित करने का प्रयास किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शनिवार को उप्र और बिहार के लिए विधान परिषद प्रत्याशियों की सूची जारी की। उप्र विधान परिषद की 13 सीटों पर भाजपा ने सात प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। इसमें एक भूमिहार, दो क्षत्रिय, एक वैश्य, एक गुर्जर, एक ब्राह्मण व एक जाट समाज को टिकट देकर जातीय समीकरण साधने का भी प्रयास हुआ है। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, पूर्वमंत्री व एमपी के चुनाव प्रभारी डा. महेंद्र कुमार सिंह व पूर्वमंत्री अशोक कटारिया को लगातार दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी धर्मेंद्र सिंह व झांसी के पूर्व मेयर रामतीरथ सिंघल को प्रत्याशी बनाकर मेहनत का इनाम दिया है। जिन 13 एमएलसी सीटों पर चुनाव हो रहा है, उसके लिए मतदान की नौबत आएगी या नहीं, यह नामांकन भरने की आखिरी तिथि मंगलवार को स्पष्ट हो जाएगा। संख्याबल के मुताबिक भाजपा की 10 और सपा की तीन सीटों पर जीत तय है।

**सहयोगी दलों में इन नामों पर चर्चा**

भाजपा के सहयोगी दलों में अपना दल (सोनेलाल) से एमएलसी व मंत्री आशीष पटेल का प्रत्याशी बनना तय माना जा रहा है। रालोद से योगेश चौधरी का नाम चर्चाओं में है। जबकि सुभासपा से कोई नाम नहीं आया है। इस बीच रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल को एनडीए का हिस्सा बनाने के लिए अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल को एमएलसी बनाने की चर्चा है।

**तीन कम होंगे भाजपा एमएलसी, सपा दो बढ़ेगी**

पिछली बार भाजपा ने 10 एमएलसी सीटों पर कब्जा किया था। भाजपा से विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह, अशोक कटारिया, निर्मला पासवान, बुक्कल नवाब, मोहसिन रजा, विद्या सागर सोनकर, डा. सरोजनी अग्रवाल, अशोक धवन और यशवंत एमएलसी बने थे। जबकि एक सीट सहयोगी अपना दल (एस) के आशीष पटेल को मिली। इस बार भाजपा सात और सहयोगी तीन सीटें ले रहे हैं। सपा एक सीट से बढ़कर तीन पर पहुंच जाएगी। बसपा इकलौते एमएलसी भीमराव आंबेडकर की सीट गवां देगी। उसके लिए एक मात्र विधायक होने से 29 वोटों का आंकड़ा सपना सरीखा है।

## त्योहारों के पहले दंगा कराता था विपक्ष : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर, जौनपुर और चंदौली में शनिवार को कहा कि विपक्षी दल अपनी सरकार में भक्तों पर लाठियां चलवाता था। पर्व-त्योहार के पहले दंगा भी कराता था। केंद्र व राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार न होती तो राम मंदिर नहीं बन पाता। उन्होंने लोगों को 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार का संकल्प दिलाया।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गोरखपुर में 10 एकड़ में 55 करोड़ से एनसीसी ग्रुप मुख्यालय ट्रेनिंग एकेडमी का शिलान्यास, जौनपुर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण, सड़क, पेयजल के साथ समग्र विकास से जुड़ी 899 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं और चंदौली के रामपुर मचिया में 743 करोड़ की 78 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे।



जौनपुर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का मुख्यमंत्री योगी ने किया अनावरण।

- **मुख्यमंत्री ने गोरखपुर, जौनपुर व चंदौली में विपक्ष पर बोला हमला**
- **अरबों रुपये की योजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण**

योगी ने कहा कि 2014 से पहले देश में अंधकार युग का वातारण था। चारों तरफ अविश्वास का माहौल था, भारतीयों का गिरता हुआ सम्मान, घोटालों की लंबी श्रृंखला, अराजकता, नक्सलवाद और उग्रवाद भारत की नियति बन चुकी थी। लेकिन आज एक नया भारत है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए लोगों से सवाल पूछा कि केंद्र व राज्य में यदि डबल इंजन सरकार न होती तो क्या राम मंदिर बन पाता। यह लोग लाठी-डंडा बरसाते थे। क्या काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन पाता, यह लोग जलाभिषेक पर रोक लगाते थे। भारत में पर्व-त्योहारों के पहले दंगे कराते थे। आज सरकार शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के लिए प्रोत्साहित व सहयोग करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जय श्रीराम का नारा लगाने पर लाठियां बरसती थीं। अब दुनिया अयोध्या धाम दर्शन करने पधार रही है। मोदी की गारंटी वेलफेयर स्कीम के माध्यम से हर तबके को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और आजीविका की गारंटी दी जा रही है।

## खत्म करेंगे आरक्षण में 50 फीसदी की सीमा : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **इससे मिलेगा गरीबों को उचित हक और हिस्सेदारी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ 'आर्थिक मैपिंग' कराई जाएगी जिसके आधार पर आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन हैं? कितने हैं और किस स्थिति में हैं? क्या इन सभी की गिनती जरूरी नहीं? उन्होंने कहा कि बिहार में हुई जातिगत गिनती से पता चला कि गरीब आबादी के 88 प्रतिशत लोग दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज से आते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार से आए आंकड़े देश की असली तस्वीर की एक छोटी सी झलक मात्र हैं, हमें अंदाजा तक नहीं है कि देश की गरीब आबादी किस हाल में जी रही है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हम दो ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहे हैं- जातिगत गिनती व आर्थिक मैपिंग।

## ऐतिहासिक होगा साल का पहला सूर्यग्रहण

नैनीताल कार्यालय

- **इस खगोलीय घटना में धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स भी शामिल होगा**

**अमृत विचार** : आठ अप्रैल को होने जा रहा वर्ष का पहला सूर्यग्रहण अद्भुत और ऐतिहासिक होगा। इसकी वजह धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स है, जो इस खगोलीय घटना में शामिल होगा। इससे भी बड़ी बात ये है कि शुक्र व बृहस्पति ग्रह के भी इस दौरान दर्शन होंगे। यह पूर्ण सूर्यग्रहण होगा।

पूर्ण ग्रहण के दौरान कुछ पल का अंधेरा रात होने का एहसास कराने वाला होगा। जिसके चलते उस दौरान हमारे नभमंडल में मौजूद ग्रहों को देखे जाने का दुर्लभ समय होगा और धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स आसमान में उड़ता हुआ नजर आएगा। दरअसल धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स हर 71 साल में एक बार हमारे सौरमंडल के आंतरिक हिस्से में दौरा करता है। सौभाग्य से इस दौरान वह पृथ्वी के करीब होगा। लिहाजा इसे दिन के समय देख पाना दुर्लभ होगा। धूम केतुओं पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों की नजर इस पर होगी। साथ ही एस्ट्रोफोटोग्राफर भी इन लम्हों से कतई वंचित नहीं रहना चाहेंगे।

**जल संरक्षण में रचा इतिहास** | नहर और नदियों को जोड़ने के प्रोजेक्ट को मिला मुकाम, शासन में हो रही प्रशंसा

## तीन महीने में बचाया 868 .15 मिलियन लीटर पानी

गजेंद्र चौहान, कासगंज

**अमृत विचार** : पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश ही नहीं देश में भी परचम लहरा चुका कासगंज अब जल संरक्षण के क्षेत्र में भी नई इबारत लिख रहा है। यहां किसानों के सहयोग से डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने ऐसा कार्य कर दिखाया जो अभूतपूर्व है। नहर और नदियों का मिलान खेतों से कर दिया। नए रास्ते बना दिए और फिर खेतों से अनुपयोगी पानी फिर से नहर-नदियों में भेज दिया। तीन महीने में 868.15 मिलियन लीटर पानी बचा लिया। लाखों लीटर पानी काली नदी में छोड़ने से जल संरक्षण हुआ है। देश भर में इसकी चर्चा हो रही है। अधिकारी इस प्रोजेक्ट को उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू करने जा रहे हैं।



- **जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के प्रयासों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सराहा**

कासगंज में नहर और नदियों का जाल बिछा हुआ है। यहां सिंचाई के पर्याप्त साधन हैं, लेकिन किसान नहर नदियों से सिंचाई का अनुचित फायदा ले रहे थे। वह अनजाने में जरूरत से ज्यादा पानी फसलों में लगा रहे थे, जिससे जल का दोहन हो रहा था और फसलों को भी खास फायदा नहीं हो रहा था। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड) दिल्ली के अधिकारियों ने नहर और नदी क्षेत्र का सर्वे किया, लगभग दो साल पहले उन्होंने पाया कि कासगंज में जल संरक्षण की तमाम संभावना हैं, लेकिन जागरूकता का अभाव है।

> जल संरक्षण के लिए विशेष मुहिम छेड़ी गई, किसानों को जागरूक कर तीन महीने में 868 .15 लीटर मिलियन पानी बचाया गया। इसकी रिपोर्ट डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने दी। अब प्रदेश में नहर और नदियों से जुड़े अन्य जिलों में भी इस मॉडल को लागू करने का प्रयास किया जा रहा। वैसे और कई जिलों में काम चल रहा है। - **नितिन कौशल**, निदेशक, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ दिल्ली

> हमने जांच में पाया कि काली नदी में ऑक्सीजन का लेवल संतुलित हो रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है कि खेतों में प्रयोग से बचा पानी काली नदी में गिर रहा है। यह प्रयास सराहनीय है। उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। - **केके शर्मा**, टेक्नीशियन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अलीगढ़



## एक नजर

### संदेशखालि को लेकर सरकार पूरी तरह नाकाम : चंद्रशेखर

अमृत विचार, लखनऊ : संदेशखालि (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं, बच्चों एवं कुछ परिवारों पर अमानवीय अत्याचार एवं हिंसा हो रही है। इसे रोकने पर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। राजनीति व धार्मिक कारणों से प्रेरित ये कृत्य पुलिस प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है। यह जानकारी अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने सदर स्थित एक होटल में आयोजित महासभा की बैठक में दी। बैठक में लखनऊ जिला अध्यक्ष विशाल कनौजिया, धनंजय सिंह, मनोज कुमार,अरविंद नाथ गुप्ता,किशन, मुकेश, ओम प्रकाश सिंह, अमर, श्याम मलहोत्रा ,विनोद मलहोत्रा, वंसराज यादव , सुनील यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 1,040 गरीबों को मिलेगी लाइट हाउस प्रोजेक्ट की सौगात

## प्रधानमंत्री 10 लाभार्थियों को सौंपेंगे सपनों के घर की चाबी, आजमगढ़ से करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 1040 गरीबों को लाइट हाउस प्रोजेक्ट की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री आजमगढ़ में कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल तरीके से प्रोजेक्ट का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 10 लाभार्थियों को सपनों के घर की चाबी सौंपेंगे।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चेलेंज इंडिया के तहत आवास विकास की अवध विहार योजना के सेक्टर पांच में इन मकानों का निर्माण कराया है। 14 मंजिला इस इमारत में नवीन 'स्टे इन प्लेस फार्मवर्क' तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस तकनीक से बने मकान टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल एवं आपदारोधी होते हैं। प्रधानमंत्री ने 1 जनवरी 2021 को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया था। परियोजना की कुल निर्माण लागत 130.90 करोड़ रुपये है।



- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत अवध विहार योजना में बनाए गए 1040 मकान
- देश में छह जगहों पर बनाए गए हैं अलग-अलग तकनीक पर लाइट हाउस प्रोजेक्ट

### लाभार्थियों को देने होंगे 5.26 लाख रुपये

एक आवास की लागत 12 .59 लाख रुपये है। लेकिन लाभार्थियों को 5 .26 लाख रुपये देने होंगे। परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने केंद्रांश 1 .50 लाख रुपये के अलावा टीआईजी के रूप में 4 लाख रुपये दिए हैं। राज्य सरकार ने एक लाख रुपये और टीआईजी के रूप में 1 .33 लाख रुपये दिए हैं। परियोजना में कुल 7 .83 लाख रुपये अनुदान दिया गया है।

**34.50 वर्गमीटर क्षेत्रफल के हैं 1040 फ्लैट** : लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 34.50 वर्गमीटर कारपेट एरिया के कुल 1040 भवन बनाये गए हैं। परियोजना में आवास के साथ-साथ कम्युनिटी- कॉमर्शियल सेंटर, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), पेयजल, ड्रेजने, आंतरिक सड़कें, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, सोलर लाइट, खुला हरित क्षेत्र, पार्किंग आदि सुविधाएं दी गयी हैं।

**नई तकनीक पर इन शहरों में बनाये गए हैं मकान** : उत्तर प्रदेश सहित देश के छह राज्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाइट हाउस प्रोजेक्ट तैयार किये गए हैं। लखनऊ के अलावा, चेन्नई, राजकोट, रांची, त्रिपुरा और इंदौर में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत गरीबों के लिए आवास बनाये गए हैं।


# अकेले लड़ेंगे चुनाव : मायावती



- बसपा प्रमुख ने तीसरे मोर्चे और गठबंधन करने की अटकलों पर लगाया विराम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी के इंडिया गठबंधन में शामिल होने अथवा कोई तीसरा मोर्चा बनाने की चर्चाओं के बीच बसपा प्रमुख मायावती ने स्थिति स्पष्ट की है। बसपा प्रमुख ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया पोस्ट करते हुए इन दोनों संभावनाओं से इंकार किया है। मायावती ने अपनी पोस्ट में शनिवार को लिखा कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना गलत है। उन्होंने सुझाव दिया कि मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए। मायावती के मुताबिक, ऐसी अफवाहों से लोग भी सावधान रहें। ख़ासकर उप्र. में बसपा की काफी मजबूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। किन्तु बहुजन समाज के हित में बीएसपी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है। पहले भी मायावती ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह स्पष्ट किया था कि बसपा लोकसभा का चुनाव अकेले ही लड़ेगी और वह किसी भी दल के साथ गठबंधन में शामिल नहीं होंगी।



वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ में पूजा की, इसके बाद उन्होंने और मुख्यमंत्री योगी ने शिव के त्रिशूल का आशीर्वाद भी लिया।

# अपनी काशी पहुंचे प्रधानमंत्री का जगह-जगह हुआ स्वागत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा से उम्मीदवार बनाए जाने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 'अपनी काशी' पहुंचे। शाम सात बजे लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका भव्य स्वागत किया।

एयरपोर्ट से काशी विश्वनाथ धाम व बीएलडब्लू तक 28 किलोमीटर की सड़क यात्रा में काशी वासियों ने 38 स्थानों पर पीएम का अभूतपूर्व स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर गए, यहां उन्होंने विधिवत दर्शन पूजन किया।

**प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं का किया अभिवादन** : भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपने सांसद और प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए जबरदस्त तैयारी की थी। प्रधानमंत्री ने भी अपने संसदीय क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। प्रधानमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन करने के बाद सीधे बीएलडब्लू पहुंचे। यहां रात्रि विश्राम के बाद प्रधानमंत्री रविवार की सुबह आज़मगढ़ के लिए रवाना होंगे। आज़मगढ़ में विकास परियोजना की सौगात देने के साथ ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

### 15 दिन में दूसरी बार काशी पहुंचे मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 दिन में दूसरी बार वाराणसी पहुंचे। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचने पर प्रधानमंत्री का सड़क के दोनों ओर खड़े काशी वासियों ने अपने अंदाज में जबरदस्त स्वागत किया। एयरपोर्ट से निकलते ही ढोल -नगाड़ो के साथ ही पुष्प वर्षा की गई और हर-हर महादेव के उद्घोष से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। श्री काशी विश्वनाथ धाम के रस्ते में प्रधानमंत्री के स्वागत में काशीवासियों ने शंखनाद, डमरुवादन और घण्टा घड़ियाल बजाए।

## एडीजी ने लोकसभा चुनाव को लेकर दिया निर्देश

अमृत विचार, लखनऊ : अपर पुलिस महनिदेशक (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के गुर बताते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। एडीजी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के सभी कमिश्नरेट और जिले के अफसरों कानून-व्यवस्था की बाबत चर्चा की। उन्होंने चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था, सीमाई क्षेत्रों में चेकपोस्ट स्थापित कर चेकिंग, मतदान केंद्रों . स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्रों की सुरक्षा की बाबत जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने माफिया-अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई अवैध असलहे एवं मादक पदार्थों की बरामदगी को लेकर भी ताकीद किया।

# सालभर में 2.74 लाख गर्भवती महिलाओं को मिला 111.61 करोड़

- राज्य सरकार ने प्रदेश में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को किया प्रभावी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रदेश सरकार ने सालभर के भीतर 2.74 लाख गर्भवती महिलाओं को 111.61 करोड़ रुपये दिए गए।

योजना का कियान्वयन स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य परिवार नियोजन अभिनवीकरण सेवा एजेंसी (सिफ्सा) के माध्यम से वर्ष 2017 से किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा पीएमएमवीवाई 2.0 का संचालन अप्रैल 2022 से मिशन शक्ति के अन्तर्गत उपयोजना सामर्थ्य के माध्यम से किए जाने का निर्णय लिया गया है। योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों की सुगमता व प्रभावी संचालन के लिए आंशिक बदलाव भी किया गया है। योजना के तहत प्रथम चरण में महिलाओं को प्रथम शिशु के लिए तीन किस्तों में 5 हजार रुपए, जबकि दूसरे चरण में प्रथम शिशु के लिए दो किस्तों में 5 हजार रुपए और द्वितीय शिशु (बालिका) के लिए 6 हजार रुपए समेत कुल 11 हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। प्रदेश में प्रथम चरण में 2017-2023 तक 47.53 लाख लाभार्थियों को 2534.11 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। इसके तहत द्वितीय चरण में अप्रैल 2023 से अब तक 2.74 लाख लाभार्थियों को 111.61 करोड़ से ज्यादा की राशि प्रदान की जा चुकी है।


उत्तर प्रदेश सरकार





विकसित भारत
विकसित उत्तर प्रदेश

₹34,700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास










आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ एयरपोर्ट तथा चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण
(लागत : ₹3,628 करोड़)

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ का लोकार्पण
(लागत : ₹108 करोड़)

₹11,500 करोड़ की 5 एनएच परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास
• एनएच-11 (पैकेज-2) के किमी 39.24 से किमी 86.59 तक मेरठ-नजीबाबाद खंड • एनएच-24 बी/एनएच-30 के रायबरेली-प्रयागराज खंड का 4 लेन चौड़ीकरण • एनएच-24 को एनएच-87 से जोड़ने के लिए 4-लेन वेस्टर्न स्पर रामपुर-रुद्रपुर खंड बाईपास • एनएच-2 का चकेरी से प्रयागराज खंड का 6 लेन चौड़ीकरण • एनएच-709 एडी के पैकेज-1 के पानीपत से शामली तक का 4 लेन चौड़ीकरण

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत
59 जनपदों में ₹3,700 करोड़ से 744 सड़कों (5,342 किमी) का लोकार्पण

₹8,200 करोड़ की 12 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास
• फरिहा-आजमगढ़-सठियांव खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • इन्दारा-फेफना-बुढ़वल खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • रोजा-सीतापुर कैंट-बुढ़वल खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बनारस-झूसी खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बलिया-बकुल्हा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • भटनी-पिवकोल बाईपास लाइन • भांडई-इटावा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बरहन-एटा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • शिकोहाबाद-मैनपुरी एवं इटावा-मैनपुरी-फर्रुखाबाद खंड का विद्युतीकरण • बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड खंड का आमान परिवर्तन • गंगा नदी पर रेल पुल सहित गाजीपुर सिटी एवं गाजीपुर घाट से तारीघाट नई बड़ी लाइन • गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर जंक्शन के मध्य रेल सेवा

नमामि गंगे के अंतर्गत ₹1,114 करोड़ की 3 सीवरेज परियोजनाओं का उद्घाटन
• प्रयागराज के झूसी में 16 एमएलडी, फाफामऊ में 14 एमएलडी एवं नैनी में 42 एमएलडी के एसटीपी प्लांट का अवरोधन, मरम्मत एवं दिशा परिवर्तन कार्य • जौनपुर में 30 एमएलडी के एसटीपी का अवरोधन एवं दिशा परिवर्तन कार्य • इटावा में 45 एमएलडी क्षमता प्लांट के सीवर परियोजना का अवरोधन एवं दिशा परिवर्तन कार्य

लाइट हाउस परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में 1,040 फ्लैट का लोकार्पण
(लागत : ₹131 करोड़, क्षेत्रफल : 47,827 वर्गमीटर, 13 मंजिला, 4 टावर)

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, मंत्री, भारत सरकार
केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | भूपेन्द्र सिंह चौधरी, सदस्य, विधान परिषद
सूर्य प्रताप शाही, मंत्री, उत्तर प्रदेश | ए.के. शर्मा, मंत्री, उत्तर प्रदेश | योगेन्द्र उपाध्याय, मंत्री, उत्तर प्रदेश | ओम प्रकाश राजभर, मंत्री, उत्तर प्रदेश | दारा सिंह चौहान, मंत्री, उत्तर प्रदेश | दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', सांसद, आजमगढ़
यशवंत सिंह, सदस्य, विधान परिषद | विजय बहादुर पाठक, सदस्य, विधान परिषद | विक्रांत सिंह 'रिशु', सदस्य, विधान परिषद | ध्रुव कुमार त्रिपाठी, सदस्य, विधान परिषद | रामसूरत राजभर, सदस्य, विधान परिषद

विकास के एक्सप्रेसवे पर ग्रामीण क्षेत्र एवं छोटे शहर
• एयर, रेल एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क से विकास की तेज रफ्तार • पक्की ग्रामीण सड़कें बनीं किसानों की समृद्धि का आधार
• बीपीएल परिवारों को किफायती आवास से गरिमापूर्ण जीवन • आजमगढ़ मंडल में स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा से विकास में भागीदार बने युवा

दिनांक : 10 मार्च, 2024 | समय : पूर्वाह्न 10:30 बजे | स्थान : मंदुरी एयरपोर्ट परिसर, आजमगढ़

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### छप्पर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जला

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना रामनगर इलाके के कन्दरवल खुर्द गांव में शनिवार दोपहर अबरार के छप्पर नुमा घर मे अचानक आग लग गई। आग से गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय परिवार खेत मे आलू खोदने गया था।लेकिन आग लगने का कारण नही पता चल सका।आग से करीब 50 हजार रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### पुलिस ने 36 आरोपियों को किया पाबंद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस के अभियान में विभिन्न थाना क्षेत्र में एक वारंटी और सात वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 36 आरोपियों को शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

### तमंचे के साथ दबोचा गया शातिर बदमाश

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा कोतवाली पुलिस की टीम ने शनिवार को तमंचे के साथ पवैय्याबाद निवासी सियाराम को दबोचा। आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया गया।

# दुर्घटनाओं में तीन युवकों की मौत

## रामनगर व रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में हुईं दुर्घटनाएं, एक की हालत गंभीर




कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में हुईं सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवकों की मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संबंधित थानों की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

रामनगर थाना क्षेत्र में पहला हादसा शुक्रवार की देर शाम को हुआ। इसमें महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने आए श्रद्धालु को तेज रफ्तार बस ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार को मसौली थाने के पहलीपार गांव निवासी श्याम (36) पुत्र प्रताप महादेवा मंदिर में जलाभिषेक करने आया था। लौटते समय लखनऊ-बहराइच हाइवे मार्ग पर नचना गांव के समीप तेज रफ्तार बस ने उसे रौंद दिया। लोगों ने उसे सीएचसी रामनगर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दूसरा हादसा शनिवार की सुबह इसी थाना क्षेत्र में हुआ। मौरंग लदे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार छात्र को रौंद दिया। हादसे में मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के हलबलपुर मजरे बैरानामऊ निवासी सूरज (23) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक व खलासी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक प्राइवेट नौकरी कर बीकाम की पढ़ाई कर रहा था।

प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पाण्डेय ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। छात्र के परिजनों ने बताया कि वह लखनऊ में प्राइवेट जॉब कर बीकॉम की तैयारी करता था। वह ड्यूटी पर जा रहा था। इस दौरान यह हादसा हुआ है।

उधर, रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे का इलाज किया जा रहा है। दरियाबाद थाना क्षेत्र के जेठौती राजपूतान निवासी विनीत (24) रामसनेहीघाट कोतवाली के मिर्जापुर मजरे मुरारपुर निवासी अमरेश यादव के साथ नई बाइक की पार्टी करने के लिए दरियाबाद से भिटरिया जा रहे थे। इसी दौरान गोकुला गांव के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए।

विनीत और अमरेश को सीएचसी मथुरानगर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर दशा में अमरेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। वहीं घायल विनीत का इलाज जारी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दीवान व सिपाही घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** ड्यूटी के लिए निकले बाइक सवार दीवान व सिपाही तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल हो गए। वहीं हादसे के बाद डिवाइडर से टकराई कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसकी सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने घायल पुलिस कर्मियों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। हादसा शनिवार की शाम लखनऊ-सुलतानपुर हाईवे पर गोसूपुर गांव के समीप हुआ। कोतवाली से अपने हल्के में ड्यूटी के लिए बाइक से जा रहे दीवान रमेश मौर्य और सिपाही शुभम अवस्थी की बाइक को एक तेज रफ्तार कार टक्कर मारने के बाद डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में दीवान व सिपाही घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान अनुज द्विवेदी ने घायल पुलिस कर्मियों को सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं दुर्घटना की सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी घायल पुलिसकर्मियों का हालचाल लेने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

# मामला सुलझाने की बजाय बहस कर उलझाने वालों पर केस

## थाना समाधान दिवस

**अमृत विचार :** देवा कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में नाला निर्माण न होने से जलभराव की समास्या के मामले में दोनो पक्ष मामले को सुलझाने की बजाय अधिकारियों के सामने ही बहस करने लगे। इस पर डीएम- एसपी का पारा चढ़ गया। उन्होंने दोनों पक्षों पर केस दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं मातहतों को शीघ्र ही विवाद का निस्तारण कर रिपोर्ट देने को कहा।

शनिवार को सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 109 प्रार्थना-पत्र थानों में आए। इनमें से 47 का मौके पर तथा 14 का घटनास्थल पर जाकर निस्तारण किया गया। देवा कोतवाली में डीएम सत्येंद्र कुमार और एसपी दिनेश कुमार सिंह की मौजूदगी में 11 शिकायती पत्रों में से छह का निस्तारण किया गया। यहां पर पीरनगर के राम विकास ने नाला निर्माण न होने से जल भराव की समस्या होने की शिकायत की। इसी दौरान दूसरे पक्ष के रामचरण, महेश और अरविंद ने अपना पक्ष रखना शुरू किया तो दोनों आपस में उलझ गए। बहस देख डीएम- एसपी सख्त हुए तो केस दर्ज कर दोनों पक्षों के लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं बबुरी में अवैध कब्जे की शिकायत पर भूमि की पैमाइश करने गई राजस्व टीम के साथ महिलाओं द्वारा की गई अभद्रता की शिकायत लेखपाल ने की। इस पर एसपी ने मित्तई चौकी प्रभारी अखिलेश प्रजापति को मामले की रिपोर्ट न देने पर फटकार लगाई। माती क्षेत्र में भूमि विवाद की पैमाइश करने के निर्देश डीएम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। डीएम ने दीवार तोड़ने वालों पर केस दर्ज कराने के निर्देश भी दिए। इसके बाद डीएम एसपी ने देवा कोतवाली का निरीक्षण प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय के साथ किया। सिरौलीगौसपुर में एसडीएम आनंद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां पर आए चार मामलों में दो का निस्तारण कराया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार, राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार, हिमांशू वर्मा, आशुतोष वर्मा, सन्दीप कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। फतेहपुर कोतवाली में सीओ डा. बीनू सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।



देवा थाने में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

# चौकीदार पर गिरी पेड़ की डाल, मौत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में एक चाय की दुकान की रखवाली कर रहे चौकीदार पर शनिवार रात एक पेड़ की डाल गिर गयी। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने से उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के नगर पंचायत रामसनेहीघाट के सुमेरगंज के यादव मार्केट में शर्मा लाल यादव (55) धरौली निवासी अपने भांजे के चाय दुकान पर रहकर जीवन बसर करता था। शनिवार की रात होटल की रखवाली करने के दौरान वह सो रहा था। तभी तेज हवा चलने पर पुराने पकड़िया के पेड़ की एक डाल टूट कर सो रहे अधेड़ पर पर गिरी जिससे अधेड़ घायल हो गया। इस घटना के बाद रात को ही धरौली के ही पुनीत यादव टहलने के लिये निकले थे तो पेड़ की डाल दुकान पर गिरी देख होटल मालिक को सूचना दी। अधेड़ के परिजन और भांजे ने मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से डाल हटवायी और घायल को सीएचसी लेकर गए जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



चाय की दुकान पर गिरी हुई पेड़ की डाल। अमृत विचार

# पुलिस ने भटके विक्षिप्त व्यक्ति को परिजनों से मिलाया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रास्ता भटक कर रायबरेली से बाराबंकी पहुंचे विक्षिप्त व्यक्ति को जैदपुर पुलिस ने सी प्लान एप के जरिए परिजनों ने सम्पर्क कर मिलाया। जैदपुर पुलिस की पीआरवी को शनिवार को विक्षिप्त व्यक्ति मिला। रायबरेली के रहने वाले इस व्यक्ति को थाने लाकर पुलिस ने सी प्लान एप के माध्यम से थाना क्षेत्र के संभ्रांतजनों से संपर्क कर उसके परिवारवालों के बारे में जानकारी ली। बताया जाता है कि लगभग एक सप्ताह पहले वह रास्ता भटककर बाराबंकी पहुंच गया था। उसे घरवाले तलाश रहे थे। यहां आए उसके भाई को उसे सुपुर्द किया गया।

# अयोध्या जा रहे पश्चिम बंगाल के युवक की मौत

हैदरगढ़,बाराबंकी

## हादसा

- दिल्ली से साथी के साथ बाइक से जा रहा था दर्शन करने

**अमृत विचार :** रामलला के दर्शन को दिल्ली से आ रहे पश्चिम बंगाल के दो युवक पूर्वांचल एक्सप्रेस पर हादसे में घायल हो गए। इसमें सक एक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरे को गंभीर दशा में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया।

शनिवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी गोविंद मंडल (30) अपने साथी कोलकाता के बोसपुर निवासी किंगधर (28) के साथ दिल्ली से बाइक से पूर्वांचल एक्सप्रेस के रास्ते रामलला के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान शनिवार की दोपहर तीन बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 39.4 किमी पर कोतवाली क्षेत्र के बम्हरौली गांव के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में किंगधर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायल गोविंद की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### नारी शक्ति फिटनेस रन में मरियम अव्वल



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में शनिवार को नारी शक्ति फिटनेस रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । हरख ब्लॉक के कृषक बाल विद्या इंटर कालेज उधवापुर हरख में आयोजित इस प्रतियोगिता का प्रधानाचार्य संदीप वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया। प्रतियोगिता के दौरान बालिका वर्ग में मरियम प्रथम, द्वितीय स्थान रोशनी व तृतीय स्थान शिवानी वर्मा ने प्राप्त किया। विजेता बालिकाओं को प्रधानाचार्य ने टी शर्ट एवं कैप देकर सम्मानित करते हुए उन्होंने उनका उत्साह वर्धन किया। नेहरू युवा केंद्र के सचिन श्रीवास्तव ने कहा कि नारी शक्ति देश का गर्व है। जब महिलाएं उठेंगी, तब ही देश उठेगा। नारी प्रतिकूल परिस्थितियों में, ख़ुद को ढालकर आगे बढ़ जाती है। इस अवसर पर देश की नारी शक्ति कार्यक्रम में संजीत कुमार एवं प्रवेश कुमार अध्यापक, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक सचिन श्रीवास्तव, सुरजीत सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में युवा साथी एवं महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं।

### स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे



स्मार्टफोन पाने वाले छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामखेलावन महाविद्यालय शेषपुर असंद्रा में शनिवार को आयोजित एक समारोह में छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। फोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गए । शनिवार को कालेज में आयोजित समारोह में प्रबंधक डॉ. आलोक पांडेय ने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन छात्रों की पढ़ाई में काफी उपयोगी साबित होगा। समारोह में कुल 186 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन की सौगात मिली। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. ऊधम सिंह, डॉ. विनोद कुमार शुक्ल, डॉ. राजेशमणि त्रिपाठी और डॉ. इंद्रकुमार त्रिपाठी समेत कालेज के सभी शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे ।

### तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दे रही सरकार: बैजनाथ

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम्यांचल सेवा समिति द्वारा संचालित ग्राम्यांचल विधि महाविद्यालय में शनिवार को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत 414 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन एवं एसएनए इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के 48 छात्र-छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बैजनाथ रावत ने कहा कि हमारी सरकार तकनीकी शिक्षा को बढावा देने का काम कर रही है। उन्होने युवाओं का आह्वान किया वे स्मार्टफोन का सदुपयोग करके प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने का काम करें। इस अवसर पर ग्राम्यांचल सेवा समिति के निदेशक शरद अवस्थी, महासचिव आशुतोष अवस्थी एवं विधि महाविद्यालय के प्रबन्धक जगदीश प्रसाद शर्मा, सह प्रबन्धक श्रुति तिवारी, दिनेश शुक्ला, प्राचार्य अजय कुमार तिवारी, समस्त प्रवक्तागण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुआल में लगी आग, हजारों का नुकसान

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के दयारामपुर गांव में किसान ज्वाला प्रसाद के इंजन के पास रखे धान के पुआल में अज्ञात कारणों से शनिवार को अचानक आग लग गयी। इस घटना में हजारों का पुआल जलकर राख हो गया। संकरी जगह होने के कारण दमकल आग वाली स्थान नहीं पहुंच पाई। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई गई।



आग बुझाते दमकलकर्मी।

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

जहांगीराबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विवाहिता का शव घर के अंदर रखे टिनशेड में शुक्रवार की शाम को लटकता मिला। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

घटना जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के पलिया मसूदपुर गांव की है। यहां के निवासी मंगल का विवाह आठ माह पहले अयोध्या के रामजानकी नगर निवासी रामअचल की बेटी शिवानी के साथ हुआ था। मंगल गोविंद फैक्ट्री में मजदूरी करता है। रोज की तरह मंगल शुक्रवार को मजदूरी करने चला गया। घर में पत्नी शिवानी थी। वापस लौटने पर देखा तो शिवानी का शव घर में रखे टिनशेड में फंदे से लटका था। सूचना पर पहुंची पुलिस को ससुर रमेश ने बताया कि बहू शिवानी मानसिक रूप से बीमार थी। उसने फंदे से लटककर जान दे दी है। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि विवाहिता की मौत का मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध लग रहा है। मायके वालों को सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम पोर्टल पर की खेल मैदान पर अवैध कब्जे की शिकायत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार:** ब्लॉक बनीकोडर के ग्राम पंचायत गैरिया में ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित खेल मैदान में अतिक्रमण और कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंगठन के जिलाध्यक्ष सूर्य प्रकाश शुक्ला ने की है । उन्होंने अतिक्रमणकर्ताओं पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। शुक्ला ने पोर्टल पर शिकायत करते हुए यह भी बताया कि बर्तमान में बिना-नापजोख के ही खेलकूद के मैदान का समतलीकरण और मेड़बंदी का कार्य करवाया जा रहा है।

# दूसरे के नाम कर दिया भूमि का बैनामा

सतरिख, बाराबंकी

## जालसाजी

- किसान ने एग्रीमेंट के नाम पर लिये थे साढ़े चार लाख रुपये
- पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मुकदमा

**अमृत विचार :** किसान ने एग्रीमेन्ट के बाद साढ़े चार लाख रुपये ले लिए लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी जमीन का बैनामा नहीं किया। जिस जमीन का एग्रीमेंट किया था उसी जमीन को किसी अन्य को बैनामा कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की ओर से तहरीर मिलने पर क्रेता-विक्रेता और गवाहों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज़ किया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

लखनऊ जिले के इस्माइलगंज चिनहट निवासी अभिषेक सिंह चौहान व गोमती नगर के निवासी नीरज कुमार शुक्ला ने सतरिख थाना क्षेत्र के कमरपुर गांव में स्थित करीब पांच बीघा जमीन दो वर्ष पूर्व कमरपुर गांव के ही किसान सुन्दरलाल से साढ़े चार लाख रुपए देकर एग्रीमेन्ट कराया था।

पीड़ित बैनामा कराने के लिए किसान से लगातार कह रहे थे लेकिन किसान बैनामा कराने में आनाकानी कर रहा था और उल्टे ही पीड़ितों को जान से मारने की धमकी के साथ ही किसी मुकदमे में फ़ंसाने की धमकी दे रहा था। बाद में पीड़ितों को जानकारी हुई कि लखनऊ जिले की ही गोमती नगर निवासी किरन बेदी के नाम से किसान ने जमीन का बैनामा कर दिया है। तब पीड़ितों ने किसान को दिए गए साढ़े चार लाख रुपये वापस मांगने शुरू किये लेकिन रुपए वापस नहीं किए जा रहे थे। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने विक्रेता किसान सुन्दर लाल, गवाह विनोद कुमार, जगदीश कुमार, विक्रेता किरन बेदी के खिलाफ धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज़ किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि मामले में चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## बढ़ाया हौसला

### ब्लाक रिसोर्स सेंटर देवा में हमारा आंगन हमारा बच्चे कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले बच्चे सम्मानित

देवा ,बाराबंकी

**अमृत विचार :** ब्लॉक रिसोर्स सेंटर देवा के प्रांगण में शनिवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षको ने अधिगम सामग्री का प्रदर्शन किया।

बीईओ राम नारायण ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर ही बच्चों को उनकी आयु के अनुसार दक्ष बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शिक्षक व विद्यालय प्रबंध समिति के जिम्मेदार सदस्यों को इस दिशा में सार्थक पहल करना सुनिश्चित करना होगा। एआरपी कमलेश कुमार वर्मा ने 3 से 9 वर्ष के बच्चों के शारीरिक विकास के महत्व पर प्रकाश डाला । एआरपी मनोज कुमार अभिभावकों को पूर्व प्राथमिक एवं बुनियादी शिक्षा में उनकी एवं घर की भूमिका से अवगत कराया। संयोजक शिक्षक विजय प्रताप सिंह ने बीईओ को पौधा भेंट किया। सम्मान पाने वाले शिक्षकों-शिक्षिकाओं में मंजू वर्मा विवेक कुमार, ओम प्रकाश, कंचन गुप्ता, सोनम सोनी, अंजना मिश्रा, प्रदीप मिश्रा शिक्षक आदि शामिल थे। वरिष्ठ शिक्षिका चंद्रप्रभा, सीबी सिंह, नीरज कुमार ,वंदना श्रीवास्तव, भावना, प्रीति मौर्या, वीरेश कुमार, विकास वर्मा आदि उपस्थित रहे।




अतिथि को पौधा भेंट करते आयोजक। अमृत विचार

# लेखपाल से अभद्रता मामले की जांच शुरू

सिद्धौर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के सादुल्लापुर की महिला लेखपाल से फोन पर अभद्रता के मामले में शनिवार को युवक के विरुद्ध हुई शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

हैदरगढ़ तहसील क्षेत्र की सादुल्लापुर लेखपाल जूही सिंह ने बताया कि बीती 3 मार्च को उनके फोन पर अज्ञात नंबर से कॉल आई रिसीव करते ही युवक अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने लगा। इसका विरोध करने पर उसने आग बबूला होकर जान से मारने धमकी दी। इसकी शिकायत पर इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने जांच शुरू की है। उन्होंने बताया कि प्रदीप कुमार पुत्र बजरंग निवासी सराय मोहिउद्दीन मजरे सुहावां का नाम उजागर हुआ है। तहरीर मिलने पर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज होगा। उसकी तलाश में संभावित ठिकानों दबिश दी जा रही है। इस घटना से से राजस्वकर्मियों में आक्रोश व्याप्त है। आरोपी युवक पर कार्रवाई न होने पर उन्होंने राजस्व कार्यों का बहिष्कार कर धरना देने के संकेत दिए हैं। लेखपाल ने बताया उक्त नंबर को ब्लैक लिस्ट करने पर अन्य नंबरों से उन्हें धमकी दी जा रही है।

## एक नजर

### डीएम ने ईवीएम, वीवीपैट गोदाम का किया निरीक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ जनपद के विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित ईवीएम, वीवीपैट गोदाम का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिये।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मारपीट, दुष्कर्म और धमकी के मामले में फरार चल रहे एससीएसटी एक्ट के आरोपी इब्राहिमपुर निवासी अंकुर शर्मा को सतरिख पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया।

### 30 लीटर शराब के साथ तीन आरोपी पकड़े गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थानों की पुलिस ने 30 लीटर शराब के साथ तीन आरोपियों को दबोचा। नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को दक्षिण टोला बंकी निवासी सोनू यादव, देवा कोतवाली पुलिस ने मामापुर निवासी भानू यादव और सुबेहा पुलिस ने बक्शी का पुरवा मजरे शहरी निवासी मिन्ना को 10-10 लीटर शराब के साथ पकड़ा।

### पुलिस ने जुआ खेल रहे दो आरोपियों को दबोचा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे सलमान व फैयाज को सुबेहा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 450 रुपये बरामद किये।

# लोधेश्वर महादेवा में रातभर चला जलाभिषेक का सिलसिला

## विभिन्न स्थानों पर महाशिवरात्रि की देर रात श्रद्धालुओं द्वारा निकाली गयी शिव बरात, शिव जागरण में कलाकारों ने खेली फूलों की होली

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** गुरुवार की आधी रात के बाद से लोधेश्वर महादेवा में शुरू हुआ जलाभिषेक का क्रम शुक्रवार की पूरी रात चलता रहा। विभिन्न स्थानों पर देर शाम श्रद्धालुओं द्वारा शिव बरात निकाली गयी। मंदिरों में शिव का भव्य श्रृंगार किया गया। विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए थे जो पूरी रात चलते रहे। भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

नगर के नागेश्वर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार की रात में शिव बरात निकाली गई। जो नगर वासियों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। बरात में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। डीजे पर शिव भजन गूंजते रहे। बरात नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई देर रात दशहरा बाग में जाकर समाप्त हुई।

नगर के रसूलपुर स्थित दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर में शिव जागरण का आयोजन किया गया था पीलीभीत से आए कलाकारों ने शिव तांडव, फूलों की होली, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा, हनुमानजी, सुदामा की झांकियों का मनोरम कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अनिल महाराज राम भक्त परिवार के कलाकारों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति से समां बांध दिया। पीलीभीत से आए रजत डांस ग्रुप की ओर से झांकी की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गई। कलाकारों ने फगुआ गीतों पर जमकर फूलों की होली खेली, इसमें काफी संख्या में महिला श्रद्धालु व बच्चे शामिल हुए।



शहर के दूधेश्वर नाथ मंदिर में शिव पार्वती की झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार



शहर के दूधेश्वर नाथ मंदिर में फूलों की होली खेलते कलाकार। अमृत विचार



दूधेश्वरनाथ मंदिर परिसर में कार्यक्रम मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार



फतेहपुर में निकाली गई शिव बरात। अमृत विचार



नागेश्वर नाथ मंदिर से निकली महादेव की बरात। अमृत विचार

शिव विवाह कार्यक्रम भी धूमाधाम से हुआ। अनिल महाराज राम भक्त परिवार के माध्यम से सिंगर मेघना मिश्रा ने एक से बढ़कर एक भजन गाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। सुप्रसिद्ध लोक गायक गोविंद ने भी कई भक्ति गीत सुनाकर लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, आरएलडी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे, आरएलडी के प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान, उमेश शुक्ला, तनुज पुनिया, गनेश प्रसाद जायसवाल, मनोज द्विवेदी, पंकज गुप्ता पंकी, सुजीत चतुर्वेदी समेत बड़ीसंख्य में लोग मौजूद रहे।

बड़ा ठाकुरद्वारा रामजानकी मंदिर में धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। ठाकुरद्वारा कमेटी के अध्यक्ष पवन वैश्य ने बताया कि इस वर्ष पूरे मंदिर परिसर को इलेक्ट्रिक लाइटों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शिवमठ, हनुमान मठ व रामजानकी दरबार का फूलों से श्रृंगार किया गया। सुंदर काण्ड पाठ के बाद व आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को फलाहार का वितरण किया गया।

फतेहपुर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रीशक्ति धाम महादेव तालाब मंदिर परिसर से भक्तों द्वारा शिव बरात निकाली गई। इसमें महादेव व पार्वती के स्वरूपों को सुसज्जित कर रथ पर विराजमान कराया गया था। पूरे नगर में गाजे-बाजे के साथ शिव बरात कार्यक्रम स्थल से रवाना हुई। यह शोभायात्रा नगर के मोहल्ला पचघरा, ब्राम्हणीटोला, मुशीगंज, बेलहरा चौराहा, सट्टी बाजार, ब्लाक चौराहा, तहसील चौराहा होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान डीजे पर बज रहे भजनों पर शिव भक्त थिरकते हुए चल रहे थे। वहीं जगह-जगह भक्तों द्वारा शिव बरात का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। इसके बाद प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरण भी किया गया। इस मौके पर प्रचारक रामसूरत, तरुण राजन, शेखर पाठक, मुन्ना तिवारी, हेमन्त जोशी, आयुष यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# दो लाख से अधिक मामले निस्तारित



दीप जलाकर लोक अदालत का उद्घाटन करते प्रधान न्यायाधीश दुर्ग विजय सिंह।

**लोक अदालत**

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** शनिवार को आयोजित लोक अदालत में 2 लाख 18 हजार 282 मामले निस्तारित किए गए। इस दौरान 18 करोड़ 56 हजार 382 रुपए वसूले गए। इसके पूर्व प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय दुर्ग नारायण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का उद्घाटन किया। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प भी अर्पित किए।

नोडल अधिकारी अनिल कुमार शुक्ल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि सिविल कोर्ट बाराबंकी के विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल-13126 राजस्व विभाग, बैंकों, विभिन्न विभागों के कुल 205156 मामलों का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय दुर्ग नरायन सिंह द्वारा 89 मामलों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना प्रतिकर के कुल 54 वादों का निस्तारण किया गया।

पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नाजनीन बानो ने बताया कि जिले के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में कुल 67562 वादों का निस्तारण किया गया। जिले की विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 1308 एनपीए खातों का निस्तारण कर 11 करोड़, 81 लाख, 46 हजार 550 रुपये वसूल किये गये।

इस लोक अदालत की सफलता के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर चिकित्सा विभाग द्वारा, नेत्र परीक्षण शिविर वादकारियों के लिए स्वच्छ पेयजल व्यवस्था तथा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी), बाराबंकी के द्वारा किशोरियों के द्वारा बनायी गयी वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगायी गयी थी।

# रामनगर में धूमधाम से निकली शिव बारात



रामनगर में निकली शिव बरात में शिव-पार्वती के स्वरूप। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** रामनगर बाजार के गुप्ता धर्मशाला से महाशिवरात्रि पर शुक्रवार की रात 9 बजे शिव बरात निकाली गयी। रमाशंकर गुप्ता रामू के संयोजन में रजत गुप्ता, अखिल पांडे, प्रखर, राजू मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद, अक्षय, शिवा गुप्ता आदि के सहयोग से शिव बरात निकाली गयी। बरात लोधेश्वर महादेवा पहुंची। जहां भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। महादेवा में बबलू गुप्ता आदि ने बरात की अगवानी की। अजय जायसवाल, रविकांत पांडे, पवन, अनुपम पांडे, रोहन, इंद्रमणि, निरंकार गुप्ता, झबरू, पव्वा, अशोक व प्रदीप आदि थे।

### छुट्टा गोवंशों से फसल बचाने में किसान परेशान

**दरियाबाद बाराबंकी, अमृत विचार :** सड़कों पर घूम रहे छुट्टा मवेशी से किसान परेशान हैं। यह मवेशी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। गौशाला के नाम पर लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी किसानों को इनसे राहत नहीं मिल सकी है। सड़क पर चल रहे राहगीरों की जान पर भी आफत बनी रहती है। फसलों को छुट्टा मवेशियों से बचाने के लिए किसान धूप, बारिश व कड़ाके की ठंड में खेत की रखवाली करता है। इस समय किसानों के गेहूं की फसल में बालियां आ गई है। सबसे अधिक समस्या उन किसानों को हो रही है जिनके खेत रास्तों के किनारे क्योंकि मवेशी रास्तों पर झुंड बनाकर निकलते हैं और पास के खेतों में खड़ी फसल को चर लेते हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में पशुपालक गायों को पालते हैं। जब तक गाय दूध देती है तब तक चारा पानी खिलाकर घर में रखते हैं। लेकिन जैसे ही गाय दूध देना बंद कर देती है तो ग्रामीण इन्हें खूंटे से बांधे रखने के बजाए छुट्टा छोड़ देते हैं।

# 13 को दिल्ली कूच करेंगे किसान

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लाक इकाई हैदरगढ़ की मासिक बैठक पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर पर ब्लाक अध्यक्ष डाक्टर हरीराम पाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से 14 मार्च को दिल्ली में आयोजित किसान महापंचायत एवं 15 मार्च को रक्तदान शिविर की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें सर्वसम्मति से 13 मार्च को दिल्ली महापंचायत के लिए बड़ी संख्या में जिला अध्यक्ष अनुपम वर्मा के नेतृत्व में चलने का प्रस्ताव पारित किया गया।

तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने सभी किसानों को 14 मार्च को दिल्ली में किसान महापंचायत के लिए 13 मार्च को बड़ी संख्या में बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर पहुंचने का आह्वान किया। तहसील अध्यक्ष ने कहा कि नहरों की अधूरी सफाई हुई है। बैठक जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, संतोष सिंह, अशोक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हैदरगढ़ डॉक्टर हरी रामपाल, मोहम्मद रईस नगर अध्यक्ष हैदरगढ़, कमलेश कुमार, रामनिवास वर्मा, रामनाथ, सुल्तान, कांति, लीलावती, सत्यनारायण, रामसेवक, रामप्रसाद, बल्ले, दुखी आदि मौजूद रहे।



भाकियू टिकैत ब्लाक इकाई हैदरगढ़ की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। अमृत विचार

# किसानों ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

**कोठी, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस पर भारतीय किसान यूनियन की बैठक थाना परिसर के बाहर हुई। पांच सूत्री मांगों समर्थन में किसान नेताओं ने इंस्पेक्टर संतोष सिंह को एसडीएम हैदरगढ़ को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

इसके अलावा बैठक में 15 मार्च को रक्तदान करने व दिल्ली चलने को किसानों को प्रेरित किया गया। उधर, किसानों के एकत्र होने से सुबह पुलिस से ही कर्मियों में ऊहापोह स्थिति बनी रही। क्योंकि किसान नेताओं ने पूर्व में थाना घेराव की चेतावनी दी थी। लेकिन शांतिपूर्वक धरना व बैठक संपन्न होने से राहत की सांस ली। किसान नेता राममदन ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक आयोजित हुई थी। इस मौके पर धर्मराज गौतम, रामेश्वर, लायकराम, रामकुमार, संतराम रावत, सोनू रावत, शांति भूषण सिंह, राजेश वर्मा, मुन्नालाल, बृजपाल सिंह, जाकिर अली, शांति देवी, राजरानी वर्मा व राममदन, मो. आजाद आदि मौजूद थे।



भारतीय किसान यूनियन की बैठक में मौजूद सदस्य। अमृत विचार

**प्रतिक्रिया**

## बीती 28 अगस्त को दो सौ रुपये कम किये गये थे दाम, महिला दिवस पर पीएम ने सौ रुपये की कमी की घोषणा की थी

# घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में सौ रुपये की कमी से महिलाएं खुश

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम सौ रुपये कम करने की घोषणा महिलाओं को काफी रास आई है। इससे महंगाई की मार से जूझ रहे आम आदमी को बड़ी राहत मिलेगी।

केंद्र सरकार ने 14 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 100 रुपये की कटौती कर दी है। बता दें कि 28 अगस्त को घरेलू गैस के दाम 200 रुपये कम किए गए थे। इस कटौती के बाद महिलाओं के बीच खुशी की लहर है। वहीं महिलाओं ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए उम्मीद जतायी है कि आगे इसमें और राहत मिलती रहे और घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी न की जाय।

केंद्र सरकार की तरफ से गैस के दाम 100 रुपये कम किए गए हैं। इससे महंगाई की मार से जूझ रहे आम आदमी को बड़ी राहत मिलेगी। खासतौर पर सरकार के इस कदम से गृहणियां काफी खुश नजर आ रही हैं। रंगों के पर्व होली के समय घरेलू गैस सिलेंडर के दाम कम होने से आम आदमी को कुछ राहत मिलेगी। लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार द्वारा दी गयी इस सौगात पर महिलाओं ने कहा है कि इस छूट से राहत तो प्रधानमंत्री मोदी ने दी है लेकिन यह सिर्फ चुनावी हथकंडा न रहे। गृहणियों ने कहा कि लोकसभा चुनाव बाद भी घरेलू गैस सिलेंडर के दाम और कम करने चाहिए जिससे आम जनता को कुछ राहत मिल सके।

### महिला दिवस पर मिली सौगात देगी राहत



पूर्व में सिलेंडर के दामों में वृद्धि होने से रसोई का बजट बिगड़ गया था। महिला दिवस पर पीएम द्वारा दाम में सौ रुपए कम करने से राहत मिली है लेकिन यह सौगात चुनावी हथकंडा न बने तो अच्छा होगा।

-रचना गुप्ता

### बढ़ती महंगाई पर लगेगा अंकुश



महिलाओं के लिए ये राहत वाली खबर है। इससे महिलाओं को रसोई के बजट में लाभ मिलेगा। कुछ हद तक महंगाई पर अंकुश लगेगा। चुनाव के बाद अब इसमें बढ़ोत्तरी न हो तो अच्छा है।

-रीता वर्मा

### अभी और कम किये जाएं घरेलू गैस के दाम



गैस के दाम अभी भी ज्यादा हैं। मध्यमवर्ग के परिवारों के लिए 800 रुपए भी बहुत हैं भले है उन्हें सब्सिडी मिले, सरकार को इस पर और ध्यान देना होगा। सरकार को घरेलू गैस सिलेंडर के दाम और कम करने चाहिए।

-स्वाति श्रीवास्तव

### अपहृत युवती बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अपहृत युवती को देवा कोतवाली पुलिस ने शनिवार को बरामद करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही है। वहीं बरामद युवती का चिकित्सीय परीक्षण के लिए पुलिस ने भेज दिया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

आवश्यकता है
यूबीएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट, बक्शी का तालाब, कठवारा, लखनऊ को बी.ए. संकाय हेतु आवश्यकता हैं। प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी हेतु, **योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार,**
**सम्पर्क - प्रबंधक**
**मो.: 9454716161**

पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध- डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)
आवश्यकता है
संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की- **प्रवक्ता बी.ए.** - हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। **प्रवक्ता एम.ए.-** शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02-02 पद। **प्रवक्ता बी. एड.-** 04 पद। **योग्यता-** यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। **वेतन-** राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक- डॉ. श्रीमती गीता पांडेय
मो0- 8004232988

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट मे पति का नाम नवी अहमद (NAVI AHMAD) अंकित है। मेरे पति का सही नाम नबी अहमद (NABI AHAMAD) यह दोनों नाम मेरे पति के ही हैं। भविष्य मे मुझे रुकसाना पत्नी नबी अहमद के नाम से जाना जाए। **-श्रीमती रुकसाना पत्नी नबी अहमद, निवासी नेवादा गौसगंज संडीला हरदोई**

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम AFROZ AHMED SIDDIQUI था अब मैने बदलकर अपना नाम AFROJ AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AFROJ AHMAD S/O: NOOH ALAM,34,MOHIB JOT, ALANPUR, ILTIFATGANJ, ILTIFAT BAZAR, AMBEDKAR NAGAR, UTTAR PRADESH-224145

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल प्रमाण पत्र में मेरा नाम अनुज कुमार वर्मा लिख गया है, जो गलत है। मेरे आधार कार्ड में अनुज कुमार है, यही सही है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **- अनुज कुमार पुत्र सुनील कुमार वर्मा निवासी- मं. नं.4 गोपाल नगर, यशोदा नगर, किदवई नगर कानपुर नगर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे नवी अहमद (NAVI AHMAD) व नबी अहमद (NABI AHAMAD) दोनों नाम से जाना जाता है मेरा सही नाम नबी अहमद पुत्र गौस मोहम्मद है, भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **-नबी अहमद पुत्र गौस मोहम्मद निवासी-नेवादा गौस गंज संडीला हरदोई।**

सूचना
सूचित हो कि मैं **कौशलिया देवी अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह मेहता आर्मी न. -4200962 एम. ग्राम/पोस्ट-गुलेर, तहसील- कपकोट, जिला-बागेश्वर, उत्तराखण्ड** सूचित हो कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम कौशलिया देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम कोशलिया देवी है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में कोशलिया देवी दर्ज किया जाये।

सूचना
सूचित हो कि मैं **ठाकुर सिंह मेहता अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह मेहता आर्मी नं. -4200962एम, ग्राम/पोस्ट-गुलेर, तहसील-कपकोट, जिला-बागेश्वर, उत्तराखण्ड** सूचित हो कि मेरे पुत्र को सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम ठाकुर सिंह मेहता दर्ज है जबकि मेरा सही नाम ठाकुर सिंह है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में ठाकुर सिंह दर्ज किया जाये।

मुईद अहमद पी0जी0 कालेज, दोस्तपुर, सुलतानपुर
में आवश्यकता है
**प्राचार्य - 01 पद**
**स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में-** उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।
**स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अंतर्गत बी0एससी0 पाठ्यक्रम में-** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्वप्रमाणित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो पता लिखे लिफाफे के साथ पी0जी0 कालेज के पते पर सम्पर्क करें।
मो0 नं0 7311115152, 8601042694
अध्यक्ष - मुईद अहमद

उत्तराखण्ड शासन



सशक्त उत्तराखण्ड समृद्ध उत्तराखण्ड

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## पुष्कर सिंह धामी

मा. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड के कर कमलों द्वारा

# कुल रु. 8275.51 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास का वर्चुअल कार्यक्रम

मा. मंत्री गण उत्तराखण्ड सरकार, मा. सांसद गण, मा. विधायक गण तथा राज्य के समस्त नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया जा रहा है।

## शिलान्यास एवं लोकार्पण

**शिलान्यास** — लगभग रु. 7227.36 करोड़

**लोकार्पण** — लगभग रु. 1048.15 करोड़

**दिनांक 10 मार्च, 2024 को प्रातः 10:30 बजे**
**स्थान: मुख्य सेवक सदन, देहरादून (मा. मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय)**

### शिलान्यास किये जाने वाली प्रमुख योजनायें

- उत्तराखण्ड ईन्टीग्रेटेड एण्ड रेजिलिएन्ट अर्बन डेवलपमेन्ट प्रोजेक्ट (ए.डी.बी.) - रु. 162.90 करोड़
- उत्तराखण्ड ईन्टीग्रेटेड एण्ड रेजिलिएन्ट अर्बन डेवलपमेन्ट प्रोजेक्ट - एडिशनल फाइनेन्सिंग (ए.डी.बी.) - रु. 2163.37 करोड़
- उत्तराखण्ड लिवेबिलिटी इम्प्रूवमेन्ट प्रोजेक्ट (ए.डी.बी.) - रु. 373.20 करोड़
- उत्तराखण्ड लिवेबिलिटी इम्प्रूवमेन्ट प्रोजेक्ट (ए.डी.बी.) - रु. 240.25 करोड़
- "Interception & Diversion (I&D) and STPs for Muni ki Reti-Dhalwala (8.0 MLD STP), Neelkanth Mahadev (1.5 MLD STP), Jonk-Swargashram (3.0 MLD STP) at Uttarakhand" under Namami Gange Programme - Rs. 94.06 Crore
- 'I&D work of Rispana and Sewage Treatment Plant (15 MLD) work at Sapera Basti, Dehradun - Rs. 78.99 Crore
- 'Supplying, Laying, Jointing, Constructing, Testing and Commissioning of Sewerage Network, House Connections and Sewage pump station in Rishikesh (Zone GSZ-1, Zone PSZ-4A, Zone PSZ-4B, Zone PSZ-4C and Zone PSZ-5) under Package-5 - Rs. 183.68 Crore
- ए.डी.बी. द्वारा बाह्य सहायतित उत्तराखण्ड क्लाइमेट रिजिलिअन्ट पावर सिस्टम डैवलपमैन्ट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत देहरादून शहर के प्रमुख मार्गों की उपरीगामी विद्युत लाइनों को भूमिगत किये जाने का कार्य - 977.03 करोड़
- ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित रिवैम्प्ड रिस्ट्रिब्यूशन सैक्टर स्कीम (आर.डी.एस.एस.) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में एडवांस मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाइडर के कार्य - रु. 2027.11 करोड़

### लोकार्पण किये जाने वाली योजनायें

- जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड धारचूला में काली नदी के दॉये पार्श्व पर स्थित घटगाड़ नाले से टैक्सी स्टैण्ड तक तटबन्ध सुदृढ़ीकरण की योजना (भाग-2 एवं भाग-3) (मा. मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-64/2019) - रु. 91.83 करोड़
- नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत रिस्पना एवं बिन्दाल नदी में आई.एण्ड.डी. कार्य (केन्द्र पोषित) - 67.39 करोड़
- ऋषिकेश देहात पम्पिंग पेयजल योजना (बाह्य सहायतित) - रु. 65.55 करोड़
- जीवनगढ़ पम्पिंग पेयजल योजना (बाह्य सहायतित) - रु. 60.56 करोड़
- नथनपुर पम्पिंग पेयजल योजना (बाह्य सहायतित) - रु. 66.61 करोड़
- ढ़ालीपुर जल विद्युत परियोजना (3x17 मे.वा. का नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण) - रु. 152.65 करोड़

## आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी। www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# राज्यमंत्री दिनेश सिंह ने गुरु गोविंद सिंह उद्यान का किया लोकार्पण

**उद्यान में बच्चों के लिए झूले तो बड़ों की सेहत के लिए ओपन जिम की सुविधा**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शनिवार को नगरवासियों को एक और उद्यान की सौगात मिल गई। प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जिला उद्यान कार्यालय परिसर में बने गुरुगोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान का लोकार्पण किया। इस पार्क में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत भी नजर आएगी। पार्क का नामकरण भी सिक्खों के आराध्य गुरु गोविंद सिंह के नाम पर किया गया है।

इससे पहले पर्यावरणीय उद्यान का लोकार्पण प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री ने पटना साहिब गुरूद्वारे के जत्थेदार बलवंत सिंह की मौजूदगी में पूरे विधिविधान से किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह पार्क रायबरेली का हृदय स्थल कहलाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें रायबरेली की सांस्कृतिक विरासत गर्ग ऋषि, गोकर्ण ऋषि, डालभ्य ऋषि, आस्तीक मुनि, महर्षि जमदग्नि, राणा बेनी माधव बक्श सिंह, राजा राव रामबक्श सिंह, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी, वीरा पासी, लाल चंद्र स्वर्णकार की मूर्तियां लगाई गई है। इस उद्यान में लगभग तीन किलोमीटर वाकिंग ट्रैक भी बनाई गई हैं, जो बेलें और पुष्पों से आच्छादित होंगी। वाकिंग ट्रेक के किनारे सुंदर आवाज में मंत्र और गीत बजते रहेंगे। इसमें वात्सल्य योगा पार्क का निर्माण भी किया गया है, जिसमें सिर्फ महिलाएं स्वतंत्र रूप से योगा कर सकेंगी।

उद्यान में एक सत्संग भवन भी बनाया गया है, जिसमें नगर के वरिष्ठ नागरिक ध्यान आदि कर सकते हैं। पार्क में आम, अमरूद और आंवला के बड़े-बड़े बाग विकसित हैं। दूसरी ओर फल, फूल, सब्जी और औषधि पेड़ों की हाईटेक नर्सरी की भी स्थापना की गई है। दूसरी ओर विशाल और रंगीन फव्वारे अपनी मनमोहक छटा बिखेरेंगें। प्रधानमंत्री ने कहा कि नगर वासियों एवं हर वर्ग आयु के लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए इस पार्क का निर्माण किया गया है। इसी पार्क में उद्यान मंत्री द्वारा जनपद के लगभग 300 सड़क परियोजनाओं का भी शिलान्यास लोकार्पण किया गया। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह मोंगा, जगरूप सिंह, हरचरण सिंह मोंगा, अवतार सिंह छाबड़ा, हरविंदर सिंह सलूजा, परमजीत सिंह गांधी, करनदीप सिंह मोंगा आदि मौजूद रहे।


लोकार्पण समारोह में राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के साथ सिख समाज के लोग।


गुरुगोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान का लोकार्पण करते राज्यमंत्री।

### इशारों में कांग्रेस पर हमलावर रहे राज्यमंत्री

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इशारों-इशारों में कहा कि जो कुछ भी कार्य हुआ है। वह पूर्वजो के नाम पर किया गया है। देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वालो के नाम पर कोई स्मारक पार्क य अन्य कुछ नही है। उन्होंने कहा कि पार्क में आने वाले लोगो को रायबरेली की सांस्कृतिक विरासत के दर्शन होगे।

### देवानंदपुर में उद्यान का करेंगे शिलान्यास

पूर्व सांसद पूर्व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्रीशचंद्र दीक्षित पर्यावरण उद्यान का शिलान्यास देवानंदपुर में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार द्वारा किया जाएगा। इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है।

# जर्जर एम्बुलेंस के सहारे ढोए जा रहे मरीज

**एम्बुलेंस की खिड़की से शीशा गायब तो किसी का नहीं बंद होता गेट**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार अरबों रुपये खर्च कर रही है। लेकिन जिले में इसका नजारा कुछ अलग ही दिखाई देता है। देखरेख के अभाव में कई कंडम हो चुकी हैं। खिड़कियों के शीशे टूटे हुए हैं। पर्दा लगाकर किसी तरह काम चलाया जा रहा है तो किसी के गेट बमुश्किल से बंद हो पाते हैं। इससे गंभीर रोगियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जिले में चल रही कई सरकारी एम्बुलेंस के पुरानी हो जाने पर मरीजों की जिंदगी दांव पर है। मौजूदा समय में 108 और 102 की कुल 84 एंबुलेंस है, जिनमें कई एम्बुलेंस तीन लाख किलोमीटर के आसपास चल चुकी हैं। लेकिन अभी उन्हें बदला नहीं गया है। कई एम्बुलेंस बेहद जर्जर हालत में है लेकिन आज भी उनसे मरीज ढोए जा रहे है। जिले के लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी एक एम्बुलेंस की दशा बेहद खराब है, लेकिन आज भी उससे मरीज लाए जा रहे है। इस तरीके की संचालित जर्जर एम्बुलेंस में हर समय जहां मरीज के ऊपर खतरा बना रहता है वही एम्बुलेंसकर्मी भी खतरे में रहते है। इस एम्बुलेंस की हालत इतनी दयनीय है कि इसका दरवाजा तक ढंग से बन्द नहीं होता है। वही साइड में लगी खिड़की का शीशा भी गायब है।

पर्दा डाल कर काम चलाया जा रहा है। एम्बुलेंस का शीशा गायब होने के कारण अंदर धूल मिट्टी जाती है, जिससे मरीज को परेशानी उठानी पड़ती है। इस गाड़ी की हालत बताती है कि वह बड़ी दयनीय हालत में है। रखरखाव के अभाव में एम्बुलेंस की हालत का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि जिले में कई एम्बुलेंस ऐसी चल रही है, जो काफी पुरानी हो गई है, लेकिन आज भी संचालित हो रही है। प्रोग्राम मैनेजर अक्षय ने बताया कि गाड़ी का सर्वे हो गया है, जल्द ही सही करवाया जाएगा।


जर्जर हालत में एम्बुलेंस।


एम्बुलेंस की खिड़की से गायब शीशा।

# निमंत्रण से लौट रहे युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**संवाददाता, रायबरेली।** शनिवार देर रात निमंत्रण से वापस लौट रहे युवक को गोली मार दी। उसके बाद आरोपी फरार हो गए। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां पर इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला गदागंज थाना क्षेत्र का है। पूरे सूबेदार निवासी अखिल प्रताप सिंह पुत्र भीम सिंह निमंत्रण में गया था। देर रात वह घर लौट रहा था। तभी सूबेदार तिराहा के पास कुछ लोगों ने घेर लिया। वह कुछ समझ पाता तब तक हमलावरों ने फायर कर दिया और भाग गए। उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लग दौड़ पड़े। आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीओ डलमऊ अरुण कुमार नौहार ने बताया कि जिन पर आरोप लगाए गए है। उनकी जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा

# धर्मसिंह खेड़ा ने जीता सिंह गर्जना क्रिकेट कप

**सतांव, रायबरेली।** क्षेत्र के धर्मसिंह खेड़ा गॉव में चल रही 'सिंह गर्जना क्रिकेट कप' प्रतियोगिता का फाइनल मैच शनिवार को पथरीगढ़ और धर्मसिंह खेड़ा के मध्य खेला गया। निर्धारित 16-16 ओवरों के फाइनल मैच में पथरीगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। पथरीगढ़ की टीम 15.1 ओवरों में 88 रनों के स्कोर पर ही सिमट गई। 89 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी धर्मसिंह खेड़ा की टीम ने 8 विकेट खोकर 12.3 ओवरो में हासिल कर प्रतियोगिता की विजेता बन गई। धर्मसिंह खेड़ा की तरफ से 52 रन और 5 विकेट लेने वाले आयुष सिंह उर्फ लड्डू को मैन ऑफ द मैच और प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

# मॉडिफाई साइलेंसर के खिलाफ चला अभियान

**संवाददाता, रायबरेली।** बाइकर्स के खिलाफ यातायात विभाग इस समय अभियान चला रहा है। खासकर बुलेट मोटर साइकिल चलाने के शौकीन हैं और उसमें अतिरिक्त साइलेंसर लगवाया है तो सावधान हो जाए। यातायात पुलिस लोगों की समस्या को देखते हुए ऐसे बुलेट चालकों के मॉडिफाई साइलेंसर निकालकर चालान कर रही है।

बुलेट में अतिरिक्त साउंड वाले साइलेंसर लगे होने के कारण सड़कों व चौराहों पर चलने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और इससे हादसे भी हो रहे हैं। अभियान के तहत ऐसे बुलेट व बाइक चालकों को चिह्नित किया जा रहा है, जिन्होंने अपनी बुलेट में अतिरिक्त साउंड के लिए साइलेंसर लगाए हैं। यातायात विभाग इन दिनों ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। शनिवार को शहर के सिविल लाइन, रतापुर, त्रिपुला, राजघाट व दरियापुर सहित लगभग आधा दर्जन चौराहो पर चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 493 वाहनों का चालान किया गया। यातायात निरीक्षक अजय सिंह तोमर बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लगातार यह कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# अपना बूथ सबसे मजबूत का दिया संदेश

खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार।** शनिवार को ब्लॉक सभागार खीरों में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियो की बैठक हुई। जिला उपाध्यक्ष और विधानसभा हरचंदपुर प्रभारी जन्मेजय सिंह, मंडल प्रभारी प्रेम पांडेय ने कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी चर्चा की। इसमें विरोधी दलों से सावधान रहते हुए भारतीय जनता पार्टी का जनाधार बढ़ाते हुए लोकसभा रायबरेली में भाजपा का परचम लहराने के दृष्टिकोण से प्रमुख बिंदुओं पर कार्यकर्ताओं के बीच में विषय रखा गया।

मुख्य अतिथि व प्रभारी प्रतिनिधि ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए "अपना बूथ सबसे मजबूत" के नारे के सहारे सभी विरोधी दलों की योजनाओं को नाकामयाब करते हुए कमल के फूल वाले प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय दिलाने की योजना कामयाब बनाने के लिए दिशा निर्देश दिया। बैठक में मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह, कोषाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, महामंत्री राजेंद्र लोधी और गुड्डू नाती उपाध्यक्ष शिवराज वर्मा, अरविंद सिंह, प्रमोद शर्मा आदि मौजूद रहे।


ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता अमृत विचार

# धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव


आचार्य भारद्वाज इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में पुरस्कृत बच्चे।

**महराजगंज, रायबरेली।** आचार्य भारद्वाज इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधक रोहित शर्मा व प्रधानाचार्य राजेश भारद्वाज ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों के मनोहारी नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति ने अभिभावकों व अन्य क्षेत्रीय लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

खेल समारोह के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए छात्रों ने अपनी विविध क्षमताओं और रचनात्मकता को दिखाया। बच्चों के मनोहारी नृत्य प्रस्तुतियों से लेकर सुरीली संगीतमय प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक रोहित शर्मा ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करें और अपने सपनों को समर्पण और सतत् परिश्रम के साथ प्राप्त करें। उन्होंने शिक्षा के महत्व को, उनके भविष्य को आकार देने में हमेशा सार्थक माना और उन्हें समझाया कि वे चुनौतियों को वृद्धि के अवसर के रूप में ग्रहण करें। इस अवसर पर शैलेन्द्र शर्मा, प्रज्ञा द्विवेदी, श्री कृष्ण मिश्रा, शैलेन्द्र, पीएन सिंह आदि मौजूद रहे।

# सलोन विधायक ने खेलकूद मैदान और पंचायत भवन का किया लोकार्पण

**सूची, रायबरेली।** सलोन विधायक अशोक कोरी ने सूची में खेल मैदान व पंचायत भवन सौन्दरीकरण का फीता काटकर किया लोकार्पण किया। महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत विकासखंड सलोन के सूची में दो बीघा आरक्षित भूमि पर 26 लाख रुपये से संसाधनयुक्त खेल मैदान तैयार किया गया है।

इसके अलावा सीसी कैमरे की निगरानी में पंचायत भवन और लाइब्रेरी में विभिन्न प्रकार की तैयारी करने वाले बच्चों को पुस्तक की व्यवस्था लाइब्रेरी में उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी शशि कुमार तिवारी, ग्राम विकास अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान अनीता सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कमलेश सिंह, पंचायत मित्र राजमणि सिंह, पंचायत सहायक खुशबू गौड, मनोज कुमार, आशीष पटेल, अनूप सिंह आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर से भिड़े स्कूटी सवार दो लोग घायल

महराजगंज, रायबरेली- सामने से आ रहे वाहन की रोशनी की चकाचौंध में स्कूटी पर सवार दो लोग अनियंत्रित होकर खड़े ट्रैक्टर में भिड़ गये। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जागेश्वर पाल (52) पुत्र बाबूलाल निवासी बबुरिहा मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला व राजा चंद्र चूड़ सिंह इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य गौरी शंकर बाजपेयी देर शाम अलीपुर से महराजगंज आ रहे थे। तभी शिवपुर गांव के पास सामने से आ रही गाड़ी की लाइट से आगे नहीं देख सके और स्कूटी अनियंत्रित होकर खड़े ट्रैक्टर से जा टकरा गई। इसमें दोनों घायल हो गए।

# प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**एसजेएस पब्लिक स्कूल गुरुबक्शगंज में वार्षिक वंदन समारोह का आयोजन**

सतांव, रायबरेली

**अमृत विचार।** शनिवार को एसजेएस पब्लिक स्कूल गुरुबक्शगंज का वार्षिक वंदन समारोह का धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों का वार्षिक परीक्षाफल घोषित करने के साथ ही प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

इससे पहले कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक व प्रेरक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। साथ ही बच्चों का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। प्रत्येक कक्षा के एक से पांच नम्बर रैंक वाले प्रतिभाशाली बच्चों को उनके अभिवावकों के सम्मुख पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा 8 की छात्राओं दीपिका व स्नेहा दीक्षित ने संचालन किया। विद्यालय के डॉयरेक्टर अग्रज सिंह और मैनेजर अनुश्री सिंह ने अभिवावकों को आश्वस्त किया कि वह निरन्तर उनके बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए समय और आवश्यकतानुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। इस मौके पर प्रधानाचार्या प्रीती सिंह, मनीश मिश्रा, अर्चना सिंह, रजत, नेहा सिंह, महिमा दीक्षित, इशरत जहाँ, रीतेश, राजन आदि मौजूद रहे।


स्कूल में वार्षिक वंदन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**आयोजन** 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवाओं को मतदाता बनने का अंतिम अवसर 10 मार्च तक

# बालिका किला विद्यालय में शिक्षा चौपाल एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालिका किला में शिक्षा चौपाल एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रेरणादाई और प्रभावशाली कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसकी अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा जमकर सराहना की गई। मुख्य अतिथि बृजलाल वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र ने बच्चों का उतसाहवर्धन करते हुए पुरस्कृत किया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उन्हें अवसर देने की जरूरत है आज बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी कार्यक्रम बहुत ही प्रभावशाली रहे हैं। उन्होंने विद्यालय की प्रधानाध्यापक डॉ. शांति अकेला द्वारा विद्यालय एवं बच्चों के विकास के लिए रखी गई समस्या विद्यालय का कायाकल्प और स्मार्ट क्लास हेतु सामग्री की उपलब्धता पूरी करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष ममता द्वारा की गई।

इस दौरान अभिभावकों, बच्चों और शिक्षकों को बताया गया कि मतदाता जागरूकता के तहत 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवाओं को इस बार मतदाता बनने का अंतिम अवसर 10 मार्च है। एआरपी श्वेता सिंह एवं एसएमसी अध्यक्ष ममता देवी ने संयुक्त रूप से विद्यालय की शैक्षिक वातावरण एवं स्वच्छ विद्यालय सुंदर विद्यालय के लिए विद्यालय की प्रधानाध्यापक डॉक्टर शांति अकेला के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन श्याम पांडे स्वीप कोऑर्डिनेटर धन्यवाद एवं आभार विद्यालय की प्रधानाध्यापक डॉ. शांति अकेला व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर आशीष तिवारी नगर अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, सीमा दीक्षित, ज्योत्सना गुप्ता, सपना द्विवेदी, संदीप दीक्षित, जागृति नेहा, प्रियंका श्रीवास्तव, रेशमा निशा, कन्हैयालाल, प्रेरणा, सुमन देवी, संदीप दीक्षित, प्रवेश यादव, कमल कुमार, राणा सिंह, रश्मि शुक्ला सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।


शिक्षा चौपाल एवं वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं के साथ बीईओ बृजलाल वर्मा व अन्य।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm B. Pharm
DMLT X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बछरावां, रायबरेली



उमेश कुमार (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास पर एक अज्ञात कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना 8 मार्च की देर रात की है। शेखपुर समोधा गांव के पास बछरावां-मौरावा मार्ग व चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास के चौराहे पर बछरावां की तरफ से मौरावां जा रही एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने चौराहा पार कर रहे बाइक सवार उमेश कुमार पुत्र रामेश्वर निवासी गजियापुर थाना बछरावां को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक निजी वाहन से इलाज के लिए घायल उमेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही परिवारिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## ट्रक ने कार और बाइक में मारी टक्कर, युवक गंभीर

**सरेनी, रायबरेली।** बीती रात तेज रफ्तार ट्रक ने कार व बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया। इससे कार के परखच्चे उड़ गए, जबकि चालक बाल बाल बच गया। वहीं बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने चालक व ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

थाना क्षेत्र के कोरवा गांव के रहने वाले सुनील कुमार पुत्र बसंत लाल अपनी कार से पुर पांडेय से घर जा रहे थे। जैसे ही वह सरायबैरियां खेड़ा भोजपुर मार्ग के रानीखेड़ा गांव के पास पहुंचा तो पीछे से ट्रक ने कार में टक्कर मार दिया। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में सुनील बाल बाल बच गया। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। इसमें बाइक सवार रामकेश उर्फ विक्रम पुत्र बाला प्रसाद निवासी थाना व जनपद जालौन जो कस्बे में दुकान लगाता है, वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया, जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बाइक चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है कि चालक व ट्रक दोनों को कब्जे में ले लिया गया है। घायल रामकेश को जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया गया है।

# एसडीएम ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**डलमऊ, रायबरेली।** सरेनी विधानसभा के नगर पंचायत डलमऊ में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि एसडीएम अभिषेक वर्मा ने मुराई बाग कस्बे में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को मतदान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। कहा कि मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य देख लें। यदि नहीं है तो नाम जोड़वा लें। नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ ने कहा कि मतदान करना सबका अधिकार है। इस मौके पर ध्रुव नारायण यादव तहसीलदार, शिवम राठौड़ नायब तहसीलदार, रामगोपाल वैश्य अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, सरयू प्रसाद सोनकर जिला अध्यक्ष कोयला निर्माता संघ, विनेश गुप्ता महामंत्री मोबाइल एसोसिएशन आदि मौजूद रहे।




मतदाता जागरूकता रैली निकालते लोग। अमृत विचार

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की खेत में मौत

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत विशुनपुर के रहने वाले एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शनिवार को विशुनपुर गांव निवासी दशरथ पुत्र रामेश्वर उड़वा गांव के पास अपने खेत की रखवाली करने गए थे। काफी देर तक वापस न आने पर आसपास के लोगों ने देखा तो वह खेत में पड़े हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी सुनीता चार बच्चों व एक बेटी का रो रो के बुरा हाल है। एसओ बबिता पटेल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**डीह, रायबरेली :** क्षेत्र के पूरे टोडी मजरे रोखा निवासी रामराज उर्फ छेद्दू दो दिन पूर्व गुरुवार को सिरसी गांव निमंत्रण में गया था। इसके बाद वह घर वापस नही लौटा। परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारी में जानकारी की, लेकिन कही पता नही चला। जिसके बाद शनिवार को युवक के छोटे भाई राजू पाल की पत्नी मनीषा की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष जीतेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर युवक की तलाश की जा रही है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सूची, रायबरेली :** सूची में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के मरीजो ने जांच कराई। स्वास्थ शिविर में 262 मरीजों ने अपना इलाज कराकर मुफ्त दवा प्राप्त किया। वहीं 96 मरीजों ने आंख का इलाज कराया। डॉ. ओपी मिश्रा (फिजिशियन) लालगंज प्रतापगढ़, डॉ. शुभम गुप्ता नेत्र चिकित्सक इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय लखनऊ, डॉ. शिवांशु शुक्ल (हड्डी रोग विशेषज्ञ) ने सभी मरीजो का इलाज किया। इस मौके पर डॉ अजय सिंह चौहान मार्केटिंग मैनेजर, अनिल मौर्य एरिया मैनेजर, विवेक अवस्थी स्टोर मैनेजर, परमजीत मौर्य स्टोर सहायक, दिनेश शुक्ल, शिवम मिश्र मौजूद रहे।



लाभार्थी संपर्क योजना के तहत जानकारी देते भाजपा नेता।

# भाजपा नेता ने गिनाईं सरकार की उपलिब्धयां

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे ने लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम के तहत रणगांव में लाभार्थियो से मिलकर मिल रही योजनाओं के बारे में जानकारी ली। बूथ पर पहुंच कर केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से संपर्क किया और लाभार्थियों के घर-घर जाकर जहां स्टीकर चिपकाए। वही प्रधानमंत्री का पत्र सौंप कर पार्टी का भी प्रचार-प्रसार किया।

भाजपा नेता ने लाभार्थियों से कहा कि आगे भी जनता को मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाएं चालू रहे, इसलिए प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को फिर से जिताना है और भारत राष्ट्र को विकसित बनाना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य के साथ भय, भूख, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को समाप्त करने का काम किया है। देश को शक्तिशाली बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने राम मंदिर का निर्माण करा कर हिंदुओं के गौरव को बढ़ाने का कार्य किया है। भाजपा की सरकार फिर से बनाने का हम सब का लक्ष्य होना चाहिए। भाजपा सरकार ही भारत राष्ट्र को विश्व के अन्य राष्ट्रों की तरह विकसित बना सकती है।

# मतदाता सूची वाचक केंद्र पहुंचे एसडीएम, बीएलओ नदारद

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** मतदाता सूची वाचक केंद्र पर एसडीएम के निरीक्षण से हड़कम्प मच गया। मौके पर एक बीएलओ नदारद मिली। इस दौरान एसडीएम ने मतदाताओं की समस्याओं सुनकर तत्काल निस्तारण किया। शनिवार और रविवार को बूथों पर विशेष अभियान के तहत मतदाता सूची वाचन के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार पूर्व माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद में कई बूथों का मतदाता सूची वाचन कार्य किया गया।

एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी बूथों का निरीक्षण किया। मौके पर नगर निवासी आबिदा बेगम, राजेश चौरसिया, शैलेश श्रीवास्तव, मोहम्मद आज़म समेत कई नगर निवासी मौजूद रहे। लोगों ने एसडीएम को समस्या बताई, जिसपर एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने तत्काल मौके पर ही समस्या का समाधान कर दिया। पूर्व माध्यामिक विद्यालय में बीएलओ उमा देवी, सोनाली सिंह, संतोष कुमार मौजूद रहे, जबकि बीएलओ अंजू मौर्य चार बजे से पहले ही घर के लिए रवाना हो गई थीं।



मतदाता सूची वाचक केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम।

निरीक्षण करने पर वह नहीं मिली एसडीएम के नाराजगी के बाद साथी कर्मचारियों ने सूचना दी तो आनन फानन में भाग कर वह बूथ पर पहुंचीं। वहीं प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद में बीएलओ अफसाना परवीन भी नदारद रहीं।

एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार वोटर लिस्ट वाचन का कार्य चल रहा है। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में नहीं होगा तो बढ़ाया जायेगा। पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद के साथ एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने सवैया राजे गांव स्थित विद्यालय में निरीक्षण किया।

## सार-संक्षेप

### युवती की हालत गंभीर, रेफर

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। परिजनों ने गम्भीर अवस्था में युवती को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत पकसरांवा गांव की रहने वाली मनीषा पुत्री श्याम ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। परिजनों द्वारा आनन–फानन युवती को सीएचसी में भर्ती कराया गया। अधीक्षक डॉ. भावेश ने बताया कि युवती को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर पलटा



पलटा डंपर।

**सेमरी, रायबरेली।** शुक्रवार की रात सेमरी–खीरो मार्ग पर तेज रफ्तार मौरंग से लदा अनियंत्रित डंपर खंती में पलट गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दुर्घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा डंपर में फंसे चालक को बाहर निकाला गया। सेमरी–खीरों मार्ग पर स्थित उदवतपुर गांव के बड़े नहर के पास रात लगभग एक बजे मौरंग से लदा ट्रक खंती में जाकर पलट गया। चालक डंपर में जालौन से फैजाबाद मौरंग लेकर जा रहा था तभी वह हादसे का शिकार हो गया। चालक पिंटू पुत्र रामेश्वर ने बताया कि सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। वहीं पर मौजूद प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि गनीमत रही दिन नहीं था नहीं तो बहुत बड़ी घटना घट सकती थी।

### नाबालिग किशोरी से विवाह करने जा रहे युवक को दबोचा

**सलोन, रायबरेली।** नाबालिग को भगाकर कोर्ट मैरिज करने जा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा लिया है। करीब तीन सप्ताह पहले आरोप युवक नाबालिग बहला फुसला को राजस्थान लेकर चला गया था।कोतवाली अंतर्गत कस्बे के मोहल्ला चरमनिया की रहने वाली किशोरी को को मिया साहब का फाटक के रहने वाले सरवर पुत्र अनवर 16 फरवरी को भगा ले गया था। आरोपित की तलाश में पुलिस ने काफी छापेमारी की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। शनिवार को सलोन पुलिस को सूचना मिली कि न्यायालय के इर्द गिर्द दोनों को देखा गया है। सलोन कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि युवक और किशोरी को पुलिस ने रायबरेली से बरामद कर लिया है। किशोरी के मुताबिक वह युवक से निकाह (कोर्ट मैरिज) करने जा रही थी। इसी बीच पुलिस ने पकड़ लिया है।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला

**सरेनी, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश में देर शाम कुछ लोगों ने युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल का सीएचसी में इलाज कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पासिन का पुरवा मजरे बंडई गांव निवासी अजीत पुत्र रामकुमार बीती शाम को घर से पहुरी गांव जा रहा था। तभी रास्ते में रंजिश में इसी गांव के धनंजय पुत्र शिवमोल, मोतीलाल पुत्र हौसला, बबलू पुत्र राम बहादुर व आकाश पुत्र बेधड़क ने उसे रोक कर गालियां देना शुरू कर दिया। मना करने पर पिटाई कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घायल बाइक से थाने पहुंचा और पुलिस ने उसका इलाज कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है कि पीड़ित ने धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया है।

### हत्या में दो गिरफ्तार, नाबालिग को भेजा किशोर बोर्ड

**संवाददाता, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार रात रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया था। मामले में सगे भाई ने अपनी पत्नी और नाबालिग बेटे के साथ मिलकर बड़े भाई की हत्या कर दी थी। पुलिस ने घटना में तेजी दिखाते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अमावां गांव के रहने वाले प्रमोद व प्रदीप सगे भाई थे और अपने परिवार के साथ चंडीगढ़ में रहता था। मौजूदा समय में दोनों भाई गांव में थे। शुक्रवार रात प्रमोद व प्रदीप के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी बीच मामला बढ़ गया और प्रदीप ने अपनी पत्नी कमलेश कुमारी व नाबालिग बेटे प्रिंसू के साथ मिलकर भाई पर चाकू से हमला किया था, जिसमें उसकी मौत हो गई थी। वही घटना के बाद तीनों भाग रहे थे, तभी पुलिस ने दबोच लिया था। सीओ अरुण कुमार नौहार ने बताया कि हत्या के मामले में पति दम्पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि नाबालिग को किशोर न्यायालय बोर्ड भेजा गया है।

### बुजुर्ग को कार ने मारी टक्कर

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ–प्रयागराज मार्ग पर कोल्ड स्टोर के निकट सड़क पार कर रहे साइकिल सवार बुजुर्ग को कार ने टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। शनिवार को चंदौली गांव निवासी दुजई साइकिल से किसी कार्य को लेकर नवाबगंज आए थे और वापस लौटते समय सड़क पार कर रहे थे। तभी रायबरेली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीएचसी के अधीक्षक एलपी सोनकर ने बताया कि घायल की हालत काफी गंभीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया।

### एमबीएस एजुकेशन होम का आज मनेगा वार्षिकोत्सव

**परशदेपुर, रायबरेली।** छतोह ब्लॉक के ग्राम कूढ़ा में स्थित एमबीएस एजुकेशन होम में आज वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि सलोन विधायक अशोक कुमार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी कार्यकम में शामिल होंगे। विद्यालय में सलोन विधायक द्वारा उनकी निधि ने निर्मित दो कक्षों का लोकार्पण भी किया जायेगा। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा।

### श्रद्धालुओं ने भंडारे का छका प्रसाद



भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

**सरेनी, रायबरेली।** रमईपुर गांव के बालकेश्वर मंदिर में रात्रि जागरण के पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भंडारे का प्रसाद चखा। इस मौके पर अजय कुमार सिंह (एडवोकेट), यजुनाथ सिंह, पप्पू सिंह, वंश बहादुर सिंह, बब्बी, विवेक, कृष्ण बहादुर सिंह, डॉ ठाकुर बक्श सिंह, दीपू सिंह, शिव सिंह, सोनू सिंह, रवि शर्मा, मन्नू लोधी, मुन्ना कुशवाहा, विजय कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# इंदु वर्मा कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष बीना सिंह जिलाध्यक्ष निर्वाचित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका संगठन की स्थानीय होटल में बैठक हुई। इसमें प्रदेश कार्यकारिणी से लखनऊ से आई इंदु वर्मा को कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष और बीना सिंह को जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

इससे पहले उषा मौर्य, जौनपुर से सरिता सिंह, प्रतापगढ़ से बबिता सिंह, बहराइच से हरिकेश सिंह, गाजीपुर से सूरज सिंह की मौजूदगी में बैठक प्रारंभ हुई। प्रदेश कार्यकारिणी ने औपचारिक रूप से गीतांजलि मौर्य को निष्कासित करने के साथ ही इंदु वर्मा को कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। प्रदेश महामंत्री उषा मौर्य ने बताया कि गीतांजलि मौर्य के मनमानी ढंग से कार्य करने के कारण उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद से निष्कासित किया गया है। इसके बाद जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सहमति से बीना सिंह को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया है। इसके अलावा प्रियंका सिंह को जिला कोषाध्यक्ष, विक्रम सिंह को जिला संरक्षक, स्नेहा सिंह को जिला महामंत्री, बीना श्रीवास्तव को जिला उपाध्यक्ष, संगीता सिंह को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष, मंजू पांडे को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रमिला को जिला मीडिया प्रभारी, अनीता सिंह को जिला संगठन मंत्री, ममता श्रीवास्तव को जिला कार्यवाहक संगठन मंत्री, श्रीमती देवी को जिला संयुक्त मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया।

जिला अध्यक्ष बीना सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष की मनमानी से आजिज आकर संगठन में कठोर निर्णय लेकर संपूर्ण कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया है। जिन्होंने संगठन का कोई भी खाता अभी तक नहीं खोला था व मनमानी ढंग से कार्य कर रही थी। संरक्षक विक्रम सिंह ने कहा की प्रदेश कार्यकारिणी से कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में इंदु वर्मा को मनोनीत किया गया है। जल्द ही समस्त प्रदेश कार्यकारिणी का मनोनयन कर सर्वसम्मति से घोषणा कर दी जाएगी।

# मनमानी से आहत होकर धर्म परिवर्तन के लगाए पोस्टर

ऊंचाहार, रायबरेली

▶▶ दो माह से जिला मुख्यालय पर दे रहा धरना

**अमृत विचार।** अपनी पैतृक जमीन पाने के लिए एक पीड़ित ने पोस्टर बाजी शुरू कर दिया है। ऊंचाहार क्षेत्र में जगह-जगह पोस्टर लगाकर उसने हिंदू धर्म छोड़ने की धमकी देते हुए एसडीएम पर आरोप लगाए गए हैं। शनिवार को पूरे ऊंचाहार में पोस्टर लगाए गए हैं। नगर के खरौवा कुआं निवासी इंद्रेश कुमार पुत्र राम प्यारे द्वारा लगवाए गए इस पोस्टर में आरोप लगाया गया।

भूमि को एसडीएम द्वारा दो बार पैमाईश करके भूमि रिक्त दर्शाया गया, किंतु उसे कब्जा नहीं दिलाया गया। पीड़ित ने एसडीएम पर आरोप लगाते हुए कहा है कि भूमि न मिलने के कारण वह भुखमरी के कगार पर है, इसलिए पूरा परिवार धर्म परिवर्तन करेगा। दरअसल पूरा मामला एक भूखंड का है। जिसे पीड़ित के पिता ने कुछ हिस्सा एक व्यक्ति को बेचा था। शेष भूमि वह पाना चाहता है। यह भूमि करीब सात विश्वा है। उसका कहना है कि प्रशासनिक और राजस्व अधिकारी साजिश के तहत उसकी भूमि पर दूसरे को कब्जा करवा दिए हैं। इस मामले में उसे न्याय न मिलने से मजबूरन उसने पोस्टर बाजी शुरू की और पैदल चलकर लखनऊ में राज्यपाल से मिलने की धमकी दी।

# अब तक मिले 1500 सुझाव

## मोदी गारंटी वैन

**लालगंज, रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोदी गारंटी वैन में रखी सुझाव पेटिका में लोग अपने-अपने सुझाव देने के लिए पहुंच रहे हैं। अब तक 1500 लोगों ने सुझाव दिया है। इस अभियान के जिला संयोजक पुष्पेंद्र सिंह, सहसंयोजक मुन्ना पांडे, रत्नेश मिश्रा और विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने बताया कि मोदी की गारंटी वैन पर लोगों का भरोसा है।

आम जनमानस मोदी को ही गारंटी मान रहा है और अपने सुझाव विकसित भारत के लिए सुझाव पेटिका में डाल रहा है। शनिवार को भाजपा के रंग में रंगी मोदी गारंटी वैन लालगंज, डलमऊ, कन्हा, डिहवा पर, चांदा टीकर, लखनापुर, हसनापुर निसगर, रायपुर सहित कई स्थानों पर पहुंची, जहां भाजपा के मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में लोगों से सुझाव पत्र आमंत्रित किए गए। इसके अलावा मोदी गारंटी वैन के द्वारा लोकप्रिय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया और भाजपा के घोषणा संकल्प पत्र के लिए सुझाव पत्र भी लिए गए।



मोदी गारंटी वैन में रखी पेटिका में सुझाव पत्र डालने पहुंचे लोग।

# बच्चों को बेहतर शिक्षा का दिया संदेश

**लालगंज, रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज में ग्राम प्रधान व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों व प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।विद्यालयों में संचालित ऑपरेशन कायाकल्प व निपुण भारत मिशन के संबंध में जन जागरूकता को बढ़ावा और बच्चों को बेहतर शिक्षा का संदेश दिया।

उपखंड अधिकारी विद्युत सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प में ग्राम प्रधानों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जहां पर प्रधान विद्यालयों को ग्राम सभा की इकाई मानकर कार्य कर रहे हैं, वहां के विद्यालयों में सुधार हुआ है। अभिषेक श्रीवास्तव डाइट मेंटर ने कहा कि विद्यालय विकास में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय शोभवापुर, प्राथमिक विद्यालय ढकवा, प्राथमिक विद्यालय मीठापुर बढ़ैया के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शशि सिंह, सौम्या, अंकिता, सोनाली मौर्य, वंदना शुक्ला, नीतू वर्मा, ममता शर्मा, राम मिश्रा, प्रसून, स्मिता पांडे, हेमा पांडे, राजेश शुक्ला, रामू कटियार आदि मौजूद रहे।

## गायत्री महायज्ञ स्थल पर देर शाम तक चला महाशिवरात्रि का भंडारा

**लालगंज, रायबरेली।** मॉडर्न कोच फैक्ट्री आवासीय परिसर के फुटबॉल ग्राउंड में चल रहे गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम के समापन पर शनिवार को महाशिवरात्रि भंडारा देर शाम तक चला। इसमें शिव भक्तों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। महाप्रबंधक आरेडिका पीके मिश्रा, पीसीईई आरेडिका हरिश्चन्द्र, आईजी आरपीएफ आरेडिका रमेश चन्द्र, डिप्टी सीएमइ डिजाइन अविनाश कुमार सहित कई अन्य अधिकारियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सामूहिक पूजा समिति के आदर्श सिंह बघेल, नैब सिंह, संयोजक मुनेश कुमार पटेल ने सात दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आरेडिका के सभी संगठनों एवं उनके कार्यकर्ताओं को धन्यवाद अर्पित किया।

# शिवशक्ति शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की लगी भीड़, छका प्रसाद

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय की ओर से शनिवार को शिव शक्ति शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सलोन नगर के विभिन्न जगहों पर भ्रमण करते हुए पुनः शाखा पर आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान शिव के प्रतीकात्मक शिवलिंग की पूजा की गई। इसके बाद दर्जनों श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरित किया गया।

कस्बे में शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व के उपरांत ब्रम्हकुमारी ज्योति दीदी के नेतृत्व में शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान प्रतीकात्मक शिवलिंग को शोभा यात्रा में शामिल किया गया था। शोभा यात्रा में करीब सौ महिला एवं पुरुष मौजूद रहे। नगर के ऊंचाहार मार्ग, परशदेपुर मार्ग, सलोन कस्बे के मुख्य मार्ग पर शोभा यात्रा निकाली गई।

ओम कुमारी ने कहा कि महाशिवरात्रि का महापर्व कई आध्यात्मिक रहस्य को समेटे हुए हैं। यह पर्व सभी पर्व में महान और श्रेष्ठ है, क्योंकि शिवरात्रि परमात्मा के दिव्याता यादगार महापर्व है। शिवरात्रि पर हम शिवालियों में भगवान को पुष्प जल अर्पित करते है। इसके पीछे आध्यात्मिक रहस्य है कि जीवन में जो कांटों के समान बुराइयां हैं, गलत आदतें हैं और गलत संस्कार आज के दिन शिव पर अर्पण कर मुक्त हो जाएं।

यात्रा का समापन प्रतापगढ़ मार्ग स्थित ब्रम्हकुमारी शाखा के समीप किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रशेखर रस्तोगी, नागार्जुन गुप्ता, अमित कुमार रस्तोगी, राहुल रस्तोगी, सुनील साहू आदि लोग मौजूद रहे।

## शिव बरात में आकर्षण का केंद्र रहीं मनमोहक झांकियां

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के मौके पर ऊंचाहार नगर में शिव बरात निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्त शामिल हुए। बरात की अगवानी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने की। नगर के महादेवन मुहल्ले में स्थित शिवालय से शुरू हुई शिव बरात पूरे नगर के विभिन्न रास्तों से निकाली गई। बरात में निकाली गई आकर्षक झाकियों को देखने के लिए लोग अपनी–अपनी छतों से टकटकी लगाए देखते रहे। बारात के स्वागत में जगह–जगह भंडारे का आयोजन किया गया। दिन भर बरात का भ्रमण चलता रहा। नगर के रेलवे क्रासिंग, मुख्य चौराहा, बस स्टेशन, फड़ आदि मुहल्लो से शिव बरात होते हुए गायत्री नगर मुहल्ले में स्थित मंदिर में पहुंची, जहां बारात का समापन हुआ। इस दौरान आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस बरात में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण चंद्र जायसवाल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल, पूर्व प्रधान लालचंद कौशल, प्रदीप चौरसिया, फूलचंद साहू, जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र गुप्ता, बौद्धिक विचार मंच के संयोजक रतिपाल शुक्ल, शिव कुमार गुप्ता, अंकित मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।



शिव बरात में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार।

# सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस से दूरी बना रहे फरियादी

## अधिकांश समस्याओं का निस्तारण न होने से हो रहा मोह भंग, अधिकारी भी निभा रहे औपचारिकता

हरदोई,

**अमृत विचार।** शासन ने समाधान दिवस व थाना दिवस की व्यवस्था इसलिए की है कि लोगों को उनके नजदीक न्याय सुलभ तरीके से मिल सके, लेकिन अधिकारियों की हीलाहवाली के चलते थाना दिवस में शिकायतों का निस्तारण नाम मात्र का किया जाने लगा है, जिससे लोगों का इन दिवसों के प्रति विश्वास उठता चला जा रहा है।

शनिवार को लोनार कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी पश्चिमी ने क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। राजस्व विभाग और पुलिस से संबंधित कुल पांच शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। जिनमें से मौके पर तीन का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। इस मौके पर लोनार कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी, व्यास यादव, कैलाश यादव, तेजवीर गोला, विनोद यादव, मनदीप चौधरी, प्रफुल्ल सिंह यादव, सुनील आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



बेनीगंज में थाना दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

शाहाबाद के अनुसार सरकार के निर्देश पर छोटे-छोटे विवादों को सुलझाने के लिए आयोजित किया जा रहा थाना दिवस शाहाबाद में औपचारिकता तक सीमित होकर रह गया है। थाना दिवस में फरियादी भी कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, क्योंकि अधिकांश थाना दिवस में समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। अधिकारी और क्षेत्रीय दरोगा भी समस्याओं को निस्तारित करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। समस्याओं का निस्तारण हल्का दरोगा और सिपाही केवल गांव में ही करते हैं। शनिवार को शाहाबाद कोतवाली में 2 बजे तक थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें शिकायतें सुनने के लिए क्राइम इंस्पेक्टर शिवगोपाल और राजस्व विभाग की ओर से नायब तहसीलदार ने शिकायतें सुनी। इस मौके पर पुलिस और राजस्व से संबंधित मात्र 6 शिकायतें आई जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। चार शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय लोगों को निर्देशित किया गया है। शिकायतों का निस्तारण न होने की वजह से ही आईजीआरएस की संख्या बढ़ती जा रही है। पीड़ित की फरियाद न सुने जाने से नाराज होकर वह शासन और उच्च अधिकारियों को शिकायत करता है जिससे ऑनलाइन शिकायतों की संख्या बढ़ती जा रही है।

### चार में से एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं

बेनीगंज कोतवाली में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक व कानूनगों की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, समाधान दिवस में कुल चार शिकायतें आई, जिनमें से एक भी समस्या का निस्तारण मौके पर नहीं किया जा सका। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने बताया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत पत्रों का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाएगा। थाना समाधान दिवस में कोतवाली क्षेत्र के कोई भी लेखपाल नहीं पहुंचे। समास्याओं के निस्तारण न हो पाने के कारण सभी फरियादियों को निराश होकर घर वापस लौटना पड़ा।

### मल्लावां कोतवाली में पहुंचे केवल चार फरियादी

मल्लावां संवाददाता के अनुसार कोतवाली में समाधान दिवस पर चार राजस्व संबंधी मामले आए। ऐसे में मेहंदीपुर, मर्दाननगर में पेमाइस और ठठिया जाहिदपुर में चंबदी से संबंधित मामला आया। गढ़ी रसूलपुर में जमीन पर कब्जे से जुड़ा मामला आने पर राजस्व टीम व पुलिस को भेजा गया। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया जा रहा है। राजस्व टीम के क़ानूनगो जितेन्द्र कुमार सिंह, अहिवरन लाल, हरिओम सहित हलकों के लेकपाल मौजूद रहे।

### संडीला में केवल एक फरियादी पहुंचा

संडीला संवाददाता के अनुसार थाने में थाना दिवस नायब तहसील दार देवानंद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें मात्र एक फरियादी ने प्रार्थना पत्र दिया जिसका निस्तारण मौके पर नही हो सका। थाना दिवस में थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के लेखपाल मौजूद रहे ।

## श्रद्धालु बनकर पहुंचे चोरी कर ले गए घण्टा

**हरदोई, अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर श्रद्धालु बन कर मंदिर में पहुंचें चोरों ने वहां से एक कुंतल पांच किलो वज़न के छह घंटे चोरी कर लिए। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने पुजारी के हाथों दी गई तहरीर पर सारे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल शुरु कर दी है। प्राचीन मंदिर बेहटा गोकुल थाने के बेहटा धीरा में है। बेहटा धीरा गांव मे कालसेन बाबा मंदिर की देखरेख करने वाले पुजारी भारत स्वरूप बाबा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि महाशिवरात्रि के दिन मंदिर में श्रद्धालुओ की काफी भीड़ थी। उसी बीच भीड़ के साथ वहां पहुंचे चोरों ने प्राचीन मंदिर में लगे छह घंटे, जिनका वज़न तकरीबन एक कुंतल पांच किलो बताया गया है। बेहटा गोकुल पुलिस ने दी गई तहरीर पर गहराई से जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। तत्कालीन एसपी राजेश द्विवेदी व एसएचओ रंधा सिंह ने पहल करते करीब छह महीने पहले ही आस्था का केन्द्र कहे जाने वाले कालसेन मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था।

## एक नजर

### पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला खत्राना निवासिनी अनुपमा ने अपने पति समेत पांच लोगों पर दहेज़ उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। अनुपमा के मुताबिक उनकी शादी 2015 में मध्य प्रदेश सागर जिले के थाना गोपालगंज में हेमंत चौबे पुत्र रमेश चौबे के साथ हुई थी मेरे पिता ने हैसियत के मुताबिक लगभग शादी में दान दहेज़ मिला कर 15 लाख रुपये खर्च किये थे बावजूद इसके ससुरालीजनो ने और डिमांड कर मुझे तंग करना शुरू कर दिया अनुपमा ने अपने पति हेमंत चौबे ससुर रमेश चौबे, सास शांति चौबे, ननद सविता कौशिक, व रानी दुबे पर मुकदमा दर्ज कराया है।

### महाकाल वॉरियर्स ने दर्ज की 52 रनों से शानदार जीत

**हरदोई, अमृत विचार।** सीएसएन पीजी कॉलेज में चल रहे युवा महोत्सव के अंतर्गत द्वितीय बाबू मोहनलाल वर्मा क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन शनिवार को पहला मैच खाटू श्याम स्पोर्टिंग क्लब और हरदोई राइडर्स के मध्य होना था। काफी इंतजार के बाद हरदोई राइडर्स की टीम मैदान पर नहीं पहुंची। जिसके चलते खाटू श्याम स्पोर्टिंग क्लब को वाक ओवर दे दिया गया। दूसरा मैच महाकाल वॉरियर्स और आजाद नगर स्पोर्टिंग क्लब के मध्य खेला गया। टॉस जीत कर महाकाल वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में छह विकेट होकर 119 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आजाद नगर स्पोर्टिंग क्लब की टीम 11 ओवर 3 गेंद पर ही 67 बनाकर ऑल आउट हो गई। महाकाल वॉरियर्स ने 52 रनों से मैच जीत लिया।

### हाईस्कूल के छात्र की ट्रेन से टकरा कर हुई मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बाज़ार से पैदल घर लौट रहा छात्र बघौली रेलवे क्रासिंग के पास अचानक ट्रेन के आ जाने से उसकी चपेट में आने से ज़ख्मी हो गया, उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां पहुंचतें ही उसकी मौत हो गई। बघौली कस्बे के आज़ाद नगर निवासी सुरेश चन्द्र का 16 वर्षीय पुत्र विजय कुमार हाई स्कूल का छात्र था। शनिवार की दोपहर बाद विजय बघौली बाज़ार से पैदल वापस घर लौट रहा था। वह बघौली रेलवे क्रासिंग पार कर रहा था,उसी बीच अचानक ट्रेन आ गई।

# पुलिस को देख डीसीएम चोरी कर ले जा रहे कार सवार भागे

हरदोई

**अमृत विचार।** लोनार पुलिस के ऐन वक्त पर पहुंच जाने से एक डीसीएम चोरी होने से बच गई। दरअसल पुलिस एक संदिग्ध लग्ज़री कार खोजने निकली थी, तभी चोरों को एक डीसीएम चोरी का प्रयास करते हुए कुछ लोगों देखा तो ललकारा। इस पर चोरी मौके से भाग निकले। बाद में पता चला कि लग्ज़री कार पर सवार चोर डीसीएम चोरी का प्रयास कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात लोनार पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध लग्ज़री बावन रोड पर नहर के किनारे खड़ी है। इसका पता होते ही बावन पुलिस चौकी की टीम जांच पड़ताल के लिए निकल पड़ी। उसी बीच एक लग्ज़री कार आते हुए दिखी। चौकी प्रभारी व्यास यादव और एसएचओ लोनार आलोक मणि त्रिपाठी ने पुलिस जवानों के साथ कार सवार लोगों का पीछा किया। कार चालक पुलिस को देख काफी देर तक भागता रहा। जगदीशपुर के पास बैरियर देख कार सवार किसी न किसी तरह से जगदीशपुर से कुछ दजर पर डीसीएम नंबर यूपी-30/एटी/4825 को छोड़ कर भाग गए। पड़ताल की गई तो डीसीएम शहर के बावन चुंगी निवासी आफाक अली के नाम थी। आफाक ने बताया कि शुक्रवार को उसने मोहल्ले में डीसीएम खड़ी की थी, उसी संदिग्ध कार सवार लोग उसे चोरी कर भाग रहे थे, लेकिन लोनार पुलिस के सक्रिय रहने से डीसीएम चोरी होने से बच गई।

# पुलिस क्लब के अंदर से दरोगा की पिस्टल चोरी

हरदोई

▸▸ बक्से का ताला तोड़कर हुई सरकारी पिस्टल की चोरी

**अमृत विचार।** छुट्टी पर जाने से पहले यूपी-112 की पीआरवी के कमांडर ने पुलिस क्लब में रखे बक्से में सरकारी पिस्टल रख दी थी। उसी बीच बक्से का ताला तोड़ कर पिस्टल चोरी होने से पुलिस महकमें में सनसनी मच गई। पुलिस ने दरोगा की तहरीर पर सरकारी पिस्टल चोरी होने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

बताया गया है कि यूपी-112 की पीआरवी 2714 पर एसआई जोगेंद्र सिंह कमांडर के पद पर तैनात हैं। उन्हें सरकारी पिस्टल 9 एमएम नंबर-1869 2773 स्वीकृत है। कोतवाली शहर पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि वह 4 और 5 मार्च तक छुट्टी (सीएल) लेकर अपने घर आ गया हुआ था। जबकि उसने अपनी सरकारी पिस्टल पुलिस क्लब में अपने कमरें में रखे बक्से के अंदर रख कर उसमें ताला लगा दिया था। आठ मार्च को जब जोगेंद्र सिंह छुट्टी से वापस पुलिस क्लब लौटा ,तो उसे अपने बक्से के दोनों कुंडा टूटे हुए दिखाई दिए। बक्सा खोल कर देखा तो बक्से में रखी उसकी पिस्टल नहीं थी। काफी तलाश करने के बाद भी जब कोई पता नहीं चला, तो एसआई ने पुलिस को सूचना दी। इस बारे में एसएओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय ने बताया की दरोगा की तहरीर पर केस दर्ज कर सारे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। फिलहाल इस तरह के मामले को ले कर लोगों के बीच तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रहीं है।

## बीआरसी की आईसीटी लैब का ताला तोड़कर इन्वर्टर व बैट्री ले गए चोर

**हरदोई, अमृत विचार।** बीआरसी भरखनी का ताला तोड़ कर वहां की आईसीटी लैब (इन्फॉर्मेशन एंड कम्यूनिकेशन टेक्नालॉजी) का ताला तोड़ कर इन्वर्टर और बैट्री चोरी हो गई। शनिवार की सुबह जब बीआरसी का ताला खोलने की बारी आई तो इसका पता चला। चोरों ने महाशिवरात्रि से एक दिन पहले चोरी की। इसका खुलासा वहां लगे सीसीटीवी से हुआ। बीआरसी भरखनी के कार्यालय सहायक सौरभ बाजपेई ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शनिवार की सुबह जब बीआरसी का ताला खोला जानए लगा तो वहां उसके चैनल और आईसीटी लैब (इन्फॉर्मेशन एंड कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी) का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने वहां कमरें के लोहे के दरवाज़ो में ईंट फंसा कर वहां रखा इन्वर्टर और बैट्री चोरी कर ले गए। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में बनियाइन पहने व नकाब लगाए दो युवक चैनल का ताला तोड़ते हुए और एक चोर कमरे के दरवाज़े से घुसता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस सारे मामले की गहराई से जांच कर रही है।



ताला तोड़ते हुए सीसीटीवी में कैद चोर।

## मोबाइल की दुकान व घर से लाखों का सामान चोरी

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस प्रशासन की शिथिलता व लोगों में जागरूकता की कमी के चलते जिले में चोरी की घटनाओं में तेजी से इजाफा हो गया है। गांव–गांव संचालित जागरूकता समितियां सिर्फ कागजों पर चल रही हैं। पुलिस व आम जनमानस में संवाद की कमी के चलते चोरी की घटनाओं में तेजी आ गई है। थाना क्षेत्र कछौना के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र संडीला के फेस 2 में मोबाइल शॉप की गुमटी में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दुकान में रखे मोबाइल सेट, रिपेयरिंग मशीन, एसेसरीज आदि चोरी कर ले गए। मोबाइल शॉप विक्रेता अनुज कुमार की शिकायत पर कछौना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शिक्षा के साथ पर्यावरण चेतना भी आवश्यक

हरदोई

**अमृत विचार।** शनिवार को सीएसएन महाविद्यालय के सभागार में युवा महोत्सव के तहत शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा विकसित भारत के निर्माण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका एवं पर्यावरण नैतिकता विषयक व्याख्यान हुआ।

मुख्य वक्ता बीएसएनवी पीजी कॉलेज लखनऊ में रसायन शास्त्र विभाग के आचार्य व संघ विचारक डॉ इंद्रेश कुमार ने कहा कि भारत आज नहीं अपितु पूर्व से ही विकसित है, नई शिक्षा नीति 2020 से विकसित भारत का सपना साकार होगा। भारतीय शिक्षा पद्धति प्राचीन काल से ही अन्य देशों से बेहतर रही है, नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए अवसरों का द्वार खोल रही है एवं वर्तमान समस्याओं का समाधान भी इससे संभव है आत्म निर्भर भारत की संकल्पना के साथ ही साथ इसमें पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान भी प्रस्तुत किया गया है। स्वागत वक्तव्य देते हुए प्राचार्य प्रो केके सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास में सहायक है। शैक्षिक विकास के साथ-साथ इसमें चरित्र निर्माण व मानवीय मूल्यों पर भी बल दिया गया है। इसके पूर्व प्राचार्य ने डॉ इंद्रेश कुमार व डॉ पीजे पांडेय का अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा शास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ वीरपाल ने व आभार प्रदर्शन डॉ जेएस चौहान ने किया। इस अवसर पर प्रो संदीप सिन्हा, प्रो साधना शुक्ला, डॉ राम उग्र गोस्वामी, डॉ शिवेंद्र सिंह, डॉ दीपक राय, सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



युवा महोत्सव को संबोधित करते मुख्य वक्ता इंद्रेश कुमार। अमृत विचार

# एसडीएम व सीओ ने बैठक कर धर्मगुरुओं से की अपील

बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली में उपजिलाधिकारी गरिमा सिंह,क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र सिंह की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा निर्वाचन, होली व रमजान के त्यौहारों के दृष्टिगत सभी धर्मो के धर्मगुरुओं एवं सम्भ्रांत व्यक्तियों संग पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें उनकी समस्याओं को सुनकर उनके समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया एवं सभी त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण रुप से मनाने हेतु जागरुक किया गया। सभी त्यौहारों के एक साथ होने की वजह से थाना स्तर पर भी पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई, जिसमें सभी सभ्रांत नागरिकों को गंगा जमुनी तहजीब व शांतिप्रिय तरीके से अपने-अपने त्यौहार मनाने हेतु जागरुक किया गया। बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी गरिमा सिंह ने बैठक में आए हुए मुस्लिम समाज के धर्मगुरूओं व क्षेत्र के दोनो समुदाय के प्रबुद्धजनों से वार्ता कर समस्याएं सुनीं।

## सार-संक्षेप

### बंदर ने हमला कर किशोरी को किया घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बांड़ गांव में एक 17 वर्षीय किशोरी पर बंदर ने हमला कर दिया जिससे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार कल्पना 17 वर्षीय पुत्री जसवंत अपने घर पर खाना बना रही थी, तभी अचानक बंदर ने हमला कर किशोरी को घायल कर दिया। किशोरी के सर में गंभीर चोट आई है परिजनों ने आनन फानन में घायल किशोरी को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों द्वारा किशोरी का उपचार किया जा रहा है। वहीं किशोरी के पिता जसवंत ने बताया कि पिछले कुछ महीनो से बंदरों का आतंक पहले के मुकाबले ज्यादा बढ़ गया है। कुछ दिन पहले भी गांव में एक युवक पर बंदरों ने हमला कर घायल कर दिया था, जिससे युवक के पैर में गंभीर चोट आई थी।

### लापता किशोर की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा बीवीजई निवासी एक 16 वर्षीय किशोर अपने घर से काम सीखने के लिए दुकान के लिए निकला लेकिन दुकान पर नहीं पहुंचा। काफी तलाश करने के बाद भी जब किशोर का पता नहीं चला तो उसके पिता द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराई गई। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीवीजई निवासी साजिद उर्फ पप्पू के अनुसार उसका बेटा शाहिद उर्फ बड़े उम्र 15 वर्ष शुक्रवार की सुबह घर से दुकान पर काम सीखने के लिए निकला परंतु दुकान पर नहीं पहुंचा। देर शाम तक जब वापस नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू की गई, परंतु शाहिद का पता नहीं चल सका। पिता साजिद उर्फ पप्पू ने गुमशुदगी दर्ज कराई है।

### कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ : आजाद भदौरिया

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक स्थित उपेंद्र तिवारी स्मृति सभागार में भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पांडे की अध्यक्षता में नगर कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा शक्ति केंद्र संयोजकों की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विधानसभा प्रभारी आजाद सिंह भदौरिया ने एक दूसरे से परिचय प्राप्त किया और सभी को लोकसभा चुनाव में तन मन से जुट जाने की अपील की। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी आजाद भदौरिया ने कहा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं। आपसी सामंजस्य और समन्वय बनाकर पार्टी की नीतियों के तहत सभी कार्यकर्ता कार्य करें। विधानसभा प्रभारी ने बताया इस वक्त लाभार्थी संपर्क अभियान को 15 मार्च तक के लिए बढ़ा दिया गया है, इसलिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता लाभार्थियों के घर पहुंच कर उनसे संपर्क करें और पार्टी की नीतियों को बताएं। इस अवसर पर सुभाष सिंह, दीप कमल राठौर, विनोद कुमार, अंकित गुप्ता सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मकान ढहाता जेसीबी। अमृत विचार

### कोर्ट के बेदखली ऑर्डर पर गिराया गया मकान

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोर्ट से बेदखली ऑर्डर आने के बाद अवैध रूप से स्टेशन के समक्ष बना मकान पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी से गिराया गया। मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। कोर्ट के आदेश के बाद गिराए गए मकान को लेकर राजनीति के प्रारंभ कर दी गई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर कल्लू मोहल्ले में बरूआ बाजार निवासी रिजवान खान एडवोकेट ने संतराम को रहने के लिए जमीन दी थी। रिजवान खां ने संतराम से उनके जीवन काल में ही जमीन खाली करने का आग्रह किया था और बगल में पड़ी जमीन को उनके पुत्र कमलेश के नाम बैनामा कर दिया था। संतराम के एक बेटे की मौत हो गई। दूसरा बेटा जम्मू चला गया। इसका एक बेटा यहीं रहता है। रिजवान उल्ला खां के अनुसार जब कमलेश द्वारा बैनामा के पैसे भी नहीं दिए गए तो उन्होंने कोर्ट में केस दायर कर दिया। कोर्ट से बेदखली का आर्डर हो गया। उसके बाद दोनों के मध्य समझौता हुआ और विवादित जमीन से ज्यादा जमीन रिजवान उल्ला द्वारा दूसरी जगह पर दे दी गई, लेकिन फिर भी कमलेश की पत्नी द्वारा जमीन से कब्जा नहीं छोड़ा गया। जबकि 90 हजार किराए के रूप में कोर्ट की डिग्री भी बकाया है । वह नहीं जमा किया गया।

## एसएसआई व एक और एसआई लाइन हाज़िर

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने बघौली चौकी प्रभारी और वहीं तैनात हेड कांस्टेबिल को लाइन हाज़िर करने के बाद पिहानी में तैनात एसएसआई दृगपाल सिंह गौर और टड़ियावां में तैनात एसआई विजय कुमार मिश्रा को भी लाइन हाज़िर करते हुए 6 इंस्पेक्टर और 8 एसआई में फेरबदल किया है। एसपी ने पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर नित्यानंद सिंह को अपराध शाखा का प्रभारी बनाया है और प्रभारी अपराध शाखा उमाकांत दीपक को अपराध शाखा विवेचना सेल सौंपा है। पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर प्रियम्बद मिश्रा को आईजीआरएस सेल/ जन शिकायत प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया,जबकि आईजीआरएस सेल/ जन शिकायत प्रकोष्ठ और चुनाव सेल के प्रभारी अनिल यादव सिर्फ चुनाव सेल के प्रभारी रहेंगे। इसी तरह पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर विनोद कुमार को रिट सेल और मॉनिटरिंग/पैरवी सेल व पैरवी सेल के प्रभारी विद्या सागर पाल मॉनिटरिंग सेल व पैरवी सेल का प्रभारी बनाया गया है। एसआई रोहित कुमार पाण्डेय को एसएसआई पिहानी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात एसआई फहीम खां को बेनीगंज कोतवाली भेजा गया है। एसआई अभय कुमार सिंह अब गौसगंज पुलिस चौकी के प्रभारी होंगें, जबकि वहां तैनात किए गए अनिल कुमार को शाहाबाद रवाना किया गया है।

# जलाभिषेक से रोकने पर दो पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

हरदोई

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर ब्रह्मा बाबा मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंचें श्रद्धालुओ को बाहर ही रोक लिया, नतीजतन उन्हे उल्टे पांव वापस लौटना पड़ा था । मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो एसपी तुरंत एक्शन में आते ही बघौली चौकी प्रभारी और एक हेड कांस्टेबिल को लाइन हाज़िर करने का फरमान जारी कर दिया। इसका पता होते ही समूचे पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया।

बात महाशिवरात्रि वाले दिन (शुक्रवार) की है, बघौली चौराहा की कुंती बाजपेई पत्नी प्रमोद बाजपेई ने मुख्यमंत्री के नाम भेजी शिकायत में कहा कि वह शुक्रवार की सुबह अपनी बेटी के साथ बघौली चौराहा के प्राचीन ब्रह्मा बाबा मंदिर पर पूजा और जलाभिषेक करने पहुंची,लेकिन उसी बीच वहां ड्यूटी पर मौजूद बघौली चौकी प्रभारी सुरेश चन्द्र यादव और उनके हमराही हेड कांस्टेबिल नेत्रयम्बक दत्त गौड़ ने उसे मंदिर के अंदर जाने से न सिर्फ रोका बल्कि वहां ताला भी जड़ दिया। कुन्ती ने मंदिर से अपनी बरसों पुरानी आस्था जुड़ी होने का हवाला देते हुए काफी कुछ कहा भी,लेकिन साहब के कानों पर जूं तक नहीं रेंगीं,नतीजतन कुन्ती और उसकी बेटी को जलाभिषेक किए बिना ही वहां से लौटना पड़ा। कहते है कि 'बात निकलेगी तो दूर तक जाएगी',ऐसा ही हुआ। इस तरह आस्था पर पहुंचाई गई चोंट का सारा मामला सोशल मीडिया पर वायरल होते ही एक्शन में आए एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने चौकी प्रभारी सुरेश चन्द्र यादव और उनके हमराही हेड कांस्टेबिल त्रयम्बक दत्त गौड़ को लाइन हाज़िर कर दिया। एसपी के इस तरह के एक्शन से पुलिस महकमें में खलबली मची हुई है।

# देहरादून जाने वाली वंदे भारत ट्रेन के हरदोई में ठहराव की मांग


हरदोई

**अमृत विचार।** 12 मार्च को रेलवे अपने यात्रियों को एक बड़ी सौगात देने जा रही है। रेल प्रशासन कुछ नए और पुराने रेल मार्गों पर वंदे भारत की संख्या को बढ़ा ने जा रहा है। अब तक लखनऊ से वाया मुरादाबाद होते हुए किसी भी वंदे भारत या अमृत भारत ट्रेन का संचालन नहीं किया गया था। देहरादून से लखनऊ तक वंदे भारत के संचालन की मांग उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के लोग लगातार कर रहे थे। उम्मीद है कि 12 मार्च से रेल प्रशासन देहरादून लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू कर सकता है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 12 मार्च से वंदे भारत का संचालन शुरू होगा। जिसका ठहराव हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ रेलवे स्टेशन पर होना प्रस्तावित हैं। वंदे भारत एक प्रीमियम ट्रेन में शामिल है। फिलहाल अभी इस ट्रेन को हरदोई के लोग सिर्फ निकलते ही देख सकेंगे। हरदोई के लोग लगातार हरदोई रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे हैं। हरदोई जनपद के लोगों की मांग है कि हरदोई रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन का ठहराव किया जाए, जिससे लोगों को देहरादून मुरादाबाद जाने में कम समय लगे और एक प्रीमियम ट्रेन से यात्रा करने का सुखद अनुभव भी हो।

## अभी प्रतिदिन एक ट्रेन का देहरादून के लिये हो रहा संचालन

सोशल मीडिया पर लखनऊ से देहरादून के बीच वंदे भारत के संचालन की खबर जोरों से दौड़ रही है। रेलवे के अधिकारी भी दबी जवान में वंदे भारत के संचालन की बात कहते नजर आ रहे हैं। देहरादून से लखनऊ वंदे भारत के संचालन को लेकर रेल प्रशासन कई दिनों से तैयारी में जुटा हुआ है। हरदोई के रेल यात्री रेल प्रशासन में मांग कर रहे हैं कि देहरादून से लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन पर किया जाए, जिससे कि रेल यात्रियों को देहरादून हरिद्वार मुरादाबाद जाने में राहत मिल सके। रेल यात्रियों की मांग है कि हरिद्वार देहरादून जाने के लिए रेल यात्रियों को दिन में साप्ताहिक ट्रेनों का सहारा लेना पड़ रहा है। वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव हो जाने से रेल यात्री दिन में प्रतिदिन सफर कर पाएंगे। हरदोई से देहरादून के लिए प्रतिदिन शाम को 6 :40 पर 15119 वाराणसी देहरादून जनता एक्सप्रेस वही सप्ताह में मंगल गुरुवार और शनिवार को सुबह 4 :15 पर गोरखपुर देहरादून राप्ती गंगा एक्सप्रेस का संचालन होता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि हरदोई क्षेत्र के लोगों की मांग को रेल प्रशासन कितना तबज्जो देता है। फिलहाल रेल अधिकारियों ने बताया कि अभी तक वंदे भारत एक्सप्रेस का कोई भी ट्रायल नहीं हुआ हुआ है यह ट्रेन 12 मार्च से चलेगी या नहीं चलेगी इसको लेकर अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।



### क्या बोले यात्री

हरदोई निवासी अभिनव सिंह ने कहा कि उनको अक्सर कार्य के चलते मुरादाबाद हरिद्वार देहरादून जाना पड़ता है। ऐसे में उन्हें शाम को हरदोई पहुंचने वाली जनता एक्सप्रेस का सहारा लेना पड़ता है। इसके चलते अधिक समय लग जाता है। कई बार कार्य नहीं भी हो पाते हैं। यदि हरदोई रेलवे स्टेशन पर संचालित होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव हो जाए तो सुबह मुरादाबाद, हरिद्वार, देहरादून जाने के लिए एक अच्छी ट्रेन जनपद के लोगों को मिल जाएगी। इसी के साथ लोगों को काफी सुविधा मिलेगी और रेल को भी राजस्व की प्राप्ति होगी ।अभिनव सिंह ने कहा यदि जनप्रतिनिधि रुचि दिखाए तो अवश्य हरदोई में ठहराव हो सकता हैं।

एक नजर

### श्रृंगार पूजन कर हुई टेढ़ेश्वर नाथ महाराज की महाआरती

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व के चलते नर्मदा स्थल स्थित टेढ़ेश्वर नाथ महाराज के दरबार में देर रात्रि तक आरती पूजन का कार्यक्रम चलता रहा। इस दौरान बम-बम भोले और जय शिव ओंकारा के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा। श्रृंगार पूजन के बाद महा आरती में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष भक्तगणों ने भाग लिया। इस मौके पर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। महाशिवरात्रि पर्व के चलते टेढेश्वर नाथ महाराज के दरबार को दो दिन पूर्व से ही सजाना प्रारंभ कर दिया गया था। टेढ़ेश्वर नाथ महाराज का दरबार एक प्रसिद्ध दरबार है। नर्मदा स्थित इस दरबार में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं सुदूर जनपदों से भी भक्तगण पहुंचते हैं। सोमवार की रात्रि 8 :30 बजे महाराज जी का श्रृंगार पूजन किया गया। उसके बाद महा आरती हुई। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला और पुरुष भक्तगणों ने भाग लिया। पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। देर रात तक यहां पर हर हर महादेव, बम बम भोले, जय शिव ओंकारा के जयकारे वातावरण में गूंजते रहे।

### सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर संवाद कार्यक्रम में हरदोई से तीन युवा भी रहे शामिल

**हरदोई, अमृत विचार।** देश में सोशल मीडिया एक बेहतर मंच बनकर उभरा है। कोई अपनी गाने-नाचने की प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहा है तो कोई अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर रहा है। सोशल मीडिया अपनी बात को रखने का एक अहम माध्यम बन चुका है। इस माध्यम को अब सभी राजनीतिक दल अपने चुनाव प्रचार में भी प्रयोग कर रहे हैं। 7 मार्च को दिल्ली में बीजेपी की ओर से देशभर के सभी सोशल मीडिया पर कंटेंट क्रिएटर की एक मीटिंग की गई। इस मीटिंग को संबोधित करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे थे। जहां प्रधानमंत्री द्वारा 15 सोशल मीडिया क्रिएटर को अवार्ड देकर सम्मानित भी किया। इसी के साथ देश में सोशल मीडिया से जुड़ी बातें की। दिल्ली में आयोजित हुआ नेशनल क्रिएटर अवार्ड कार्यक्रम में प्रत्येक जनपद से पांच सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को आमंत्रित किया गया था। इस बैठक में हरदोई से सोशल मीडिया क्रिएटर इंफ्ल्युएंसर पुलकित शर्मा कछौना से पीडी गुप्ता और नवनीत कुमार को दिल्ली आमंत्रित किया गया था। हरदोई से तीनों इंफ्ल्युएंसर दिल्ली पहुंचे जहां उन्होंने इस बैठक में भाग लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों को ध्यान से सुना।

# वोटर लिस्ट में अपना नाम देखें, न हो तो फॉर्म 6 भरकर जुड़वाएं

## एसडीएम शाहाबाद ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

हरदोई

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत तहसील सदर से उप जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। मतदान केंद्र बाल विहार स्कूल में बुथवार मतदाता सूची का वाचन भी किया गया और शपथ ग्रहण कराया गया।

इसके अलावा शाहाबाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 155 में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उपजिलाधिकारी पूनम भास्कर की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्वीप के अंतर्गत एक आयोजन किया गया। जिसमें तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य विभागीय कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समस्त उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई व अंत में नगर में एक मतदाता



शाहाबाद में मतदाता जागरूकता रैली निकालतीं एसडीएम पूनम भास्कर। अमृत विचार

जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर रवि गुप्ता, गौरव आनंद, तौकीर बीआरसी आदि मौजूद रहे।

सण्डीला में उपजिलाधिकारी तान्या सिंह ने बताया कि शनिवार व रविवार को सभी मतदान केंद्र (पोलिंग स्टेशन) पर सुबह 10 बजे से चार बजे तक बीएलओ उपस्थित रह कर नये वोटर के आवेदन जमा करेंगे। मतदाता द्वारा वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक करने में सहयोग करेंगे। उपजिलाधिकारी ने कहा तहसील क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र पर जाकर वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक कर सकते हैं और जिनका वोट नहीं बना वह अपना वोट बनवा सकते हैं।

### मतदान केंद्रों का पुलिस ने किया भौतिक सत्यापन

**हरदोई, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव की अभी घोषणा नहीं हुई है फिर भी पुलिस अलर्ट हो गयी है। जिले के सभी थाना प्रभारियों ने अपने क्षेत्रों में मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर वहां व्यवस्था बनाने के लिए जायजा लेना शुरू कर दिया। यहां पहुंचकर पुलिस 25 बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार कर रही है। पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। शासन द्वारा पुलिस को अलर्ट मोड पर आकर उपद्रवियों का पता लगाकर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। इसी के चलते एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने भी जिला पुलिस को शरारती तत्वों के खिलाफ अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा है, ताकि चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हो सके। एसपी के आदेश पर जिला भर के सभी थाना प्रभारियों ने शनिवार दोपहर में क्षेत्रों में चुनाव के लिए बनाए जाने वाले मतदान स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया।

### अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एफएसटी व एसएसटी टीमों का प्रशिक्षण हुआ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्विहन सम्पन्न कराने के लिए शनिवार को रसखान प्रेक्षागृह में छह टीमों (स्थैतिक निगरानी टीम, उड़नदस्ता टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक टीम, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम व लेखा टीम) के अधिकारियों / कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, वरिष्ठ कोषधिकारी डा. अनुराग द्विवेदी, प्रभारी निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह तथा समस्त टीमों के सदस्य मौजूद रहे। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन कार्य में उत्पन्न होने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिये गये। कार्यक्रम में डा. श्री द्विवेदी, वरिष्ठ कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण द्वारा समस्त टीमों के अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके कार्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तृत रूप से दिशा निर्देश दिये गये। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के क्रम में निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी चुनाव कराना ही प्राथमिकता है। आम जन मानस से भी सहयोग का अनुरोध किया।

### पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने किया पैदल मार्च

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदाता निर्भीक होकर मतदान कर सकें, इसके लिए बीएसएफ के जवानों ने शनिवार को पैदल मार्च निकाला। जवानों ने कोतवाली देहात के महोलिया शिवपार, कांशीराम कालोनी, नानक गंज झाला, अब्दुल पुरव व कौढ़ा की सड़को पर जवानों पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलया। इस बीच एसडीएम सदर सुशील कुमार मिश्रा व सीओ सिटी अंकित मिश्रा के अलावा एसएचओ अनिल सैनी ने भी हमराहियों के साथ पैदल मार्च किया।

# प्रतिबंधित हरे पेड़ों पर चलाया जा रहा आरा

बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** वन रेंज क्षेत्र के अंतर्गत नियमों को ताक पर रखकर हरे-भरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। आश्चर्य की बात है तो यह है कि हरियाली का पाठ पढ़ाने वाले जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर ध्यान तक नहीं हैं।

वन रेन्ज हरदोई के तहत बक्सापुर गांव में रामसहाय व हेमराज के बाग में हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ों पर धड़ल्ले से आरा चलाया जा रहा है। ठेकेदार ने सात पेड़ों का परमिट बनवाकर 11 पेड़ (आम, शीशम व नीम) कटवाकर रातों-रात ठूंठ भी उखड़वा दिए। लेकिन जिले के अधिकारी हरियाली पर चल रहे आरा को रोकने की जहमत उठाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। वहीं आरा मशीनों पर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। निमयों के तहत लाइसेंसधारक आरा मशीन संचालक को लकड़ी चीरने के दौरान पेड़ का नाम, चिराई के बाद लकड़ी को बेंचने और बचने



वन रेंज क्षेत्र में काटे गए हरे पेड़। अमृत विचार

वाली लकड़ी का विवरण रजिस्टर में अंकित करना होता है। इसके अलावा आरा मशीन परिसर में सूचना पट्ट पर मशीन के बारे में जानकारी, लकड़ियों का स्टॉक और लाइसेंस रखना आवश्यक है। नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले आरा मशीन संचालकों के खिलाफ कार्यवाही तो दूर वार्षिक जांच तक समय पर नहीं की जाती है। जिसके चलते क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे भरे पेड़ों का कटान किया जा रहा है।

गौरतलब है कि क्षेत्र में अधिकांश आरा मशीन संचालक लकड़ी कटान का भी कार्य करते हैं और प्रतिबंधित के बावजूद हरे भरे पेड़ों को काटकर अपनी ही आरा मशीन पर चीरते हैं और व्यवसायीकरण कर मालामाल हो रहे हैं और इस एवज में जिम्मेदार भी इनसे मोटी रकम वसूल कर चुप्पी साध लेते हैं। क्षेत्र के लकड़ी माफियाओं के लिए यह मशीनें काफी फायदेमंद साबित हो रही हैं। क्षेत्र में प्रतिबन्धित पेड़ो के कटान का परमिट भी वन विभाग से मिल जाता है जैसे महुआ, नीम, आम आदि पेड़ों की लकड़ियां प्रतिबंधित होने के बावजूद काटी जा रही हैं। इन पेड़ों को काटने के बाद इनकी चिराई इन्हीं आरा मशीनों पर की जाती है।

**अधिकारी बोले**

हरदोई वन रेंजर ने कहा कि बक्सापुर गांव में परमिट से ज्यादा पेड़ों कटान की सूचना प्राप्त हुई है। मौके की जांच कराकर दोषी पाए जाने पर ठेकेदार सहित दोषियों पर विधिक कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वन दरोगा ने बताया कि बक्शापुर गांव में फल आने से पहले परमिट जारी किया गया था, जिसमें सात पेड़ो का परमिट था, सात से ज्यादा पेड़ों को कटवाने का जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्यवाही भी की जाएगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बेनीगंज संजय त्यागी ने कहा कि क्षेत्र में हरे भरे फलदार व औषधीय पेड़ों पर आरा चलाने वालों को किसी भी हालत मे बक्सा नहीं जाएगा, मौके की जांच कर प्रतिबन्धित पेड़ो को काटने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएंगी

# स्कूलों व बच्चों का हो रहा विकास



कार्यक्रम को संबोधित करतीं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी। अमृत विचार

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में प्री प्राइमरी शिक्षा व बाल वाटिका में संचालित गतिविधियों के जनजागरण हेतु समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र शाहाबाद में 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र रहे। कार्यक्रम में उपजिला अधिकारी उपस्थित रही।

उत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा केंद्र और प्रदेश सरकारी शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही हैं। पूरे देश में स्कूल बनवाये जा रहे हैं स्कूलों को विकसित करने के साथ-साथ बच्चों का भी विकास हो रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में आए अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को अच्छी तालीम और अच्छे संस्कार दें ताकि वह आगे चलकर प्रदेश, देश की सेवा कर सकें और हम सब का नाम ऊंचा करें। इस अवसर पर स्टेट रिसोर्स पर्सन आशीष मिश्र, नोडल संकुल देवेंद्र पांडेय, आशुतोष मिश्र, रवि गुप्ता, प्रभाकर बाजपेई, मो. इमरान, व आगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहीं।

# तीन करोड़ 36 लाख का बजट पास

संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र पंचायत की बैठक पंचायत भवन के हाल में हुई। मुख्य अतिथि सांसद अशोक रावत एवं विशिष्ट अतिथि एमएलसी अशोक अग्रवाल रहे। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख आरती गुप्ता ने की। बैठक में 10 बिंदुओं पर चर्चा कर सर्वसम्मति से तीन करोड़ 36 लाख 59 हजार का बजट पारित किया गया।

सांसद ने कहा कि आज भाजपा की सरकार में सभी धर्मों के लोग संतुष्ट हैं। भाजपा सरकार ने उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास



क्षेत्र पंचायत की बैठक में मौजूद सांसद अशोक रावत व अन्य जनप्रतिनिधि।

योजना, आयुष्मान योजना एवं कई योजनाओं का लाभ आम जनता को सीधे मिल रहा है। बैठक में पूर्व ब्लाक प्रमुख कुं. वीरेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख आरती गुप्ता, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित गुप्ता, बीडीओ धर्मेश चंद्र पाण्डेय, सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान मौजूद रहे।

### बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान का सर्वे तैयार, मिलेगा मुआवजा

**हरदोई, अमृत विचार।** बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को पहुंचें नुकसान के आंकलन का पैमाना खरा उतरे, इसके लिए डीएम ने एसडीएम और तहसीलदार को मौके पर पहुंच कर दोबारा सर्वे कराए जाने के निर्देश दिए थे। उसी के तहत किए गए आंकलन की रिपोर्ट तैयार की गई है, जो जल्द ही डीएम को सौंपी जाएगी। डीएम एमपी सिंह ने फसलों को बारिश और ओलावृष्टि से पहुंचे नुकसान का आंकलन करते हुए सर्वे कराया था। शनिवार को डीएम के निर्देश पर सदर तहसील के सभी लेखपालों व राजस्व निरीक्षक ने क्षेत्रों में पहुंच कर पिछले दिनों में हुए फसलों के सही नुकसान का आंकलन किया गया। इसके साथ नायब तहसीलदारों अपने-अपने ब्लाक में मौके पर पहुंच कर फसल को हुए नुकसान का आंकलन किया गया। आंकलन में किसी तरह की कोई कमी न हो, इसके लिए खुद एसडीएम और तहसीलदार स्थलीय सत्यापन कर रहे हैं।

कार्यक्रम | गायत्री प्रज्ञा पीठ में बाबा शंकर की उतारी गई नज़र, लगी हल्दी

# दुलहा के देहीं से भस्मी छोड़ावा...

पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** पहिरे ला मुंडन क माला मगर दुलहा लजाला..., दुलहा के देहीं से भस्मी छोड़ावा सखी हरदी लगावा ना...., शिव दुलहा के माथे पर सोहे चनरमा... ये उन गीतों की पंक्तियां हैं जो शुक्रवार की शाम महाशिवरात्रि पर गायत्री प्रज्ञा पीठ पर महिला संगीत में गूंज रहीं थीं।

अवसर था भूत-भावन के विवाह से पहले हल्दी के लोकाचार का। एक तरफ तो मंगल गीतों का गान हो रहा था, वहीं दूसरी तरफ बाबा को हल्दी लगाई जा रही थी। हल्दी लगा रही गवनहारिनों की टोली भगवान की स्वर सेवा करती रहीं। नंदी, श्रृंगी, भृंगी आदि नाच-नाच कर सारा काम कर रहे हैं। हल्दी की रस्म के बाद नज़र उतारने के लिए साठी क चाऊर चूमिय चूमिय...,



गायत्री प्रज्ञा पीठ पर आयोजित कार्यक्रम में गीत गातीं महिलाएं। अमृत विचार

गीत गाकर महिलाओं ने भगवान शिव की रजत मूर्ति को चावल से चूमा। इस बीच बाबा के तेल-हल्दी की रस्म पूर्व व्यवस्थापक देवेंद्र मिश्रा के सानिध्य में हुई। पूजन-अर्चन का विधान नीलम शर्मा व साधना कपूर ने पूरा किया। बाबा को खास ठंडई, पान और पंचमेवा का भोग लगाया गया। इससे पूर्व बाबा का विशेष राजसी-स्वरूप में श्रृंगार सीमा व नूपुर ने किया। आशा गुप्ता व सीमा रस्तोगी ने शिव-पार्वती प्रसंग को नृत्य की भंगिमाओं व भावों के माध्यम से जीवंत किया। नृत्य सेवा की शुरुआत उन्होंने अर्धांग से की। अर्धांग भस्म भभूत सोहे अर्ध मोहिनी रूप है पर भावपूर्ण नृत्य के बाद भगवान शिव के भजन हे शिव शंकर हे गंगा धर करुणा कर करतार हरे' पर भावनृत्य किया। समापन होली गीत पर नृत्य से किया।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# वायु प्राणशक्ति की संचालक



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं।

वायु से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। 'द लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चैकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस संबंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्यु दर का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परंपरा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है।

वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं,"तीव्र गति अनुभव में आती है,लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं "वायवा याहि दर्शते में सोमा अरंकृता-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।" (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरएक प्राणी का प्राण हैं,लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है "आत्मा देवानां।" (10.10.168.4) बड़ी बात है,देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं,इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राण लेवा बनाते हैं। सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें 'वायु' प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद (1.90.9) में स्तुति है "नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रहमासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है,आप प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं,मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।" यही मंत्र यजुर्वेद (36.9),अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद् (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म संपूर्णता है। आधुनिक ब्रह्मांड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, "वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हर एक रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है,प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं 'आदित्य हे वै प्राणौ-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है।

वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन 'मरूद्गण' कहते हैं। वे संपूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं-मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुंदर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं "अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु है-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अंतर्संबंधित है। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत भी हैं।

मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है "हे मरुतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी" ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरूणि अतिरिक्त जिज्ञासु हैं। पूछतें हैं 'मरुद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं? (1.165.1-2) फिर मरुतों का स्वभाव बताते हैं "वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है। कहते हैं, "वे गतिशील मरुद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं। (1.167.4) यहां मरुद्गण वर्षा के भी देवता हैं।

ऋग्वेद में मरुतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं "आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं।" (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है "हे मरुतों आप दूरस्थ क्षेत्रों में न रूकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आएं। (5.53.8) ऋषि कहते हैं "रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें।" (वही 10) वे "नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं।" (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रूकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं "हे मरुतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें।" (5.54.4) वायु जगत् का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं,जीवन दाता भी हैं। वाुय से वर्षा है,वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है,लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए।

चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रंथ है। इसके 28 वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है "वायुरायुर्बलं वायुर्वायु र्धाता शरीरिणाम-वायु ही आयु है। वायु ही बल है, शरीर को धारण करने वाले भी वायु ही हैं। कहते हैं "यह संसार वायु है,उसे सबका नियंता गाते हैं-वायुर्विश्वमिदं सर्वं प्रभुवायुश्च कीर्तितः।" वायु को सर्वशक्तिमान गाने की परंपरा पुरानी है। शरीर और प्राण का संयोग जीवन है, दोनों का वियोग मृत्यु है। वाग्भट्ट ने ठीक कहा है "वह विश्वकर्मा, विश्वात्मा, विश्वरूप प्रजापति है। वह सृष्टा, धाता, विभु, विष्णु और संहारक मृत्यु है।" चरक संहिता में कहते हैं "वह भगवान (परम ऐश्वर्यशाली) स्वयं अव्यय हैं, प्राणियों की उत्पत्ति व विनाश के कारण हैं, सुख और दुख के भी कारण हैं, सभी छोटे बड़े पदार्थो को लांघने वाले हैं, सर्वत्र उपस्थित हैं।" यहां शरीर के भिन्न अंगों में प्रवाहित पांच वायु का वर्णन है। फिर इनसे जुड़े रोगों का विस्तार से विवेचन है।

वायु का प्रदूषण हजारों रोगों की जड़ है। प्राणवायु के लिए ही लोग सुबह-सुबह टहलने निकलते हैं,जहां वायु सघन है,वहां के जीवन में नृत्य है। जंगलों में वायु सघन है। इसीलिए वन उपवन मधुवन हैं। भारत का अधिकांश प्राचीन ज्ञान वनों में ही पैदा हुआ था। वैदिक मंत्रों में प्राणवायु की सघनता है। हम सब वैदिक संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं,बावजूद इसके हम वायु को प्रदूषित करते हैं। प्रकृति को आहत करते हैं,स्वयं अपने ही जीवन जगत को क्षति पहुंचाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने में ही हमारे जीवन की गति है।

# जिंदगी में सजगता जरूरी



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

किसी एक ही दिशा में जाने के लिए दो रास्ते हैं। एक रास्ता तो ऐसा है,जो कंटकाकीर्ण है, पथरीला है, सड़क के किनारों पर लगे पेड़-पौधों की डालें सड़क की ओर आ गई हैं जिसके चलते पेड़ों में निकले कांटे निकल आए हैं। सावधानी हटी तो कांटों के चुभने का अंदेशा भी है। जबकि उसी दिशा में जाने वाला दूसरा रास्ता बहुत साफ-सुथरा है,दुरूस्त है। आंख बंद कर चलने पर भी कहीं कांटों के चुभने या पत्थर के टुकड़ों से ठोकर खाकर गिरने का खतरा नहीं है। हर तरह की सुविधा भी इस रास्ते पर उपलब्ध होने की व्यवस्था है। दोनों रास्ते एक ही मंजिल की तरफ ले जाने वाला है।

स्वाभाविक है कि अधिकांश लोग सुगम रास्ते को चुनेंगे,क्योंकि दुर्गम रास्ते पर मिलने वाले कष्ट को ज्यादातर लोग उठाना नहीं चाहेंगे। इसके विपरीत दुर्गम रास्ते पर चलने वाले को लोग बेवकूफ समझेंगे तथा उपहास भी उड़ाएंगे। जबकि दुर्गम रास्ते पर चलने वाले ने यह सोचकर इस रास्ते को इसलिए वरीयता दी कि इस पर जो अवरोध आदि है,उसे वह हटाते और रास्ते को सुगम बनाते हुए चलेगा ताकि भविष्य में किन्हीं कारणों से सुगम वाले रास्ते में कोई अनहोनी हो गई तो मजबूरी में लोगों को इसी रास्ते पर चलना होगा। जब रास्ता सुगम होगा तो भले उसे कठिनाई हो रही है,लेकिन आने वाले समय में लोगों को किसी तरह कठिनाई न हो सके। यह तो भौतिक सड़क की बात है। अब जिंदगी की राह को भी देखा जाए तो जिंदगी जीने की भी दो-राहें होती हैं जिसमें एक राह सकारात्मकता की राह है तो दूसरी नकारात्मकता की राह। अब यह खुद को निर्णय करना पड़ता है कि किस रास्ते पर कदम रखा जाए। सकारात्मकता के रास्ते में नैतिक मूल्यों, कड़ी मेहनत, सत्यनिष्ठ आचरण, धैर्य और संतोषप्रद भावना को कीमती पूंजी समझकर रखना होगा। संभव है कि समाज में नकारात्मक ढंग से जीने वाले भौतिक उपलब्धियों के बल पर बहुत आगे निकल रही हो,लेकिन सत्चरित्र, कर्तव्यनिष्ठा और अनुभव की पूंजी सकारात्मक रास्ते पर चलने से ही मिलेगी। इतिहास के पन्नों को पलट कर देखा जाए तो सबूत के तौर पर ऐसे तमाम लोगों के उदाहरण मिल जाएंगे जिनका किसी कालखंड में बहुत प्रभाव था,लेकिन उसी प्रभावशाली शख्स के जीवन में ऐसा भी समय आया कि वह दीनहीन बनने के लिए मजबूर हो गया। नकारात्मक तरीका आत्मबल भी छीनता है।

गलत ढंग से उपलब्धियां अर्जित करते समय भले ही ऐसा लगता हो कि इसकी भनक किसी को नहीं लग रही है, लेकिन खुद अपना मन तो जानता है कि अकूत भौतिक उपलब्धियों के लिए जो तरीका अपनाया गया है, वह सही नहीं है। गलत कार्य करते समय एकांत की तलाश होती है। यदि प्लानिंग बनाकर समूह में गलत कार्य किया जाता है तो समूह में शामिल लोग ही एक दूसरे पर विश्वास नहीं करते हैं। एक अज्ञात भय समूह के पूरे लोगों में समाया रहता है। जिंदगी की सर्वाधिक कष्टदायी स्थिति मन का भयाक्रांत होना ही है। अंदर से डरा हुआ व्यक्ति आंख मिलाकर बात करने का साहस खो बैठता है। इसके विपरीत सकारात्मक तरीका का पहला उपहार आत्मविश्वास के रूप में देता है और दूसरा अनुभव प्रदान करता है।

किसी काम को संपादित करने में पहली बार कुछ दिक्कतें आ सकती हैं,लेकिन आगे चलकर उसी काम को करने में सरलता महसूस होने लगती है। किसी वाहन के संचालन का ही उदाहरण लिया जाए तो पहली बार उसे संचालित करने में जितनी सजगता बरती गई,धीरे-धीरे उसमें कमी आती जाएगी। फिर तो एक ऐसा भी समय आ जाता है कि कब क्या करना है,वह स्वतः होने लगता है। जिंदगी की डगर में भी यही स्थिति होती है। मन रूपी ड्राइवर सकारात्मक रहा है तो दुर्घटना की संभावना कम होती जाती है।

# भौतिक विकास की कीमत चुका रही प्रकृति



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है।

वास्तव में इंसान के भौतिक विकास की कीमत प्रकृति चुका रहा है। यूं तो पर्वत, पहाड़, नदी, सागर सभी पर इस विकास का असर हुआ है, परंतु सबसे बड़ी कीमत पेड़-पौधे और वन चुका रहे हैं। जब भी किसी सड़क का चौड़ीकरण होता है तो सबसे पहले उसके किनारे लगे पेड़ों को काट दिया जाता है। भले ही हम प्रतिवर्ष सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर पेड़ों को लगाते हैं, परंतु उस पुराने पेड़ की स्थिति तक पहुंचने में कई दशक लग जाते हैं। शहरों का विकास व बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए वनों की भूमि का बदलता उपयोग वनों के विनाश का प्रमुख कारण है। फारेस्ट डिक्लेरेशन असेसमेंटः ऑफ ट्रैक एंड फॉलिंग बिहाइंड की रिपोर्ट 2023 के अनुसार यदि ग्लोबल वार्मिंग में हो रही वृद्धिदर को 1.5 डिग्री सेल्सियस के नीचे रखना है तो जंगलों को बरकरार रखना बेहद जरूरी है। ये जंगल हमारी दुनिया के फेफड़े हैं,जो न केवल प्रदूषित हवा को साफ करते हैं, बल्कि जैवविविधता को भी बचाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह उत्सर्जित होने वाली कार्बन डाईऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों के एक बहुत बड़े हिस्से को सोख लेते हैं जिसकी वजह से तापमान में होती वृद्धि को रोकने में मदद मिलती है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार देश में एक हेक्टेयर से बड़े क्षेत्रफल जिसमें पेड़ों की यानी हरित छतरी यानी हरियाली का घनत्व 10 प्रतिशत से ज्यादा हो, जंगल कहा जाता है। पारिस्थितिक संतुलन के लिए कुल भूमि क्षेत्र का 33 प्रतिशत वन क्षेत्र होना ही चाहिए, लेकिन वर्तमान में भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 24 प्रतिशत क्षेत्र ही वनाच्छादित है। वस्तुतः वन प्रकृति के सबसे प्रचुर और बहुमुखी नवीकरणीय संसाधन हैं, जो एक साथ आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक लाभ और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं। यह न केवल जलवायु और जैव विविधता, बल्कि खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, स्वच्छ पानी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देता है।

बढ़ती जनसंख्या के कारण स्थान, आवास, भोजन की आवश्यकता, शहरीकरण, औद्योगीकरण के कारण के वनों की कटाई और भूमि उपयोग के अन्य रूपों में स्थायी रूपांतरण के परिणाम स्वरूप वन क्षेत्र निरंतर कम हो रहा हैं। लगभग 80 प्रतिशत वन हानि वनों को कृषि भूमि में बदलने के कारण हो रही है। मानवीय गतिविधियों में वृद्धि के कारण, विशेष रूप से दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में, वनों की कटाई और गिरावट के कारण जंगलों में भारी गिरावट आई है। एक अनुमान के अनुसार दुनिया में हर मिनट लगभग 21.1 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में फैले जंगल नष्ट हो रहे हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में करीब 111 लाख हेक्टेयर में फैला जंगल खत्म हो जाता है। इतनी बड़ी संख्या में वनों के विनाश होने से लगभग 250 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ होगा, जो भारत के वार्षिक जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के बराबर हैं। अब तक जंगलों को हो रहे नुकसान में 40 प्रतिशत से ज्यादा अकेले ब्राजील में हुआ है। वर्ष 2021 में कनाडा, रूस और अलास्का जैसे सुदूर उत्तरी क्षेत्रों में पाए जाने वाले ठंडे बोरियल वनों के करीब 80 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले जंगलों नष्ट हो गए हैं, जो वर्ष 2001 के बाद सर्वाधिक है। पिछले 18 वर्षों में लगभग यूरोप के क्षेत्रफल के बराबर वन क्षेत्र नष्ट हो चुका है, जो करीब 15.7 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में फैले थे।

युनाइटेड किंगडम स्थित फर्म यूटिलिटी बिडर के सर्वेक्षण के अनुसार वनों के विनाश के मामले में भारत, ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के अनुसार भारत के लगभग उत्तर प्रदेश के आकार के बराबर 2.59 करोड़ हेक्टेयर में फैला जंगल गायब हो चुका हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां भारत ने वर्ष 1990 से 2000 के बीच अपने 384 हजार हेक्टेयर में फैले जंगलों को खो दिया था। वहीं वर्ष 2015 से 2020 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 668 हजार हेक्टेयर हो गया है। देश में वन विनाश में 284 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई,जो विश्व में सर्वाधिक है। इसमें से पूर्वोत्तर राज्यों में वन क्षेत्र लगभग एक हजार 20 वर्ग किलोमीटर कम हो गया है। देश के पर्वत, पहाड़ी और आदिवासी जिलों में वन क्षेत्र घटा है। पिछले दो वर्षों में देश के पर्वतीय क्षेत्रों में वनाच्छादन में 902 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। देश का वन और वृक्ष आच्छादन क्षेत्र 8.09 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। हालांकि वर्ष 2019 की तुलना में इसमें 2261 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है जिसमें मध्य प्रदेश में सर्वाधिक वृक्षारोपण कार्य के चलते वृद्धि हुई है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र राज्य हैं। देश के अन्य राज्यों द्वारा भी वन क्षेत्रों को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है।

वर्ष 2014 में विश्व स्तर पर सहमति बनी थी कि वर्ष 2020 तक पेड़ों के नष्ट होने की गति को कम से कम आधा और वर्ष 2030 तक इसे पूरी तरह ख़त्म किया जाएगा,परंतु यह लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका। हालांकि सतत प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते रूस,अमेरिका और चीन जैसे देशों में कुल वन क्षेत्रों में वृद्धि हुई है। वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है। यदि पृथ्वी और मानव जाति को बचाएं रखना है तो वनों का संरक्षण तथा उसका सतत विकास आवश्यक है।

# कविता तूने मुझको क्या दिया



वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

यह कई बार लोगों ने मुझसे पूछा,आपको प्यार पहली बार कब हुआ? मेरा जवाब भी अजीब था, जिस पर लोगों को यकीन कम होता था। मैंने सबसे पहले प्यार को शब्दों के बीच देखा और उन शब्दों के बीच के प्यार ने मेरे भीतर प्रेम को जन्म दे दिया। एक आधे अक्षर के बगैर एक पूर्ण अक्षर अपने को अभिव्यक्त नहीं कर सकता,अपूर्णता पूर्णता को व्याख्यायित करती है,यह मेरी पहली प्यार की समझ थी। मुझे अक्षरों से प्यार होने लगा। मैंने लिखने की कोशिश की और मुझे अपने लेखन से प्यार हो गया। मेरी उम्र रूपदर्शी तो थी पर रूप आग्रही न थी,ऐसी समाज की मान्यता थी,पर मैंने उस उम्र में स्त्री के सौंदर्य, अनगढ़ सौंदर्य को लफ्जों में उतारने की कोशिश की,जो शब्द गूंगे लगते थे लोगों को वह मुझसे बात करते थे और मैं शब्दों में खोने लगा। शब्दों में खोना शायद मेरा पहला प्यार था,वैसा प्यार फिर न हुआ। मुझे और उस प्यार ने बहुत से प्रेम को जन्म दिया और मैं सौंदर्याग्राही हो गया। मैंने पहली बार जिसके रूप को सराहा उससे लिखने की इजाजत मांगे बगैर उस पर लिख गया,पर अफसोस उसने पढ़ने से इंकार कर दिया,पर मेरी कविताओं ने, मेरी रचनाओं ने, मेरी रचनाधर्मिता ने लोक को समालोचक करने का मुझे अवसर दिया। मैं कोई बहुत मौलिक कृतिकार नहीं हूं,मैं लोगों के लेखन से शब्द चुरा लेता हूं, कभी-कभी भाव भी पर आसान नहीं होगा उसको भी जानना जिसमें से मैं चोरी कर लेता हूं। कारण यह है कि मैं उसमें मौलिकता सृजन करता हूं। मैं चुराए हुए शब्दों को गढ़ता हूं। मैं जमीन से उठाए गए भावों को अपने भावों में संजोता हूं और खुद से कहता हूं, सिर्फ मैं जानता हूं यह चुराया हुआ है,पर यह अर्ध सत्य है। पूर्ण सत्य यह है कि वह तराशा हुआ है। मैं मौलिकता का आग्रही हूं,मौलिकता विहीन होकर भी, मौलिकता विहीन तो शायद न हूं मैं, अधिक सत्य यह कहना होगा,मैं मौलिकता की तलाश में रहता हूं। यह तलाश मौलिकता की ओर ले जाती है।

# मनुष्य का मन बीते युगों का सार तत्व



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक नए मनुष्य का रूप उभर रहा है, जो केवल "डिमांड एंड सप्लाई" अर्थात् "मांग और आपूर्ति" की भाषा जानता है। जीवन भी "मांग और आपूर्ति" पर आधारित हो गया है। हर स्थिति लेन-देन का हिसाब होकर रह गई है। ममत्वहीनता, बौद्धिकता, सामंजस्य का अभाव, परिवारिक संबंधों का विघटन, उद्विग्नता, अभाव, अशांति, आतंक, अजनबीपन, अकेलापन, अवसाद, आशंका, संशय, अनिश्चय, आक्रोश, विडंबना, अनास्था, सामूहिक हत्या और सामूहिक आत्महत्या, जीवन का परम सत्य विकास अर्थात् भौतिक विकास को माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है। एक ओर वैभव तथा ऐश्वर्य का प्रदर्शन, दूसरी ओर अभाव और दरिद्रता। यह इतिहास ही की गति है।

यहां ध्यान देने की बात यह है कि जो बीत गया, वह बीतकर भी कहीं गया नहीं, वह मनुष्य की चेतना में समाया हुआ है और चेतना के रूप में वह इतिहास की गति को निर्धारित भी करता है। मनुष्य का मन बीते युगों का सार-तत्व है, समस्त युग उसके साथ जी रहे हैं और जीते रहेंगे। सभी लोग एक जैसे न कभी हुए और न कभी होंगे, विविधता रहेगी, क्योंकि विविधता अनिवार्य है। अनिवार्य इसलिए कि विविधता नैसर्गिक है और समानता को देखा जाए तो वह भी नैसर्गिक है। सभी के पास आंख, नाक-कान और मन-बुद्धि हैं, यह समानता है परंतु सभी के आंख, नाक, कान और मन तथा बुद्धि एक जैसे नहीं है, यह विविधता है। जिजीविषा है, सभी जीना चाहते हैं, रिरंसा है, सभी लोग सुख को खोज रहे हैं।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी भी सुख को खोज रहे हैं। सुख का आविष्कार कर रहे हैं। सुख को बाजार में ले जा रहे है। बाजार सुख की डिमांड बढ़ाता है और फिर उसकी सप्लाई करता है। यह बाजार-सत्ता कुछ हाथों में केन्द्रित है और संपदा के केन्द्रीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया की अपनी विसंगतियां भी हैं जिनसे एक विक्षोभ संगठित हो रहा है और घात प्रतिघात कर रहा है। इस घात प्रतिघात में नया विचार जन्म लेगा, उसके जन्मोत्सव में संपूर्ण मनुष्यता सम्मिलित होगी, उस विचार को अभिषिक्त करेगी, रस-सिक्त करेगी।

# बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं।

अब्दुल्ला का सबसे बड़ा काम क्या? वही। बेगानी शादी में दीवाना हो जाना। शादी की सुगबुगाहट भर हो किसी की। किसी के फेरे पड़ने की खबर आ जाए,उसका मन मोर हो जाता है। देर नहीं करता फिर वो। अपने पैरों में घुंघरू बांध लेता है। ऐन केन प्रकारेण मंडप में घुस ही जाता है। अपने जैसे और भी मिल जाते है उसे। उनमें से किसी को भी थाम कर अनर्गल बातें करता है। अपच होने तक खाता है। मंडप से धीरे से खिसकता है और फिर ऐसी ही किसी अगली बेगानी शादी का इंतजार करता है।

बेगानी शादी में दीवाने होने वाले अब्दुल्ला प्रायः मोहल्ले की हर लड़की के इकतरफा प्रेमी होते हैं। ऐसी हर लड़की के आशिक जो कभी इनके दिल के हाल नहीं जानती। जानकर दुत्कार चुकी होती है, बाप के तय किए किसी होनहार लड़के की दुल्हन बनकर रूखसत होती ही होती है। हमारे अब्दुल्ला ऐसे सांस्कृतिक अवसर पर निरंतर सजग भाव से उपस्थित बने रहते हैं। मेहमानों को लाना छोड़ना, कुर्सियां गिनना। टेंट हाउस के मालिक और केटरर से जूझना ऐसे सारी बेगारों के लिए ये कार सेवक की भूमिका में होते हैं। इन्हें कोई नहीं गिनता,पर ये होते हैं और इसलिए होते हैं,क्योंकि ये दीवाने हैं।

मोहल्ले के बुड्ढे भी इसी प्रजाति के सदस्य हैं। कोई काम नहीं। इन्हें बस चबूतरे पर पैर लटकाए बैठना है,सुबह-शाम। बहू के दुत्कारें बेघर लोग। ये दिनभर यही ताड़ते रहते हैं। किसके यहां कौन आया। कब आया। कब गया। किस लड़की का किसके साथ चक्कर चल रहा है। किसका बेरोजगार लड़का किसकी गलत संगत में पड़ा है। किसके यहां की बटलोई में आज कौन सी वाली दाल पकी है। जब भी कोई सनसनीखेज जानकारी मिलती है इन्हें ये नाचने-कूदने के लिए उतारू हो जाते हैं। उनकी तेज नाक हमेशा चौकन्नी बनी रहती है। किसी का कुछ निजी कार्यक्रम हो। शादी ब्याह, मुंडन, मैयत। ऐसे किसी भी मौके पर पकने वाले लजीज पकवानों को सूंघ ही लेते हैं ये और मौका देखकर मौके पर पहुंच भी जाते हैं। बेगाने अब्दुल्ला हर विषय के जानकार होते हैं। जानने भर के हर धतरकरम पर अपनी राय देने के लिए तत्पर। ये इस बात की परवाह नहीं करते कि कोई इनकी बातों पर गौर कर भी रहा है या नहीं। ये बकवास किए बिना मानते नहीं और कह सुनकर ही ठंडे होते हैं। जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते-जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं। किसने क्या पहना? किस मॉडल की कार मे आया। आने वालों में कितने हरामखोर है,कितनों के पास कितना माल है जैसी बातें करते हैं। लड़के के बाप ने कितनी दौलत लुटा दी और लड़की के बाप ने लड़के में क्या देखा? जैसी गंभीर चर्चाएं होती हैं। फिर खड़े-खड़े थक जाते हैं ये और हारे मन और भारी कदमों से अपने डेढ़ रूम के फ्लैट में लौट जाते हैं।

आप खुद के बारे में भी गौर कर लें अब। बताईए। अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग में कितने सेलिब्रिटी नाचे? मुफ्त में नाचे या करोड़ों लूट ले गए? हाथी की खिचड़ी कौन खा गया? आपको क्या मतलब है? आप काहे एक्सपर्ट कमेंट वाले लाला अमरनाथ हुए जा रहे हैं। उनका निजी मामला है ये। आपके पेट में गुड़गुड़ क्यों होना चाहिए? आप हैं कौन? अनंत के ताऊ हैं? फूफा हैं दूर के, जिसे बताकर, आपकी कीमती राय लेकर उसे अपनी होने वाली दुल्हन को वरमाला पहनाना चाहिए?

बाज आइए महाराज। ऐसे करने का कोई मतलब है नहीं। बेगानी शादी के दीवाने अब्दुल्ला आमतौर पर कॉलर से पकड़े जाकर धकेले जाते हैं बाहर। अब आप देख लें कि क्या करना है?

# पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले





दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

भारत की पहली महिला शिक्षिका और प्रसिद्ध समाज सुधारक सावित्रीबाई फूले का आज ही के दिन 1897 में निधन हुआ था। जीवनपर्यंत महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फूले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। उनके पिता खंडोजी नेवसे किसान थे। माता का नाम लक्ष्मीबाई था। 1840 में जब वह नौ साल की थी,तब उनका विवाह 12 वर्ष के ज्योतिराव फूले के साथ कर दिया गया। विवाह के समय सावित्रीबाई अनपढ़ थी। जबकि पति तीसरी कक्षा तक पढ़े थे। उस दौर में दलित व महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था। शादी के बाद वह पति के साथ पुणे में रहने लगी। वह पढ़ना चाहती थी तो इसमें उनके पति ने उन्हें पूरा सहयोग दिया। ज्योतिराव फूले ने उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

समाज के तमाम विरोधों के बीच वह पढ़ने जाती थी। कई बार लोगों ने उन पर पत्थर व गोबर फेंका। खरी-खोटी सुनाई और अपशब्द भी कहे,पर वह कभी भी अपने उद्देश्य से पीछे नहीं हटी। सावित्रीबाई ने अहमदनगर और पुणे में शिक्षक की ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और अपने व दूसरों के हक के लिए लड़ती रही।

वर्ष 1848 में फूले दंपत्ति ने पुणे में नौ बालिकाओं के साथ देश के पहले बालिका विद्यालय की स्थापना की। उन्होंने कुल 18 विद्यालयों की स्थापना की। उनकी कोई संतान नहीं थी तो उन्होंने एक ब्राह्मण विधवा के पुत्र यशवंतराव को गोद लिया। एक विधवा के पुत्र को गोद लेने पर दोनों को बहुत विरोध का सामना करना पड़ा और बिरादरी से बेदखल भी कर दिया गया, लेकिन वे अपने निर्णय पर अडिग रहे और बेटे को पढ़ा लिखाकर डॉक्टर बनाया। महिला अधिकारों खासकर दलित महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फुले ने विधवाओं के लिए एक पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की और उन्हे पुनः विवाह के लिए प्रेरित भी किया। 28 जनवरी 1853 को उन्होंने गर्भवती बलात्कार पीड़ितों के लिए बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना भी की। यह सब करना उनके लिए कतई आसान नहीं था,क्योंकि उन्हें लगातार लोगों के विरोध का सामना करना पड़ता था। सावित्रीबाई फूले का पूरा जीवन समाज के वंचित तबके खासकर दलितों और महिलाओं के संघर्ष के लिए बीता। उनके पति महान समाज सुधारक,लेखक और दार्शनिक ज्योतिराव फूले का 1890 में निधन हुआ। सावित्रीबाई ने ही उनका दाह संस्कार किया। पति की चिता को मुखाग्नि दी और अंतिम संस्कार की सभी विधियां पूर्ण की। उस समय किसी महिला का ऐसा करना कोई सोच भी नहीं सकता था। इसका भी लोगों ने विरोध किया।

1897 में जब महाराष्ट्र में प्लेग की महामारी फैली तब सावित्रीबाई फूले ने अपने बेटे के साथ मिलकर अस्पताल में भर्ती बीमार लोगों की देखभाल की। हालांकि इस दौरान वह स्वयं भी प्लेग से पीड़ित हो गईं और 10 मार्च 1897 को उन्होंने अंतिम सांस ली। वह केवल एक समाज सुधारक शिक्षिका ही नहीं थी,बल्कि कवयित्री भी थीं। उन्हें मराठी की आदि कवयित्री माना जाता है। फूले दंपति को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 1852 मे ब्रिटिश सरकार ने सम्मानित भी किया था। शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में सावित्रीबाई फूले के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शिक्षकों के लिए वह सदैव प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी।

**एक नजर**

### फिटनेस प्रतियोगिता में अलका रहीं प्रथम

**सीतापुर, अमृत विचार।** पिसावां क्षेत्र के ग्राम नेरी मे नेहरू युवा केंद्र द्वारा नारी शक्ति फिटनेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अलका सिंह को प्राप्त हुआ। जबकि द्वितीय स्थान दीपिका, तृतीय स्थान पूर्ति ने प्राप्त किया। पुरस्कार का वितरण विद्यालय प्रबंधक अतुल कुमार त्रिवेदी द्वारा किया गया। नेहरू युवा केंद्र के हर्षित मिश्रा, अध्यापक उमेश शुक्ला मौजूद रहे।

### पत्रकार को पितृ शोक

**कमलापुर।** कमलापुर के पत्रकार संघ के अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह चौहान के पिता सेवानिवृत शिक्षक एवं समाजसेवी रामनारायन सिंह चौहान, 85 वर्ष, का निधन इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

# कोरोना में माता-पिता को खोने वाले बच्चों को मिलेंगे चार हजार

संवाददाता, सीतापुर

▸▸ सभागार में सांसद ने 45 बच्चों को दिये लैपटॉप, तंबौर स्थित अपने कॉलेज में निःशुल्क शिक्षा का दिया आश्वासन

**अमृत विचार।** शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के शासनादेश के क्रम में कक्षा नौ या उससे ऊपर कक्षा में शिक्षारत बाल सेवा योजना के लाभार्थी बच्चों को लैपटॉप वितरण के लिए सांसद राजेश वर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बच्चों व उनके अभिभावकों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड एवं सामान्य) के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि किसी बच्चे के माता-पिता में से किसी एक की मृत्यु कोविड-19 के संक्रमण के कारण हो गई है, तो उस परिवार के समस्त बच्चों को बाल सेवा योजना के अंतर्गत रुपये 4000 प्रतिमाह की दर से प्रत्येक 6 माह पर धनराशि अभिभावक के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है एवं यदि किसी बच्चे के माता-पिता में से किसी एक की मृत्यु एक मार्च 2020 या उसके बाद किसी अन्य कारण से हुई है तो उस परिवार के अधिकतम दो बच्चों को बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत रुपए 2500 प्रतिमाह की दर से प्रत्येक 3 माह पर धनराशि बच्चे व अभिभावक के संयुक्त बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है, इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए योजना की छः श्रेणियों की जानकारी एवं बढ़ी हुई धनराशि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में सांसद राजेश वर्मा ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 45 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए। साथ ही बच्चों एवं अभिभावकों को शिक्षा के लिए उनके विद्यालय कृष्ण पाल सिंह पीजी कॉलेज तंबौर में निःशुल्क शिक्षा प्रदान करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट फरहीन जाहिद आदि उपस्थित रहे।



लैपटॉप वितरण के बाद बच्चों के साथ सांसद राजेश वर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, एडीएम नितीश सिंह व अन्य। अमृत विचार

## प्रभु की कृपा के लिए भक्ति की जरूरत

**पिसावां।** बिचपरिया में चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास कपिल त्रिवेदी ने कंस वध, नंद यशोदा विदाई से लेकर वसुदेव व माता देवकी को कंस की कैद से मुक्त कराने का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि, प्रभु की कृपा के लिए भक्ति की आवश्यकता है। कृष्ण ने अपने मामा का नहीं बल्कि उसके अहंकार का वध किया। द्वापर युग में जब कंस का अत्याचार बढ़ गए तब विष्णु ने मनुष्य रूप में श्रीकृष्ण का जन्म लेकर बड़े-बड़े राक्षसों का वध करने के बाद अंत में पापी कंस का वध कर लोगों को उसके अत्याचारों से छुटकारा दिलाया। श्रीकृष्ण ने मथुरा नरेश के रूप में विराजमान होने के साथ देवी रूकमणी से धूमधाम से विवाह किया। श्रीकृष्ण-रूकमणी के विवाह प्रसंग पर श्रीहरि के जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। विश्नाथ पांडेय, रामहेत पांडेय, रूपनरायन पांडेय, नवल पांडेय, अनुराग पांडेय, पुनीत पांडेय, पंकज पांडेय, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 99,847 वादों का निस्तारण

## बाह्य न्यायालयों ने निपटाये 1290 वाद, राजस्व न्यायालय ने 36268 मुकदमे किए निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वावधान में अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार-तृतीय की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक उपाध्याय ने राष्ट्रीय लोक अदालत के समापन के उपरान्त यह जानकारी दी कि अपर जिला जज, स्पेशल एससी/एसटी एक्ट, रामबिलास सिंह ने कुल-01 वाद, अपर जिला जज, स्पेशल ई.सी. एक्ट, शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने कुल 162 वाद, अपर जिला जज, कोर्ट संख्या-08, नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने कुल-03 वाद, अपर जिला जज कोर्ट संख्या-14, अनुराग कुरील ने 01 वाद, अपर जिला जज कोर्ट संख्या-15. निशा झा ने कुल-05 वाद का निस्तारण किया गया। इस प्रकार समस्त अपर जिला जजों ने कुल-174 वादों का निस्तारण किया।



परिवार न्यायालय में जोड़ों के साथ जनपद न्यायाधीश व अन्य।



न्यायालय परिसर में लगे शिविरों का निरीक्षण करते जनपद न्यायाधीश। अमृत विचार

**8.49** करोड़ रुपये की समझौता राशि बैंकों ने वसूली

मोटर दुर्घटना दावा न्याधिकरण सीतापुर के सम्मानित अध्यक्ष, शकील उर रहमान खान ने सुलह समझौते आधार पर कुल 65 मामलों का निस्तारण किया। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राम नगीना यादव ने 39 लम्बित वादों का समझौता किया। इसी प्रकार समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में 5467 वाद निस्तारित किये गये।

ग्राम न्यायाधिकारी न्यायालय लहरपुर कुनाल कुलभाष्कर ने कुल-135 वाद, ग्राम न्यायाधिकारी न्यायालय सिधौली जैयती चन्द्रा ने कुल 382 वाद, अपर सिविल जज महमूदाबाद अक्षिता सिंह ने कुल-562 वाद, अपर सिविल जज बिसवाँ सुभाष ने कुल-211 वादों का निस्तारण किया। इस प्रकार समस्त बाहय न्यायालयों द्वारा कुल-1290 (एक हजार दो सौ नब्बे) लम्बित वादों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया। जिला उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष, अभिमन्यु लाल श्रीवास्तव ने कुल-08 वादों का निस्तारण कर समझौता राशि मु.-601430 रूपये का एवार्ड किया। जनपद के समस्त राजस्व न्यायालय ने कुल-36268 मुकदमें निस्तारित किये गये और जनपद के अन्य समस्त विभागों द्वारा कुल-99847 मुकदमों का निस्तारण किया गया।

विभिन्न बैंकों ने प्री-लिटिगेशन बैंक रिकवरी के कुल-918 मामलों को निस्तारित कर 8 करोड़ 49 लाख रुपये समझौता राशि वसूली। कुल-198, प्री-लिटिगेशन ई-चालान का निस्तारण भी किया गया। इस प्रकार जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-99847 वादों का निस्तारण सफलतापूर्वक किया।

## कब्जा हटवाने के लिए भटक रहा पीड़ित

**इमलिया सुल्तानपुर।** रामपुर नवागांव निवासी इंद्रपाल पुत्र जानकी ने समाधान दिवस के मौके पर तथा लखनऊ मंडल के मंडलायुक्त के जनता दरबार में एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें यह आरोप लगाया है कि गाँव के ही विपक्षी रामस्वरूप पुत्र छोटानी, सुमन पत्नी रामस्वरुप, गौतम पुत्र रामस्वरुप, लक्ष्मी पुत्री रामस्वरुप, आरती पुत्री रामस्वरुप ने गांव में उनके पट्टे की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। साथ ही विपक्षी पास में बने बरात घर पर भी अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। विरोध करने में विपक्षी पीड़ित को झूठे केस में फंसाने तथा जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित ने ये भी आरोप लगाया कि बीती तीन फरवरी के दिन जब वह घर पर नहीं था, तब विपक्षियों ने उनके पट्टे की भूमि पर लगे दो जैती और एक यूकेलिप्टिस पेड़ को दबंगई से काट लिए। आरोप है कि विरोध करने पर विपक्षियों ने उनकी पत्नी को गालियाँ देते हुए पिटाई भी की। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में इसकी लिखित तहरीर भी दी।

**सार-संक्षेप**

### लहरपुर के शिक्षक व सेवाकाल हमेशा याद रहेगा: बीईओ



विदाई कार्यक्रम में अपने कार्यकाल का अनुभव बतातीं बीईओ शाहीन अंसारी।

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी के गैर जनपद स्थानान्तरण होने पर शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र सभागार में शिक्षकों और कर्मचारियों ने विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी के व्यवहार और उनकी कार्यशैली व कार्य की प्रति लगन की सराहना करते हुए उनके कार्यकाल को यादगार बताया। संकुल शिक्षक अनवर अली ने सम्मान समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी का कार्यकाल यादगार रहेगा। एक वर्ष के अपने सेवाकाल में उन्होंने शिक्षा का स्तर सुधारने एवं विद्यालयों को निपुण बनाने का अथक प्रयास किया। इस मौके पर शिक्षकों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षकों के प्यार से अभिभूत खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने कहा कि, इस क्षेत्र में जो उन्हें आप लोगों ने सहयोग व प्यार दिया है वह अपने आप में एक मिसाल है, स्थानांतरण सर्विस में चलने वाली एक निरंतर प्रक्रिया है, लेकिन लहरपुर का सेवा काल उन्हें सदैव स्मरण रहेगा।

### नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व सांसद राजेश वर्मा।

**सीतापुर, अमृत विचार।** नर्मदेश्वर महादेव आरएमपी परिसर में शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ भगवान नर्मदेश्वर महादेव के पूजन के बाद किया गया। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, महेश शर्मा आदि ने विधि विधान से नर्मदेश्वर महादेव का पूजन किया। हर तरफ नर्मदेश्वर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। यहां बता दें कि इस देव स्थान पर महा शिवरात्रि पर्व शुक्रवार से आयोजन चल रहा था। इस अवसर पर सुंदर कांड कमेटी अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, राजेश शुक्ला, अरुण मिश्रा, केके बाजपेयी, महेश शर्मा, प्रदीप तिवारी, राजेश मिश्रा, आकाश, हिमांशु तिवारी, दीपक तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### समाजवादी छात्र सभा के मनोनयन पत्र वितरित




बैठक में पदाधिकारियों को जानकारी देते जिला अध्यक्ष शिवम सिंह। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष शिवम् सिंह की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में समाजवादी छात्र सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए गए। समाजवादी छात्र सभा की तरफ से डॉ. राम मनोहर लोहिया, कांशीराम साहब व नेताजी को सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। साथ ही सम्पूर्ण क्रांति के नायक जय प्रकाश नारायण के सम्पूर्ण जीवन पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी की प्रारम्भिक सदस्यता ग्रहण की।

# रचनात्मक मॉडल बने आकर्षण का केंद्र

**प्रदर्शनी**

▸▸ अमेरिकन इण्डिया फाउंडेशन ने स्टेम शेयर आउट कार्यक्रम का किया आयोजन

**सिधौली, अमृत विचार।** विकास खण्ड सिधौली में अमेरिकन इण्डिया फाउंडेशन द्वारा विगत दो वर्ष से उप्र में चयनित सात जिलों के 30 सरकारी विद्यालयों में प्रौद्योगिकी आधारित बुनियादी ढांचा (लैपटॉप, प्रोजेक्टर, स्क्रीन, स्पीकर, पेन ड्राइव, गणित एवं विज्ञान किट्स) उपलब्ध कराकर अनुकूलित क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। शिक्षण पद्धति और प्रक्रिया में आईसीटी को एकीकृत करने के लिए शिक्षकों के तकनीकी कौशल में वृद्धि हेतु निरंतर सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है। ब्लाक सिधौली के चार विद्यालयों में स्टेम प्रोजेक्ट शेयर आउट इवेंट का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय से कक्षा छः से आठ तक लगभग 198 बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें बच्चों ने बेस्ट आउट ऑफ द वेस्ट और विज्ञान व गणित थीम पर वर्किंग और रचनात्मक मॉडल प्रदर्शनी में प्रस्तुत किये।

बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्वयं लगन से कई दिनों से विभिन्न थीम पर आधारित मॉडल का निर्माण ग्रुप व एकल रूप से कर रहे थे। जिसमें विशेष रूप से चन्द्रयान, वर्षा जल संरक्षण, ज्वालामुखी, रोड लाइट माडल जल शुद्धिकरण, भूकंप अलार्म, सम विषम संख्या मॉडल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। इवेंट में उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदापूर विद्यालय से अनूप कुमार व व विनीत कक्षा आठ मॉडल 'चन्द्रयान' ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान पर पलक व नेहा कक्षा सात, मॉडल रेन वाटर हार्वेस्टिंग को मिला, जबकि तृतीय स्थान आयुष व मोनू कक्षा आठ मॉडल 'एनर्जी सेविंग स्ट्रीट लाइट' प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार के साथ सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। इसके साथ-साथ 21वीं सदी की शैक्षिक आवश्कताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षण प्रणाली को सुदृढ़ बनाना। प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को बढ़ावा देना, जिससे लर्निंग आउटकम में वृद्धि हो सके आदि विषयों पर गहन चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, एआरपी गिरीश यादव व एआरपी प्रेमशंकर त्रिवेदी ने फाउंडेशन का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और बच्चों के बनाये मॉडल का गहन निरीक्षण किया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से जिला कॉर्डिनेटर एकता शर्मा, क्लस्टर कॉर्डिनेटर अजय यादव, क्लस्टर कॉर्डिनेटर रूबी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।




इवेंट में विजेता बच्चों के साथ अध्यापक व फाउंडेशन सदस्य। अमृत विचार

# अब घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे दिव्यांगजन

**सुविधा**

▸▸ भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दिव्यांग अधिकार सम्मेलन का आयोजन

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** शनिवार को मोहल्ला शुजावलपुर खैराबाद में भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के तत्वाधान में दिव्यांग अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रकोष्ठ जिला संयोजक अवध बिहारी मिश्रा एवं जिला कार्यक्रम संयोजक बिंदू मौर्या के संयुक्त रूप से अध्यक्षता की।

सम्मेलन में आए हुए दिव्यांगजनों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के विस्तृत जानकारी दी गई। जिला संयोजक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को मान सम्मान मिला है और मिलता रहेगा। डबल इंजन की सरकार में दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर प्रदान हुए हैं। लोकसभा चुनाव में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजन मतदाताओं को घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी। ऐसे दिव्यांगजन वरिष्ठ जन जो चलने में अक्षम हैं, उनको मतदान के लिए फॉर्म 12-डी भरना होगा। फार्म 12-डी अपने बीएलओ से संपर्क करके भर सकते हैं। जिससे वह घर बैठे मतदान कर सके। दिव्यांगजनों से आग्रह किया गया कि अगामी लोकसभा चुनाव में मतदान शत प्रतिशत जरूर करें। इस अवसर पर सुशील कुमार, हरिलाल, विमलेश, भागीरथ, विजय पाल, अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।

### दबंगों के खिलाफ दिव्यांग ने लगाया अभद्रता का आरोप

**रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार।** गांव के दबंगों के खिलाफ एसपी से आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत करना एक दिव्यांग को भारी पड़ गया। उसका आरोप है कि शिकायत की जांच करने आये पुलिसकर्मियों ने उससे अभद्रता की। रेउसा थाना क्षेत्र के देवरिया मजरा गुडरुआ निवासी विकलांग बदलू पुत्र रघुवीर ने अपने गांव के ही कुछ दबंगो के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को आरजीआरएस के माध्यम से शिकायती पत्र सौंपा था। आरोप है कि जिसकी जांच में रेउसा थाने में तैनात आरक्षी महेंद्र वर्मा व एक अन्य सिपाही पीड़ित के घर पहुंचे और अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर हाथापाई की। पीड़ित का ये भी आरोप है कि इस दौरान घर में मिटटी के बर्तन, बक्से एवं चारपाई भी तोड़ी गई।

**धर्म-कर्म** सरांवा गांव में मां दुर्गा मंदिर परिसर में सात दिवसीय चतुर्दस श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन

# कलश यात्रा में गूंजे श्रीराम और हनुमान के जयकारे



कलश में जल भरते श्रद्धालु। अमृत विचार

झरेखापुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सरांवा गांव में शनिवार को मां दुर्गा मंदिर परिसर में सात दिवसीय चतुर्दस श्री शतचंडी महायज्ञ एवं रासलीला को लेकर कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष व बच्चे हर-हर महादेव, जय माता दी जय श्रीराम, जय हनुमान आदि जयघोष के साथ सूर्य कुंड तीर्थ हरगांव पहुंचे। वहां से जल लाकर यज्ञ मंडप में यज्ञाचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण करके यज्ञ शुरू किया।

यज्ञ संयोजक आचार्य ब्रम्हचारी महाराज जी ने बताया सभी भक्तजन इस महायज्ञ में आकर प्रवचन सुने और यथा संभव सहयोग कर पुण्य के भागी बनें। इस मौके पर बब्लू सिंह, आशीष सिंह चैहान, मोहित तिवारी, संदीप सिंह, पिंटू सिंह, सतीश सिंह, राजू सिंह, बली राम सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने कुंदेश्वर महादेव के दर्शन कर चखा प्रसाद

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला ठठेरी टोला खतराना में नवनिर्मित कुंदेश्वर महादेव मंदिर में भोले बाबा दरबार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर से चल रही विशेष पूजा अर्चना के तहत शनिवार को मंदिर प्रांगण के निकट एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कुंदेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा अर्चना की और भंडारे में प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से निरंकार मल्होत्रा, अनुपम मेहरोत्रा, आदर्श मल्होत्रा, कमल टंडन, राम मोहन बाजपेई, उमेश मल्होत्रा, मनीष मल्होत्रा, अभिषेक कपूर, पुखराज मल्होत्रा, अमन मेहरोत्रा, संस्कार मल्होत्रा अन्नी लाल टंडन, शिवम टंडन, विमलपुरी सहित भारी संख्या में महिलाएं बच्चे उपस्थित थे।

### यज्ञ की आहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन

**रामपुर मथुरा।** यज्ञ सम्राट स्वामी प्रमोदानंद महाराज, लहुरी काशी ने शिव शक्ति यज्ञ के नाम से चंद्रभागा तट पर स्थित मुरलीधर मंदिर में 93वीं यज्ञ का आयोजन किया। एक मार्च से कलश यात्रा के साथ शुरू की गई। शनिवार को यज्ञ की पूर्ण आहुति विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुई। यज्ञ के मुख्य सहयोगी छोटकन्नू अवस्थी, राममनोरथ अवस्थी, धीरेंद्र मिश्रा, अवधेश सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# आशा बहुओं का धरना प्रदर्शन जारी



सीएचसी में प्रदर्शन करतीं आशा बहुएं। अमृत विचार

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आशा व आशा संगिनी का धरना प्रदर्शन जारी रहा। शनिवार को भी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर स्थानीय संगठन अध्यक्ष मीना तिवारी के नेतृत्व में आशा व आशा संगिनी ने अस्पताल परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।

शनिवार को आशा व आशा संगिनी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। बता दें कि कि आशा व आशा संगिनी द्वारा अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। आशाओं ने विगत बृहस्पतिवार को उप्र डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के पारा संराय आगमन पर उनसे भेंट कर अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन दिया था। आशाओं के प्रदर्शन को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर आनंद मिश्रा ने बताया कि आशाओं द्वारा दिए गए ज्ञापन को कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेजा गया है।

# देश में यूपी निवेश के लिए सबसे बेहतर डेस्टिनेशन बना है: नन्दी

## छह करोड़ 62 लाख रुपये की योजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

संवाददाता, प्रयागराज।


राजश्री टंडन मंडपम में आयोजित समारोह में मौजूद मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी।

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को राजश्री टंडन मंडपम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री त्वरित विकास निधि, पूर्वांचल विकास निधि एवं विधायक निधि के अंतर्गत प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा में लगभग 6 करोड़ 60 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमें सड़क, नाली निर्माण, विद्यालय के सौंदर्यीकरण, 5 किलोवाट सोलर लाइट लगाने, समरसेबल स्थापित करने और आरओ वाटर कूलर आदि लगाए जाने के कार्य शामिल हैं।

मंत्री नन्दी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरा देश और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के रिकार्ड बना रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने आपको गला कर, समर्पित कर देश के लिए कार्य किया, ताकि देश का मान, सम्मान बढ़े। भाजपा सरकार में सभी धर्म, जाति, मजहब के लोगों के लिए कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास से लेकर सभी योजनाओं का लाभ सभी धर्म, सम्प्रदाय और वर्ग के लोगों को मिला है। मंत्री नन्दी ने कहा कि गम्भीर बीमारियों का ईलाज कराने के लिए आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को हर महीने डेढ़ से दो करोड़ रूपए की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को दिलाने का कार्य किया जा रहा है। मंत्री नन्दी ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री योगी के कुशल नेतृत्व में 40 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ। निवेश के लिए भारत सबसे बेहतर डेस्टिनेशन है, वहीं भारत में उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे बेहतर डेस्टिनेशन बन कर उभरा है। अभी हाल ही में सम्पन्न हुए ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री ने दस लाख करोड़ रूपए के योजनाओं की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कॉर्पोरेटिव बैंक अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, प्रयाग व्यापार मंडल अध्यक्ष अरुण केसरवानी, प्रयाग व्यापार मंडल कार्यवाहक अध्यक्ष राणा चावला, जिलाध्यक्ष यमुनानगर विनोद प्रजापति, महानगर उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी, सफाई आयोग की सदस्य छाया देवी, मण्डल अध्यक्षगण रणविजय सिंह, राघवेंद्र मिश्र, किशोरीलाल जायसवाल, दिलीप केसरवानी, सुमित वैश्य, वरिस्ठ नेता प्रेमनारायण केसरवानी, पार्षद ओमप्रकाश द्विवेदी, साहिल अरोरा, पार्षद कुसुमलता गुप्ता, पूर्व पार्षद मुकेश भारती व राजेश कुशवाहा, मीडिया प्रभारी महानगर हर्ष केसरी, परमानंद वर्मा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा कनौजिया, गीता श्रीवास्तव व आभा भारती आदि उपस्थित रहे।

# माघ मेला-2024 सकुशल संपन्न, पुलिसकर्मी सम्मानित

संवाददाता, प्रयागराज।



**अमृत विचार:** रिजर्व पुलिस लाइन्स, माघ मेला के मानसरोवर सभागार में शनिवार को संगम की धरती पर 54 दिन लागतार चले माघ मेले में सभी मुख्य स्नान पर्व के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न होने पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।

पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा ने बताया कि माघ मेला 2024 के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराने में विभिन्न इकाइयों के समस्त पुलिस बल ने पूरी निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया है। सभी पुलिसकर्मियों के समर्पण व सेवाभाव को सलाम व सम्मान है। उन्होंने उनके किये गये कर्तव्यों के निर्वाहन की सराहना भी की। अपर पुलिस महानिदेशक ने माघ मेला 2024 के सकुशल संपन्न होने के दौरान रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में उत्कृष्ठ व सराहनीय योगदान देने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तीर्थराज प्रयाग के संगम के इस माघ मेले के सकुशल सम्पन्न होने पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज ने सभी अधिकारी, कर्मचारीगण को बधाई देते हुए धन्यवाद प्रकट किया। पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ. राजीव नरायण मिश्र ने बताया गया कि सभी अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के संयुक्त योगदान व सहयोग से माघ मेला 2024 सकुशल सम्पन्न हुआ है। सम्पूर्ण माघ मेला के सकुशल समापन पर रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला में बड़े खाने का आयोजन किया गया।

## सार-संक्षेप

### दवा लेकर घर जा रहे वृद्ध की सड़क हादसे में मौत

**पट्टी प्रतापगढ़ अमृत विचार :** जौनपुर जनपद के मनिकापुर शंकरगंज निवासी रामजस प्रजापति (80) शनिवार को अपने पौत्र सतीश प्रजापति के साथ आसपुर देवसरा के गौरामाफी बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में दवा लेने गया था। वहां से वह दवा लेकर शनिवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे पौत्र के साथ बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची आसपुर देवसरा पुलिस ने बुजुर्ग के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पुरातन छात्र ने बच्चों को भेंट कीं प्रतियोगी पुस्तकें



**मानधाता प्रतापगढ़, अमृत विचार :** मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह में पूर्व में अध्ययन कर चुके छात्र अंकुर कौशल पुत्र जीवन लाल जो नोएडा में प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रदर्शन को देखते हुए बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए नि :शुल्क प्रतियोगी किताबें प्रदान की।प्रभारी प्रधानाध्यापक राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मो .फरहीम द्वारा बच्चों की पढ़ाई के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करने की सराहना किया। इस दौरान हाईकोर्ट इलाहाबाद के एडवोकेट अनूप कुमार सरोज, अंशू पटेल,दिलीप गौतम,संतोष गौतम,पितामह यादव, आशा मिश्रा, रोशन,नीतू वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### हमारे सबकी साझा संस्कृति है: राज्यपाल

**संवाददाता,नैनी,प्रयागराज।** शनिवार को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान प्रयागराज पहुंचे। राज्यपाल ने डभांव में अपने रिश्तेदार गौश मोहम्मद शाहिम के यहां व्यक्तिगत रूप से मिलने पहुंचे थे। रिश्तेदारों से मिलने के बाद राज्यपाल कृष्णेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। कृष्ण देव मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की और भव्य आरती की। उन्होंने इस मंदिर में आने के प्रयोजन पर कहा कि हमारे संस्कृति की शुरुआत हो चुकी है। भारत में आज भी संस्कृति जिंदा है। उन्होंने ने संस्कृत में श्लोक का उच्चारण करते हुए कहा कि एकं स : विप्र वदन्ति। हमारे संस्कृति की शुरुआत इसी घोषणा के साथ हुयी है। उन्होंने कहा कि यहां आकर हमे बहुत खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि धर्म और रिलीजन में फर्क होता है। यह हमारे भारत की संस्कृति है। हमारी सबकी साझा संस्कृति है। अंत में वहां मौजूद पूर्व प्रधान डांडी सीताराम त्रिपाठी, गौश मोहम्मद शाहिम, अब्दुल हमीद, पूरन त्रिपाठी, नीरज त्रिपाठी, बलभद्र पांडेय, प्रशांत सिंह सहित अन्य लोगों ने उनका अभिनंदन किया। सबसे पहले राज्यपाल गौश मोहम्मद शाहिम के घर पहुंचे। वहां पर अब्दुल हमीद, सीताराम त्रिपाठी, मुदस्सर हमीद, सैफुद्दीन नेता, पेश इमाम मस्जिद अल्हमीद डभांव, मोहम्मद अशरफ रज़ानूरी आदि ने स्वागत किया।


मंदिर में पूजा करते केरल के राज्यपाल।

# सपा की बैठक में चुनाव जीतने की बनाई रणनीति


समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

संवाददाता,मिर्जापुर।

▸▸ कार्यकर्ता गली व गांव जाकर सरकार की असफलता को बेनकाब करें: देवी प्रसाद चौधरी

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस मौके पर मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामलाल बियार व लोहियावाहिनी के राष्ट्रीय सचिव संतोष पाण्डेय का माल्यापण कर स्वागत किया गया। बैठक में बिजली, पानी, खाद की समस्या का पदाधिकारियों ने जोर शोर से उठाया साथ ही साथ आये दिन हो रही हत्या के लिए सरकार को कटघरे में खड़ा किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि किसी भी संघटन की शक्ति उसके कार्यकर्ता होते है, उन्होंने सभी से कहा कि अपनी बूथ कमेटी को सक्रिय करने का काम करे जो लोग सक्रिय नही है उनकी जगह सक्रिय और पार्टी के पुराने लोगों को सम्मान के साथ सक्रिय करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। हर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। महंगाई और बेरोजगारी से जनता परेशान है। सरकार इन मुद्दों पर बहस नहीं करना चाहती है। उन्होने मतदाता सूची में नाम बढ़ाने पर भी जोर दिया। बैठक में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, रविन्द्र बहादुर सिंह पटेल, मुन्नी यादव, दामोदर प्रसाद मौर्या, रविप्रकाश त्रिपाठी, आदर्श यादव, संतोष पाण्डेय, झल्लू यादव, राणा प्रताप सिंह, सत्यप्रकाश यादव, शैलेष पटेल, सोकिम अहमद, धर्मेन्द्र मौर्या, अतीक खान, कौशिक कन्नौजिया, बब्बू चमार, सलीम बादशाह, जमाल अहमद, श्याम अचल यादव, कन्हैया यादव, भोलानाथ यादव, संग्राम बिन्द, मुकुन्द लाल यादव, अनीस खान, हरिशंकर यादव, विजय सिंह पटेल, अरशद अली, अशोक यादव, रामराज यादव, भूपनरायण यादव, सौरभ सिंह, राजेन्द्र यादव, जैन कुशवाहा, जावेद अली, रामसुधार कुशवाहा, बाल गोबिन्द यादव, दिलीप शर्मा, अमरेश चन्द सोनकर, रविन्द्र यादव, सूरज यादव, सोनू यादव, अंकित यादव, रवि सोनकर, संतोष यादव, अजय सिंह यादव, सकील अहमद, नसीम, रामजी यादव, शिवकुमार यादव, मनोज चैहान, सूर्यकान्त, अहमद नवाज आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# कुर्सी पर डटे रहे अफसर व नेता, खड़ी रहीं महिलाएं

▸▸ क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में आयोजित हुआ पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित सेमिनार

संवाददाता, प्रतापगढ़


पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित सेमिनार में मंचासीन अफसर व नेता।

> पूर्व में हादीहाल में कार्यक्रम में निर्धारित था। अचानक स्थान परिवर्तन से थोड़ी असुविधा हुई। आगे से कोई कमी नहीं रहेगी। –त्रिभुवन विश्वकर्मा, एडीएम प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** एक तरफ सरकार महिलाओं के सम्मान की बात करती है। वहीं, दूसरी ओर सरकार की योजना से जुड़े सेमिनार और जागरुकता कार्यक्रम में सत्ता पक्ष के नेता और अफसर कुर्सी पर बैठे रहे। महिलाओं समेत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आये लोग सभागार में खड़े रहे। खास बात यह रही कि नेता व अफसर अपनी बातें कहते रहे लेकिन किसी ने बदतर स्थिति पर बोलना मुनासिब नहीं समझा।

पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित सेमिनार-सह जागरुकता कार्यक्रम शनिवार को क्षेत्रीय विकास संस्थान सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिव व प्रत्येक गांव से लाभार्थी बुलाये गए। जिले में 1148 ग्राम प्रधान हैं,जबकि 250 पंचायत सचिव कार्यरत हैं। इसके अलावा लाभार्थी एवं पॉलीटेक्निक, आईटीआई व गैर सरकारी संस्थान भी बुलाये गए। आलम यह रहा कि मंच पर सत्ता पक्ष के नेता और अफसर बैठे रहे। सामने कुर्सियां भरी रही,बड़ी संख्या में आई महिलाओं समेत लोग सभागार में खड़े रहे। अंदर जगह न होने के कारण लोगों को बाहर भी जाना पड़ा। बैठक व्यवस्था पर्याप्त न होने पर लोग भटकते रहे।

# रेलवे क्रासिंग के पास मिला युवती का शव, दोनों पैर कटा मिला

संवाददाता, प्रयागराज।

▸▸ सामूहिक दुष्कर्म की आशंका, परिजनों ने दी तहरीर

**अमृत विचार:** घर से बाजार साइकिल से निकली 22 वर्षीय युवती देर रात तक होने घर नही पहुंची। युवती का शव शनिवार को फूलपुर रेलवे क्रासिंग के पास मिला। शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में परिजनों ने अपहरण के बाद सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या करने की आशंका जाहिर करते हुए तहरीर दी है।

जानकारी के मुताबिक फूलपुर थाना क्षेत्र के कनेहठी रेलवे क्रासिंग के पास शनिवार को एक युवती का शव मिला। उसके दोनों पैर कट गए थे। ग्रामीणों ने शव को देखा तो सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करायी। पुलिस ने इस घटना की सूचना परिजनों को दी। युवती के दोनों पैर कटे हुए थे और सिर में गहरी चोट के निशान मिले है। सूचना परिजनों को मिली तो वे मौके पर रोते बिलखते पहुंच गये। परिजनों ने बताया कि विश्वकर्मा योजना का ऑनलाइन फार्म भरने के लिए शुक्रवार को दोपहर युवती 12 बजे घर से निकली थी। परिजनों ने अपहरण के बाद सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया है। डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि शव के पास ही मृतका की साइकिल पड़ी मिली है। मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम में ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस मामले की जांच की जा रही है।

## वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1. 1. खाद्य पदार्थ का बासी हो जाना 2. खाने-पीने के पदार्थों से बदबू आना गंधाना, सड़ना।

4. सूबेदार का ओहदा या पद, सूबेदार का कार्य।

6. वह कागज़ जिसपर इकरार और उसकी शर्तें लिखी हों, शपथपत्र, प्रतिज्ञापत्र।

7. 1. जो वैधानिक न हो, अवैधानिक 2. अकरणीय, अकर्तव्य।

**ऊपर से नीचे**


2. समान जाति से संबंधित, समान जाति या प्रकार के।

3. अनुपम, उत्कृष्ट, बेहतरीन, बेजोड़।

4. 1. प्राचीनकाल में सूबे अर्थात प्रांत का प्रधान अधिकारी अथवा प्रादेशिक शासक, (गवर्नर) 2. वर्तमान में फ़ौज का एक छोटा अधिकारी।

5. 1. हिम का घर 2. हिमालय पर्वत।

6. 1. बाण, तीर 2. (ज्यामिति) वृत्त के अंदर जीवा के मध्य-बिंदु से परिधि तक खींची जाने वाली सीधी रेखा।



### वर्ग पहेली -4 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 गु | | | | | 2 ते |
| 3 जु | ला | ब | | 4 खं | | गा |
| | ब | | 5 सौ | गा | त | |
| | 6 पा | नी | दा | र | | 7 बि |
| | श | | सू | | | खे |
| 8 साँ | | 9 इं | त | हा | | र |
| ड़ | | | | | | ना |

## सुडोकू-84

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 7 | | 5 | | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 1 | | | |
| 2 | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | | 2 | 5 | 4 | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | 6 | 1 | | | 8 | | |
| 5 | | | | 7 | | | | 2 |
| 4 | | | 9 | | 3 | | 6 | |
| | | | | 1 | 8 | | 9 | |

### सुडोकू -83 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 |

# एडीओ एसटी ने ग्राम चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्या

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत महोगढी व भैसौड़ वलाय में शुक्रवार को पंचायत भवन परिसर में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्यायों को सुनकर ब्लाक कर्मियों ने समस्यायों को निस्तारण करने का भरोसा दिया तथा ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों का स्थलीय सत्यापन किया। महोगढी ग्राम पंचायत के पंचायत भवन परिसर में एडीओ एडीओ एसटी मनोहर लाल ने ग्रामीणों की समस्यायों को सुना जिसमें आवास, शौचालय व पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए रजिस्टर में नाम ग्रामीणों ने दर्ज कराया। जबकि ग्राम चौपाल में कृषि विभाग व खाद्य विभाग सहित अधिकतर विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद नहीं रहे। जिससे ग्रामीणों की समस्यायों का समाधान नहीं हो पाया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत भैसौड़ वलाय में आयोजित ग्राम चैपाल एडीओ एसटी मनोहर लाल के देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें आवास, शौचालय, पेंशन, प्रधानमंत्री सम्मान निधि आदि के मांग के लिए ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष रखा। इसके बाद अधिकारियों ने समस्यायों को सुनते हुए कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सत्यापन किया।इस दौरान सचिव आलोक राव, सौरभ यादव आदि मौजूद रहे।



# मंदिर गई महिला को लगी गोली, गंभीर

**कुण्डा प्रतापगढ़ अमृत विचार :** प्रयागराज से दर्शन करने भैरव बाबा मंदिर गई महिला को संदिग्ध परिस्थितियों में में गोली लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे इलाज के लिए सीएचसी कुंडा ले आई। प्रयागराज के नवाबगंज दशरथ का पुरवा गांव निवासी अंबिका प्रसाद पांडेय की बेटी 35 वर्षीय बेटी नीलम पांडेय शिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार की शाम दर्शन पूजन करने के लिए श्रृंगवेरपुर धाम गई थी। वहां से वह दर्शन पूजन करने के बाद हथिगवां थाना क्षेत्र के समसपुर नेशनल हाईवे के बगल स्थित भैरव बाबा मंदिर पर दर्शन करने गई हुई थी। रात में करीब 10 बजे घूमते समय किसी ने उन्हें गोली मार दी। गोली नेहा के बाएं हाथ के कंधे के नीचे लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस उपचार के लिए सीएचसी कुंडा ले आई। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उन्हें एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। गोली कैसे लगी और किसने मारी इस बात की जांच में पुलिस कर रही है। कोतवाल नंदलाल सिंह ने बताया कि महिला की हालत खराब होने पर उसे पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए प्रयागराज ले जाया गया है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 14 .29 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग

रा. 12 बु. | चं. | मं. 10
गु. 1 | शु. सू. श. 11 | 9
2 | 8
5
3 | 7
4 | 6 के.

दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्वभाद्रपद 11 मार्च 01 .55 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** – आज व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। लंबित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है।

**वृष** – आज मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा, जो लोग आपके विरुद्ध थे,वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बनाएंगे। व्यापार में जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**मिथुन** – आज जॉब में बदलाव करने का विचार बनाएंगे। प्रेम संबंधों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी। अपने काम को लेकर सतर्क रहें। समय के अनुसार अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** – आज रक्तचाप और किडनी के रोगियों की परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी। किसी भी तरह की उधारी न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें।

**सिंह** – आज माता के स्वास्थ्य की चिंत रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। ऑफिस में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। आपको ज्यादा मेहनत करने के बाद ही अच्छे परिणाम मिलेंगे। ट्रैफिक नियमों में लापरवाही न करें।

**तुला** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में परिजन किसी बात से रुष्ट हो सकते हैं। अपनी धार्मिक वृत्तियों का प्रदर्शन ज्यादा न करें। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** – आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण करें। आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**धनु** – आज बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं। अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**मकर** – आज संपत्ति विवाद से दूर रहें। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ** – आज ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। बॉस से बेवजह कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में अपनी दखलंदाजी न करें। अपनी बातों को दूसरों से मनवाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

**मीन** – आज सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U MOVIES | खुद्दार | दोपहर : 12.00 |
| B4U MOVIES | मेला | रात : 08.39 |
| SONY MAX | अर्जुन पटियाला | सुबह : 10.56 |
| SONY MAX | हसीन दिलरुबा | रात : 07.00 |
| SONY PIX | एक्वामैन | सुबह : 09.52 |
| SONY PIX | स्पाइडर मैन | रात : 07.59 |
| ZEE CINEMA | कार्तिक कॉलिंग कार्तिक | सुबह : 10.30 |
| ZEE CINEMA | रेस 3 | शाम : 04.30 |
| colors CINEPLEX | बेटा | दोपहर : 12.03 |
| colors CINEPLEX | मैं हूं ना | रात : 08.02 |

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बार एक दामाद शराब पी के घर लौटा। ससुराल वाले से बचने के लिए सूटकेस खोलकर काम करने लगा।
ससुर-आज फिर पी के आए हैं
दामाद-नहीं
ससुर-तो सूटकेस खोल के क्या रेडियो स्टेशन लगा रहे हैं।
ससुर की बात सुनकर दामाद का सारा नशा उतर गया।

गोलू पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी-कितना कमा लेते हो?
गोलू-20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू-मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

# हमने पूर्वोत्तर में पांच साल में जो किया, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लगते: मोदी

ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), एजेंसी

● प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर के राज्यों में किया 55,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले पांच साल में पूर्वोत्तर भारत में जिस तरह का विकास कार्य किया है, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लग जाते। प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में एक जनसभा में कहा-दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के साथ भारत के व्यापार, पर्यटन और अन्य संबंधों में पूर्वोत्तर एक मजबूत कड़ी बनेगा। आज यहां 55,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश आने वाला कोई भी व्यक्ति स्पष्ट रूप से देख सकता है कि मोदी



की गारंटी क्या है। उन्होंने कहा, ''पूरा पूर्वोत्तर देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं, तब विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के नेता उन पर हमला कर रहे हैं।

**मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का किया उद्घाटन:** मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का शनिवार को उद्घाटन किया जो अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक हर मौसम में संपर्क सुविधा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि 2019 में सेला सुरंग की नींव रखे जाने के बाद इसका का उद्घाटन मोदी की गारंटी का प्रमाण है।

### सिलीगुड़ी को 4,500 करोड़ रुपये की सौगात

**सिलीगुड़ी।** प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तरी पश्चिम बंगाल में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शनिवार को लोकार्पण किया। मोदी ने राज्य की अपनी तीसरी यात्रा के दौरान क्षेत्र के सबसे बड़े शहर सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी मौजूद थे।

### पीएम ने त्रिपुरा में बंदरगाह का किया उद्घाटन

**अगरतला।** प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम में तीसरे भूमि बंदरगाह का शनिवार को वर्चुअली उद्घाटन किया, जिसका मकसद बंगलादेश के चटगांव समुद्री बंदरगाह के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ देश के पूर्वोत्तर के व्यापार को अधिक सुविधाजनक बनाना है। भारत ने त्रिपुरा को बंगलादेश से सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए फेनी नदी पर पहले ही एक पुल का निर्माण किया है।

### मोदी ने बोड़फूकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

**जोरहाट (असम)।** प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वी असम के जोरहाट में 'अहोम सेनापति' लचित बोड़फूकन के समाधि स्थल पर उनकी 125 फुट ऊंची कांसे की प्रतिमा का शनिवार को अनावरण किया। इस 'स्टैच्यू ऑफ वेलर' (वीरता की प्रतिमा) की ऊंचाई 84 फुट है और इसे 41 फुट की चौकी पर स्थापित किया गया है। इससे यह संरचना 125 फुट ऊंची हो गयी है। प्रधानमंत्री ने टोक के समीप होलोंगापार में लचित बोड़फूकन मैदाम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में इस प्रतिमा का अनावरण किया। 16.5 एकड़ से अधिक के इस क्षेत्र का विकास एक पर्यटक स्थल के रूप में किया जा रहा है जो क्षेत्र के इतिहास को दर्शाता है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने फरवरी 2022 में इस प्रतिमा की नींव रखी थी।



चेन्नई में शनिवार को एयरफोर्स चीफ वीआर चौधरी के साथ ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड और पिपिंग समारोह के दौरान कैडेट। ● एजेंसी

## एक नजर

### अरुणाचल के पूर्व सीएम ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी ने आगामी लोकसभा और विस चुनावों से पहले कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी के एक नेता ने शनिवार को बताया कि पार्टी के तीन विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद तुकी ने शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) को अपना इस्तीफा भेजा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव ग्यामर ताना ने कहा-विधायकों को अन्य राजनीतिक दलों में जाने से नहीं रोक पाने के कारण पूर्व मुख्यमंत्री ने नैतिक आधार पर इस्तीफा दे दिया।

### राजस्थान में चाकू घोंपकर कांस्टेबल की हत्या

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में दो पक्षों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सरूपगंज थाने में तैनात कांस्टेबल निरंजन सिंह की ड्यूटी शुक्रवार रात लौटाना गांव में आयोजित हो रहे शिवरात्रि मेले में थी। उसने बताया कि मेले में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई और कांस्टेबल ने बीच बचाव किया। इसी दौरान किसी ने सिंह की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## सोनिया और लालू का एकमात्र लक्ष्य बेटों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना

पटना, एजेंसी

● गृह मंत्री अमित शाह ने पटना के एक सम्मेलन में लगाया आरोप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का एकमात्र लक्ष्य अपने-अपने बेटों को क्रमशः प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है।

शाह ने पटना के पालीगंज प्रखंड में भाजपा के ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित पिछड़ा-अतिपिछडा महासम्मेलन में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बिहार दौरे का जिक्र करते हुए कहा-अभी-अभी मोदी जी आए थे, उन्होंने देश भर में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया है। मगर मोदी जी को बिहार की जनता की ओर से एक विशेष बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव जी सत्ता में रहे, लेकिन उन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया। बिहार के पिछड़ा वर्ग के हितैषी और बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। उन्होंने आरोप लगाया-कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपने परिवार का सम्मान किया। लालू जी ने भी पूरा जीवन पिछड़ों के नाम पर अपने



परिवार के लिए जीया।

शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। लालू जी का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। मुझे बताइए, जो अपने बेटे-बेटियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना चाहते हों, वे आपके बेटे का भला कर सकते हैं क्या। उन्होंने कहा-पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग, गरीब और दलित का अगर कोई भला कर सकता है तो केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी कर सकती है, इसलिए हमने कई प्रकार के काम गरीबों के लिए किया है। नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के अंदर पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग के लिए ढेर सारे काम किए हैं। लालू जी जिसकी गोदी में बैठे हैं, उस कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग का अपमान किया।

## कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद राजूखेड़ी भाजपा में शामिल

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कांग्रेस के साथ पांच दशक के अपने जुड़ाव को अलविदा कह दिया और शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए।

पचौरी, पूर्व सांसद गजेंद्र राजूखेड़ी

**कांग्रेस पार्टी को लगा एक बड़ा झटका**

और कांग्रेस के कई पूर्व विधायक सुबह भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

यह कदम मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि पार्टी छोड़ने वाले उसके सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है। गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले 71 वर्षीय पचौरी केंद्रीय रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह कांग्रेस के चार बार राज्यसभा सदस्य भी रहे हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पचौरी ने कांग्रेस की आलोचना की।

## पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा सांसद कुनार हेम्ब्रम ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कुनार हेम्ब्रम ने शनिवार को कहा कि उन्होंने लोकसभा की सदस्यता और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। हेम्ब्रम ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने निजी कारणों से यह फैसला लिया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा-हेम्ब्रम ने कुछ दिन पहले पार्टी को अपने फैसले के बारे में सूचित किया था। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने पराजय को भांपते हुए इस्तीफा दिया है। तृणमूल सांसद शांतनु सेन ने कहा-उन्हें पता है कि भाजपा सीट हारने वाली है।

### बोफोर्स मामला: हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** राजनीतिक रूप से संवेदनशील 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स घूस कांड में हिंदुजा बंधुओं के खिलाफ लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को रद करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 2005 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक अर्जी दाखिल की गई है।

अधिवक्ता अजय अग्रवाल की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि शीर्ष अदालत ने दो नवंबर, 2018 को उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अर्जी खारिज कर दी थी। इसमें यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी उस फैसले के खिलाफ उनके द्वारा दायर अपील में सभी आधार उठा सकती है।

## सपा को बुंदेलखंड से किसी दिग्गज की तलाश

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**खजुराहो संसदीय क्षेत्र**

● पिछले चुनाव में ददुआ के लड़के को उतारा था सपा ने

● उमा भारती की चुप्पी से सपा को होगा फायदा

**अमृत विचार:** इंडिया गठबंधन के तहत मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने बुंदेलखंड के अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र समाजवादी पार्टी को दिया है। 2019 में सपा ने दस्यु सरगना ददुआ के पुत्र वीर सिंह पटेल को यहां से उम्मीदवार बनाया था और उनकी जमानत जब्त हो गई थी। इस बार फिर सपा बुंदेलखंड के किसी दिग्गज को तलाश रही है जिसमें झांसी के दीप नारायण यादव का नाम सबसे आगे चल रहा है।

गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश में सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं और मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने मात्र एक सीट खजुराहो सपा को दी है। यदि 2009, 2014 एवं 2019 के चुनाव नतीजों पर नजर डालें तो सपा को तीनों बार पांच प्रतिशत से भी कम मत मिले हैं। लेकिन इस बार उसे कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की नाराजगी से जीत की संभावना है। 2019 में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद विष्णु दत्त शर्मा को 64.49 प्रतिशत एवं सपा के वीर सिंह पटेल को मात्र 3.19 प्रतिशत मत मिले थे। हालांकि उस समय कांग्रेस के पूर्व विधायक विक्रम सिंह नातीराजा की पत्नी कविता सिंह को 25 प्रतिशत से ज्यादा मत मिले थे। इसी तरह 2009 में भाजपा के विजयी उम्मीदवार नागेंद्र सिंह को 54.3 प्रतिशत एवं सपा के सिद्धार्थ कुशवाहा को 4.58 प्रतिशत मत मिले थे जबकि कांग्रेस के राजा पटेरिया को 26 प्रतिशत मत मिले थे। 2009 के चुनाव में भी सपा के उम्मीदवार जयवंत सिंह का प्रदर्शन सबसे खराब था। उन्हें मात्र तीन प्रतिशत मत मिले थे। जितेंद्र सिंह बुंदेला ने 39.33 प्रतिशत मत पाकर विजय हासिल की थी। इस प्रकार उक्त तीनों चुनावों में सपा का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं था लेकिन इस बार सपा ने एक सोची समझी रणनीति के तहत कांग्रेस से यह सीट अपने खाते में ली है। इसके पीछे दो बड़े कारण है। वहां से पांच बार चुनाव जीतने वाली पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का भाजपा से मोह भंग होना और जातीय समीकरण के तहत ब्राह्मणों के मुकाबले वहां पिछड़ा एवं दलित मतदाताओं की संख्या बहुत ज्यादा होना। पिछले चुनाव में बीजेपी ने चार दशक बाद ब्राह्मण उम्मीदवार शर्मा को मैदान में उतारा था।

जाति समीकरण के तहत ही इस बार सपा पिछड़े वर्ग के ऐसे उम्मीदवार को तलाश रही है जो आर्थिक रूप से भी संपन्न हो। जिसमें दीप नारायण यादव का नाम सबसे ऊपर है। खजुराहो संसदीय क्षेत्र छतरपुर, पन्ना एवं कटनी जिले के अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्रों में विभाजित है और सभी में भाजपा के विधायक हैं इसलिए यह सीट भाजपा के लिए मजबूत मानी जा रही है।

मध्य प्रदेश में सपा का पहली बार खाता खजुराहो संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चंदला विधानसभा क्षेत्र से विजय बहादुर सिंह बुंदेला ने खोला था और उनके नेतृत्व में सपा के एक-एक करके 7 विधायक भी निर्वाचित हुए थे लेकिन इस बार बुंदेला भाजपा में हैं।



### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

## कीमतें नियंत्रित करने के लिए सभी उपाय करेंगे

### वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले-खाद्य पदार्थों के दामों पर काबू पाने में होंगे सफल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार प्याज से लेकर टमाटर और दालों जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने किसी भी अस्थायी बढ़ोतरी के कुछ दिनों के भीतर दरों को नियंत्रित करने के मोदी सरकार के पिछले रिकॉर्ड का हवाला दिया। गोयल के पास खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय भी है।

उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करना जारी रखेगी कि "हमारी नारी-शक्ति" के घरेलू बजट पर कोई तनाव न हो। केंद्रीय मंत्री ने आम चुनावों से पहले खाद्य



पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण को लेकर सरकार की रणनीति के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा-हम इस पर काबू पाने में सफल रहेंगे... और मैं लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि यह सरकार भारत की महिलाओं की परवाह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खाद्य मुद्रास्फीति से लड़ने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष में लगभग 28,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। गोयल ने कहा-हम अपनी बहनों और माताओं के साथ आगे भी खड़े रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम उन्हें तनाव न दें... हम यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं कि हम अपनी नारी-शक्ति का सम्मान करते हैं और इस बात का सम्मान करते हैं कि उन्हें अच्छा घरेलू बजट मिलना चाहिए। चुनाव आयोग जल्द ही आम चुनाव की घोषणा कर सकता है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है।

### आईपीआर कानून से विकास को तेजी से बढ़ावा मिला



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानून से देश में अनुसंधान और विकास को तेजी से बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा-हम आईपीआर कानूनों को सुविधा तथा प्रोत्साहन देने वाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं, और निश्चित रूप से ये कानून अनुसंधान एवं विकास की प्रक्रिया में बाधा नहीं है। हमने कई कदम उठाए हैं और मैं इस विशेष नीति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि इस नीति को 2016 में काफी विचार-विमर्श के बाद लाया गया। वित्त मंत्री ने पेटेंट कानून पर न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि जो लोग नवाचार करना चाहते हैं, उन्हें यह कानून सुरक्षा देता है। सीतारमण ने कानून का विवरण साझा करते हुए कहा कि आठ अलग-अलग वस्तुएं, जिनका बौद्धिक संपदा से कुछ संबंध हैं, उन सभी को एक छतरी के नीचे एक साथ लाया गया है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,300-50,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 40, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## भारत, ईएफटीए आज करेंगे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

● अधिकारी ने कहा-समझौते को 7 मार्च को मिल चुकी है मंजूरी

भारत और यूरोपीय समूह 'ईएफटीए' आपस में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चार सदस्य-आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस समझौते को 7 मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई। समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापार




और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) कहा गया। उन्होंने कहा कि एफटीए के इतिहास में पहली बार ईएफटीए से भारत में लक्ष्य-उन्मुख निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के बारे में एक कानूनी प्रतिबद्धता को समझौते में शामिल किए जाने की उम्मीद है।

### रेल मंत्री ने वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का किया अनावरण

**बेंगलुरु।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) संयंत्र में वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का अनावरण किया। बीईएमएल रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता है और रक्षा, अंतरिक्ष, खनन, निर्माण, रेल और मेट्रो जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए उत्पाद बनाता है। इसे वंदे भारत शयनयान के 10 ट्रेनसेट (160 डब्बे) बनाने का ठेका मिला है। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के तीन संस्करण हैं - चेयर कार (कुर्सी यान), स्लीपर (शयनयान) और मेट्रो। जहां कुर्सीयान खंड पहले ही पेश हो चुका है।

## बाजार में सोने की बढ़ रही रफ्तार, 68 हजार का आंकड़ा छूने को है तैयार



नीरज मिश्र, लखनऊ

● चांदी की कीमत 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम

● 6 दिनों से कीमतों में बढ़ोत्तरी जारी, रोजमर्रा के ग्राहक हुए कम

| तिथि | सोना 24 कैरेट रु. प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 04 मार्च | 63,800 |
| 09 मार्च | 67,700 |

नोट-यह आंकड़ा इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के नार्थ इंडिया हेड द्वारा दिया गया है।

**25 साल में सोने की चमक का सफर**

| वर्ष | सोने की कीमत (प्रति 10 ग्राम) |
|---|---|
| 2000 | 4,400 |
| 2010 | 18,500 |
| 2020 | 48,651 |
| 2024 मार्च | 67,700 |

नोट-यह आंकड़ा वरिष्ठ सर्राफा व्यापारी एवं लखनऊ सर्राफा के संगठन प्रमुख कैलाश चंद्र जैन द्वारा दिया गया है।

**अमृत विचार:** वैश्विक बाजार में होते बदलाव और परिस्थितियों ने सोने की चमक को और बढ़ा दिया है। हाल यह है कि सोने की कीमतों रफ्तार रुकने को तैयार नहीं है। आज देर शाम के बाजार भाव पर नजर डाली जाए तो सोना 67,700 रुपये प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया है। बाजार में स्वर्ण की कीमतों की गति यही रही तो एक-दो दिनों में 24 कैरेट की इस पीली धातु की कीमत 68,000 रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी।

बाजार में रोजमर्रा के खरीदार कम है लेकिन ठोस निवेशकों का रुख इस ओर दिख रहा है तभी बाजार में सोना चमक रहा है। वहीं मामूली बढ़ोत्तरी के साथ चांदी की कीमत 75,500 रुपया प्रति किलो है। सर्राफा कारोबारियों का मानना है कि नित नए आयाम गढ़ रहे सोने की कीमतों से बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।

वहीं अनुराग रस्तोगी (स्टेट हेड इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन) ने बताया कि बाजार में चढ़ता सोने का भाव निश्चित तौर पर अनिश्चितता का माहौल बना रहा है। ग्राहक सोच रहा है कि वह खरीदारी करे या रुके। फिलहाल वैश्विक उथल-पुथल से ऐसा दिख नहीं रहा है कि बाजार में स्वर्ण धातु की चमक से बहुत बड़ी गिरावट आने वाली है। मार्केट में तेजी है कहां रुकेगी कहना मुश्किल है। पिछले छह दिनों की रिकार्ड तेजी बता रही है कि सोना 68 ही नहीं 70 हजार का आंकड़ा छूने में अब ज्यादा वक्त लगने वाला नहीं है।

उधर आदीश जैन (संयुक्त मंत्री, लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन) ने बताया कि सोने की इस तेजी से बाजार में ग्राहक कम हैं। रोजमर्रा, त्योहारी और सहालग के सीजन के लिए खरीदारी करने वाले भी कीमतें थमने का इंतजार कर रहे हैं। मात्र छह दिन में चार से साढ़े चार हजार रुपये तोला की बढ़ोत्तरी कारोबार पर भी भारी पड़ रही है। वजह सभी सोच रहे हैं कि कहीं खरीदते ही कीमतों में छलांग लगा रहा सोना अचानक नीचे न पहुंच जाए जिससे नुकसान की भरपाई मुश्किल हो जाए।

इनके अलावा कैलाश चंद्र जैन (वरिष्ठ व्यापारी और लखनऊ सर्राफा के संगठन प्रमुख) का कहना है कि पचीस साल के सफर में जिस तरह से सोने का भाव चढ़ रहा है ऐसा देखने को कम ही मिलता है। लंबे समय से सोने की कीमतें उछाल पर हैं। पीली धातु के भाव में कब नरमी आएगी फिलहाल कहा नहीं जा सकता है। लेकिन बाजार बहुत तेज है। ग्राहक कम हैं। निवेशक कीमतों में नरमी और तेजी को सूंघ रहे हैं। बाजार और कारोबारी अनिश्चिता भरे माहौल से उबर नहीं पा रहा है।

## एनसीएलटी ने इफको को अंतरिम राहत देने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने स्वान एनर्जी-इफको के संयुक्त उद्यम ट्रायम्फ ऑफशोर से कहा है कि वह अल्पांश शेयरधारक इफको के मुद्दों पर चर्चा के लिए चार अप्रैल से पहले एक बोर्ड बैठक आयोजित करे। इफको ने जलपोतों को संचालित करने की व्यवहार्यता के संबंध में कुछ सवाल उठाए थे। एनसीएलटी ने इफको की याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख चार अप्रैल तय की है। न्यायाधिकरण ने हालांकि इफको को अंतरिम राहत देने से इनकार किया। इफको ने कहा था कि उसकी मंजूरी के बिना संयुक्त उद्यम काम करने से रोका जाए।

# इंग्लैंड पर पारी और 64 रन से जीत

## भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती, बैजबॉल शैली पर इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार



प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव

धर्मशाला, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट के एक पारी में 5 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त देकर उसकी 'बैजबॉल' शैली पर भी प्रश्न चिह्न लगा दिया। भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती। यह 'बैजबॉल' शैली अपनाने के बाद इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है।



इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 218 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में ही 195 रन पर सिमट गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने 84 रन बनाए। भारत श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था, लेकिन वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक लेने के लिए प्रतिबद्ध था। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने यह विराट कोहली और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में हासिल की। ऐसे में यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों ने मौके का फायदा उठाया। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। भारत ने पहली पारी में सुबह केवल 4 रन जोड़कर अपने बचे दो विकेट गंवाए। जेम्स एंडरसन इस बीच टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने। उन्होंने कुलदीप (30) को विकेट के पीछे कैच करा कर यह उपलब्धि पाई। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर (5 विकेट) ने जसप्रीत बुमराह (20) को आउट कर पांचवा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने इसके बाद आक्रामक रूख अपनाया और विकेट गंवाए। कप्तान बेन स्टोक्स (2) को लंच से ठीक पहले अश्विन ने पवेलियन भेजा।

रोहित शर्मा पीठ में जकड़न से मैदान पर नहीं उतरे, ऐसे में बुमराह ने टीम की अगुआई कर अश्विन के साथ नई गेंद संभाली। अश्विन ने एक बार फिर बेन डकेट (2) को नहीं टिकने दिया। ये बल्लेबाज पिछले मैचों में भी अश्विन के सामने संघर्ष करता रहा। पिच से टर्न और उछाल मिल रही थी और ऐसे में अश्विन ने जैक क्रॉली (0) के लिए लेग स्लिप लगाई। उनकी गेंद इंग्लैंड के बल्लेबाज के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर लेग स्लिप में खड़े सरफराज खान के हाथों में चली गई। अश्विन ने ओली पोप (19) के रूप में तीसरा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाज ने सीधी गेंद पर स्क्वायर लेग पर कैच दिया। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (31 गेंद पर 39 रन) ने रूट के साथ मिलकर आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने अश्विन पर 3 छक्के भी लगाए लेकिन कुलदीप ने उन्हें पगबाधा कर दिया। इस बीच उनकी पहली स्लिप में खड़े शुभमन गिल से नोक-झोंक भी हुई। लंच के बाद भी कहानी नहीं बदली और भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाजों की नहीं चली। बेन फॉक्स (8) ने अश्विन की गेंद पर स्वीप करना चाहा लेकिन वहां बोल्ड हो गए। अश्विन ने इस तरह से 36वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। बुमराह ने इसके बाद टॉम हार्टली और मार्क वुड के विकेट लेकर भारत की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | 477/10 (124.1 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन | 30 | 69 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह स्टं फोक्स बो बशीर | 20 | 64 | 2/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 02 | 0/0 |

अतिरिक्त: 6, विकेट पतन: 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, 9-477, 10-477, गेंदबाजी: जेम्स एंडरसन 16-2-60-2, मार्क वुड 15- 1-89-0, टॉम हार्टली 39-3-126-2, शोएब बशीर 46.1-5-173-5, बेन स्टोक्स 5-1-17-1, जो रूट 3-0-8-0

| इंग्लैंड (पहली) 218 (दूसरी पारी) 195/10 (48.1 ओवर) | | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्राउली का सरफराज बो अश्विन | 00 | 16 | 0/0 |
| बेन डकेट बो अश्विन | 02 | 05 | 0/0 |
| ओली पोप का यशस्वी बो अश्विन | 19 | 23 | 3/0 |
| जो रूट का बुमराह बो कुलदीप | 84 | 128 | 12/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप | 39 | 31 | 3/3 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 02 | 10 | 0/0 |
| बेन फोक्स बो अश्विन | 08 | 17 | 0/0 |
| टॉम हार्टले पगबाधा बो बुमराह | 20 | 24 | 4/0 |
| मार्क वुड पगबाधा बो बुमराह | 00 | 02 | 0/0 |
| शोएब बशीर बो जडेजा | 13 | 29 | 3/0 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 00 | 05 | 0/0 |

अतिरिक्त: 8, विकेट पतन: 1-2, 2-21, 3-36, 4-92, 5-103, 6-113, 7-141, 8-141, 9-189, 10-195, गेंदबाजी: बुमराह 10-2-38-2, अश्विन 14-0-77-5, रविंद्र जडेजा 9-1-25-1, कुलदीप 14.1-0-40-2, मोहम्मद सिराज 1-0-8-0

# लोग क्या सोचते हैं इससे मैं असहज नहीं: अश्विन

धर्मशाला, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान विभिन्न एक्शन और गति पर काम किया। उन्होंने कहा कि बाहरी प्रतिक्रियाओं पर ध्यान दिए बिना प्रयोग करना उनकी सफलता का राज है। इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया अंतिम टेस्ट अश्विन का 100वां टेस्ट मैच था। उन्होंने इस श्रृंखला में 26 विकेट लिए। अश्विन ने पांचवें मैच में भारत की पारी और 64 रन से जीत के बाद कहा कि पूरी श्रृंखला के दौरान मैंने भिन्न एक्शन और गति से गेंदबाजी की। प्रत्येक मैदान से जुड़ी चुनौतियां होती हैं। लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं, इसको लेकर मैं कभी असहज महसूस नहीं करता हूं। उन्होंने कहा कि अगर मुझे विश्वास है कि मैं कुछ नया करने की कोशिश कर सकता हूं तो फिर मैं उससे पीछे नहीं हटता। मैं अच्छा फीडबैक लेने के लिए अपने कान और आंखें हमेशा खुली रखता हूं। मेरा कोई एक तरीका काम नहीं कर रहा है लेकिन सौभाग्य से प्रयोग करना और कुछ नया सीखने से मुझे मदद मिली है।



### गुरु कुंबले को अश्विन ने छोड़ा पीछे

रविचंद्रन अश्विन ने धर्मशाला के मैदान पर अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने एक पारी में 5 विकेट लेने के मामले में अपने आदर्श अनिल कुंबले को भी पीछे छोड़ दिया। अश्विन की गेंदबाजी की बदौलत भारत ने धर्मशाला टेस्ट मैच जीत लिया। अश्विन ने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके टेस्ट करियर का यह 36वां मौका था जब उन्होंने एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए। इससे पहले पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले यह 35 बार दोहरा चुके हैं। रविचंद्रन अश्विन इसके अलावा 100वें टेस्ट में फाइव विकेट हॉल लेने वाले भी चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन, अनिल कुंबले और शेन वॉर्न ने ही ऐसा किया था।

## खेल डायरी

### पीसीआई के नए अध्यक्ष झाझरिया ने कहा, पेरिस पैरालंपिक में 30 पदक जीतना होगा लक्ष्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने इस पद पर चुने जाने के बाद कहा कि पेरिस पैरालंपिक में भारत का लक्ष्य 30 पदक जीतना होगा जो तोक्यो में जीते गए पदकों से 11 अधिक हैं। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य सहित 19 पदक जीते थे। झाझरिया ने इन खेलों में भाला फेंक में रजत पाया था। झाझरिया ने कहा कि पेरिस खेलों में हमारा लक्ष्य 30 पदक जीतने का होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पैरा खेल और पैरा खिलाड़ियों पर ध्यान दे रही है। हमने 2016 में रियो में अच्छा प्रदर्शन किया था तथा तोक्यो में 19 पदक जीते थे।

### स्वियातेक आसान जीत के साथ अगले दौर में

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अमेरिका की डेनियल कोलिन्स को हराकर बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। स्वियातेक की अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ पांचवीं जीत है। स्वियातेक की सत्र में यह 15वीं जीत है। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में एंजेलिक कर्बर ने येलेना ओस्टापेंको को पराजित किया। पुरुष वर्ग में यानिक सिनर ने थानासी कोकिनाकिस पर जीत दर्ज की जबकि आंद्रे रुबलेव ने एंडी मरे को हराया। एलेजांद्रो टैबिलो, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, स्टेफानोस सितसिपास और एलेक्स डी मिनौर ने भी जीत हासिल की।

### एनसीएए के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने परवेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान शनिवार को अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने। एनसीएए दुनिया की प्रतिस्पर्धी कॉलेज प्रतियोगिता है जिसमें परवेज ने बोस्टन में पुरुष वर्ग की एक मील की स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। खान ने 3 मिनट 57 .126 सेकेंड में एक मील की रेस में तीसरे स्थान पर रहकर एनसीएए इंडोर ट्रैक एवं फील्ड चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। 19 साल का भारतीय फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहा था, जिन्हें पिछले साल वहा कॉलेज स्कॉलरशिप मिली थी।

### हुसामुद्दीन विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर से बाहर

**बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी।** भारत के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन की चोट से उबरने के बाद वापसी निराशाजनक रही और वह पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 57 किग्रा भार वर्ग में आयरलैंड के जूड गैलाघेर से हार गए। वह विश्व चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल के दौरान बाएं घुटने में लगी चोट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। हुसामुद्दीन ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन गैलाघेर को बढ़त हासिल करने का मौका दिया।

# एंडरसन बने 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज

धर्मशाला, एजेंसी

इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। अपना 187वां टेस्ट मैच खेल रहे 41 वर्षीय एंडरसन ने शनिवार को भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन कुलदीप यादव को विकेट के पीछे कैच कराकर अपना 700वां विकेट लेकर इतिहास रच दिया।

उन्होंने शुक्रवार को शुभमन गिल के रूप में 699वां विकेट लिया था। टेस्ट में 600 से अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में केवल दो तेज गेंदबाज हैं। इस सूची में एंडरसन के बाद उनके साथी खिलाड़ी स्टुअर्ट ब्रॉड का नाम है। पिछले साल संन्यास लेने वाले ब्रॉड के नाम पर 604 विकेट हैं। सभी गेंदबाजों में श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न (708 विकेट) का नंबर आता है। भारत के अनिल कुंबले चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने 132 मैच में 619 विकेट लिए हैं। एंडरसन ने तब खेलना शुरू किया जब सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग और ब्रायन लारा जैसे बल्लेबाज चरम पर थे। इस तेज गेंदबाज ने अगली पीढ़ी के बल्लेबाजों के सामने भी कड़ी चुनौती पेश की, जिनमें विराट कोहली, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन हैं। एंडरसन ने इस श्रृंखला में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल जैसे बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश की।

तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा कि मैंने एंडरसन को पहली बार तब देखा जब वह 2002 में ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे थे। गेंद पर उनका नियंत्रण नजर आ रहा था। नासिर हुसैन ने तब उनकी प्रशंसा की थी और वह आज भी ऐसा करते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि वह कहेंगे 'मैंने बोला था' क्योंकि उन्होंने बहुत पहले उनकी प्रतिभा पहचान ली थी। तेंदुलकर ने कहा कि 700 टेस्ट विकेट शानदार उपलब्धि है। एक तेज गेंदबाज 22 साल से खेल रहा है और लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, यह तब तक काल्पनिक लगता होगा जब तक कि एंडरसन ने वास्तव में ऐसा नहीं कर दिखाया।

**उपलब्धि**



• 187वां टेस्ट खेल रहे एंडरसन ने भारत के खिलाफ मैच में कुलदीप यादव का विकेट लेकर रचा इतिहास

# बस गेंदबाजों पर दबाव बनाने की सोच रहा था : यशस्वी

धर्मशाला, एजेंसी



प्लेयर आफ द सीरिज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला में मिली सफलता का श्रेय पारी की शुरूआत करते हुए गेंदबाजों पर दबाव बनाने की रणनीति को दिया। जायसवाल ने श्रृंखला में 2 शतक और 3 अर्धशतक समेत 712 रन बनाए। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ गेंदबाजों पर दबाव बनाने के बारे में सोच रहा था। यही रणनीति थी और इस पर अडिग रहना था।

एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले सुनील गावस्कर के बाद दूसरे भारतीय बने जायसवाल ने कहा कि वह अपने पैर जमीन पर रखना चाहते हैं। मैंने श्रृंखला का पूरा मजा लिया। मैं यही सोचता हूं कि टीम के लिए कैसे योगदान दे सकता हूं और कैसे जीत तक ले जा सकता हूं। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उसे लंबा सफर तय करना है और उसकी उपलब्धि देखकर अच्छा लग रहा है। उसके जैसा खिलाड़ी गेंदबाजों पर शुरू से ही दबाव बना सकता है। उसे चुनौतियां पसंद है। प्लेयर आफ द मैच बने कुलदीप यादव ने कहा कि मेरा फोकस अच्छी लेंथ पर है और इस प्रारूप में यह स्पिनरों के लिए जरूरी है। मैं ज्यादा नहीं सोचता कि बल्लेबाज क्या करने वाला है। कुलदीप ने रांची में बेन स्टोक्स और यहां जाक क्रॉली के विकेट को अपना पसंदीदा बताया।

### चोट के कारण तीसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे रोहित



पीठ में अकड़न से कप्तान रोहित शर्मा तीसरे दिन शनिवार को मैदान पर नहीं उतरे। उनकी गैरमौजूदगी में उपकप्तान जसप्रित बुमरा ने कप्तानी संभाली है। भारत को श्रृंखला के दौरान अपने शीर्ष खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलीं। बुमराह को रांची टेस्ट में ब्रेक दिया गया था और रजत पाटीदार को धर्मशाला टेस्ट के लिए टखने में दर्द हुआ था। रवींद्र जडेजा हैमस्ट्रिंग चोट से विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे और रविचंद्रन अश्विन को पारिवारिक आपात स्थिति से राजकोट से घर लौटना पड़ा। मोहम्मद शमी और विराट कोहली सीरीज में नहीं खेले हैं। शमी टखने की चोट और विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए। चोट से केएल राहुल हैदराबाद टेस्ट को छोड़कर सभी मैच से बाहर रहे, जो भारत हार गया था।

# हरमनप्रीत के नाबाद 95 रन से मुंबई ने गुजरात को हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद 95 रन की मदद से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को गुजरात जाइंट्स को 7 विकेट से हरा दिया।

हरमनप्रीत ने 48 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और 5 छक्के लगाए। वहीं यास्तिका भाटिया ने 36 गेंद में 49 रन की पारी खेली। इससे पहले कप्तान बेथ मूनी और डी हेमलता के अर्धशतकों की मदद से गुजरात जाइंट्स ने 7 विकेट पर 190 रन बनाए थे लेकिन मुंबई ने 1 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। यास्तिका और हेली मैथ्यूज (18) ने मुंबई को शानदार शुरूआत दिलाते हुए 6.3 ओवर में 50 रन जोड़े। यास्तिका और नेट स्किवेर ब्रंट टीम के 100 रन बनने से पहले आउट हो गई। आखिरी 5 ओवर में मुंबई को 72 रन की जरूरत थी। हरमनप्रीत ने 40 के स्कोर पर स्नेह राणा की गेंद पर सीमारेखा के पास फोबे लिचफील्ड से मिले जीवनदार का फायदा उठाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। उन्होंने चौथे विकेट के लिए एमेलिया केर (12) के साथ 38 गेंद में 93 रन की साझेदारी की। उन्होंने राणा के डाले 18वें ओवर में 24 रन बनाए।



इससे पहले गुजरात ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की। उसने लौरा वोल्वार्ट (13) का विकेट जल्दी गंवा दिया, जिन्हें हेली मैथ्यूज ने आउट किया। मूनी ने 35 गेंद में 8 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। वहीं हेमलता ने 40 गेंद में 74 रन बनाए जिसमें 9 चौके और 2 छक्के थे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 11 ओवरों में 121 रन की साझेदारी की। मूनी ने नेट स्किवेर ब्रंट को स्ट्रेट छक्का लगाया और शबनम को दो चौके मारे। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर को मूनी ने विकेटकीपर के पीछे से स्कूप शॉट पर दो छक्के लगाए।

## बॉलीवुड हलचल

### 'कल्कि 2898 एडी' में 'भैरव' बने प्रभास



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास फिल्म कल्कि 2898 एडी में भैरव का किरदार निभाएंगे। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी हैं। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर प्रभास का नया लुक रिलीज किया है और उनके किरदार का नाम भैरव बताया है। तस्वीर में प्रभास को पूरी तरह से काले रंग की पोशाक में आंखों पर एक गैजेट लगाए जमीन देख रहे हैं। वैजयंती मूवीज निर्मित कल्कि 2898 एडी एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई को पूरे भारत में रिलीज होगी।

### फिल्म एल2: एमपुराण के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयॉर्क में पूरी




**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के निर्देशन में बनी फिल्म 'एल2 : एमपुराण' के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयार्क में पूरी हो गई है। पृथ्वीराज सुकुमारान निर्देशित पहली फिल्म एल22 : एमपुराण अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को आकर्षित कर रही है। मोहनलाल अभिनीत 'लूसिफ़ेर' की अगली कड़ी, एल2 : एमपुराण है। इसकी सूचना सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पृथ्वीराज सुकुमारान ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, शेड्यूल 3 का अंत। गौरतलब है कि एल2 : एमपुराण की शूटिंग अक्टूबर 2023 में शुरू हुई और इसे विभिन्न विदेशी स्थानों पर शूट किया गया है। यह फिल्म आशीर्वाद सिनेमास और लाइका प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित है।

### निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे



**मुंबई, एजेंसी।** दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे स्टारर फिल्म निरहुआ बनल करोड़पति का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। जेपी स्टार्स पिक्चर्स प्रस्तुत दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की आने वाली फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इस फिल्म के निर्माता उमाशंकर प्रसाद हैं, इसके लेखक और निर्देशक मनोज नारायण हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होने के बाद निर्माता उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस के लिए शानदार तोहफा होगी। फिल्म में सभी कलाकारों ने भी अपना बेस्ट दिया है तब जाकर हमारी यह फिल्म भव्यता के साथ और परदे पर आने को तैयार हो रही है। इस फिल्म में कई ऐसी चीज हैं जो दर्शकों को पहली बार देखने को मिलेगी और यह उन्हें पसंद आने वाली है। वहीं निरहुआ ने कहा कि मेरे लिए हर फिल्म चुनौती होती है, जिसे मैं सहसा स्वीकार करता हूं और मेरी कोशिश होती है कि उसे फिल्म के किरदार को संजीदगी से कर सकूं। एक अभिनेता के नाते मैं फिल्म के सेट पर अपने किरदार को जीने की ख्वाहिश रखता हूं। उन्होंने कहा कि यही दर्शकों के बीच मेरे लिए प्यार की वजह बनती है। उन्होंने कहा कि निरहुआ करोड़पति बनल अनोखे कॉन्सेप्ट पर आधारित है। कहानी तो नहीं बताऊंगा, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि आप सभी इस फिल्म को जरूर सिनेमाघर में जाकर देखें। फिल्म के सह-निर्माता आयुष राज गुप्ता हैं। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, सुदीक्षा झा, अयाज़ खान, शाहिल शेख, रंजीत सिंह, माही सिंह, अमृत जयसवाल, पल्लवी कोहली हैं। डीओपी रामशरण उप्रेती हैं। फिल्म के संगीतकर मधुकर आनंद हैं। गीत आशुतोष तिवारी, संतोष पुरी, धर्म हिंदुस्तानी और सत्य सावरकर ने लिखे हैं।

### कार्तिक ने फिल्म भूल भुलैया 3 की शूटिंग शुरू की




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। कार्तिक की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 2 लोगों को पसंद आई थी। भूल भुलैया 3 में कार्तिक की मुख्य भूमिका है। कार्तिक ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने अपने घर में मंदिर के सामने प्रार्थना करते हुए फिल्म की शुरुआत के लिए आशीर्वाद मांगते हुए इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कार्तिक आर्यन भगवान के आगे हाथ जोड़कर खड़े हैं। कार्तिक आर्यन ने बताया है कि उनकी फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू हो गई है। कार्तिक आर्यन ने इसके साथ लिखा है, आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। कार्तिक आर्यन ने हैशटैग के साथ शुभारंभ और भूल भुलैया 3 लिखा है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के अलावा तृप्ति डिमरी और विद्या बालन की भी अहम भूमिका है।

### आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का पोस्टर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म रूसलान का पोस्टर रिलीज हो गया है। आयुष शर्मा ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म लवयात्री से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह 2021 में प्रदर्शित सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल ट्रुथ में नजर आए थे। आयुष एक्शन अब एक्शन थ्रिलर फिल्म रुसलान में नजर आएंगे। आयुष ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म रुसलान का नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर शेयर करते हुए आयुष शर्मा ने कैप्शन में लिखा, हारने का खौफ नहीं है, मेरी गन और गिटार के साथ, बस दुनिया जीतने का जोश है। तूफान की तरह नहीं..., तूफान ही हूं मैं। करण बुटानी के निर्देशन में बनी रुसलान 26 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म में सुश्री मिश्रा और जगपति बाबू की भी अहम भूमिका है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# जापान दौरे से सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्र होंगे मजबूत

- विदेश मंत्रालय ने कहा- जयशंकर का जापान दौरा अहम रहा, कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर के जापान दौरे पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस दौरे से दोनों देशों के संबंधों में गुणात्मक सहयोग बढ़ेगा। साथ ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी बढ़ेगी। जयशंकर तीन दिवसीय दौरे पर जापान में थे।

अपने दौरे में जयशंकर ने जापान के पीएम फुमियो किशिदा से मुलाकात की। इस मुलाकात में जयशंकर ने किशिदा को दोनों देशों के संबंधों में बढ़ते सहयोग और वैश्विक साझेदारी की जानकारी दी और दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए किशिदा के सुझाव लिए। 7 मार्च को जयशंकर ने 16वें भारत जापान स्ट्रैटेजिक डायलॉग में शिरकत की। जिसमें दोनों देशों के व्यापार, निवेश, आधारभूत और तकनीकी सहयोग, समन्वय, रक्षा और रक्षा सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर के जापान दौरे पर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, ग्रीन टेक्नोलॉजी , डिफेंस उपकरण और तकनीक, डिजिटल पेमेंट के साथ ही भारत में जापानी भाषा को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे पर भी बात हुई। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में आपसी हित और वैश्विक बदलावों पर भी दोनों देशों में बात हुई। जापान में जयशंकर ने जापान के कई वरिष्ठ राजनेताओं जैसे जापान की सत्ताधारी पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उपाध्यक्ष, महासचिव तोशीमित्सु मोटेगी, भारत जापान एसोसिएशन के अध्यक्ष योशिहिदे सुगा से भी बात की।

### भारत में 15 साल से अधिक समय तक रहेगी स्थिर सरकार



जापान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत में सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि भारत में एक या दो दशक से भी अधिक समय तक स्थिर सरकार रहेगी। भारत–जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर निक्केई फोरम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित सुधारवादी और दूरदर्शी नेतृत्व के पास संसद में बहुमत होने के कारण साहसिक निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में मजबूत राजनीतिक जनादेश का मतलब संसद में बहुमत होना है। यदि आपके पास सुधारवादी, दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता वाला नेतृत्व है और वह नेतृत्व बहुत मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित है तो इससे साहसिक निर्णय लेने में आसानी होती है। निश्चित रूप से पिछले 10 सालों में जो हुआ है, हम इसके जारी रहने की उम्मीद करते हैं।

## नागपुर में भाजपा के कार्यक्रम में भगदड़ एक महिला की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भगदड़ में 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

सक्करदरा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे रेशिमबाग में भाजपा की नागपुर इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भगदड़ में मनु तुलसीराम राजपूत गिर गईं, उसे एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि चार अन्य महिलाओं को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जां शुरू कर दी गई है।

# भारतीय पर्यटकों का मालदीव से मोहभंग, बेहाल हुआ टूरिज्म

भारत के साथ विवाद ने मालदीव का हाल बेहाल कर दिया है। दरअसल, पर्यटकों की कमी के कारण मालदीव का पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मालदीव पर्यटन मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

- पर्यटन मंत्रालय के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 4 मार्च तक 41,054 भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का दौरा किया था। जबकि 2024 में 2 मार्च तक भारतीय पर्यटकों की संख्या 27,224 दर्ज की गई। मालदीव स्थित अधाधू ने बताया कि यह पिछले साल की तुलना में 13,830 कम था।
- पिछले वर्ष की समान अवधि में, भारत 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ मालदीव में पर्यटकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बाजार था। हालांकि, भारत अब छह प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सूची में छठे स्थान पर है।





### लक्षद्वीप में करोड़ों विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य

भारत सरकार ने लक्षद्वीप में वर्ष 2024 में लगभग एक करोड़ विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में देश में करीब 60 लाख विदेशी पर्यटक आए है। लक्षद्वीप में मालदीव के साथ हुए ताजा विवाद भारत सरकार ने ये लक्ष्य रखा है। क्योंकि इसके बाद देश से मालदीव जाने वाले लोगों ने लक्षद्वीप को लेकर खोज तेज की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक हर साल औसतन दो लाख से ज्यादा भारतीय पर्यटन के लिए मालदीव जाते थे जिनकी संख्या पिछले कुछ दिनों में तेजी से गिरी है।

### चीनी पर्यटकों में हुई वृद्धि

आंकड़ों के अनुसार, प्रत्येक वर्ष दो लाख से अधिक पर्यटकों के साथ भारत 2021–23 तक मालदीव के लिए शीर्ष पर्यटन बाजार बना रहा। हालांकि, इस वर्ष अब तक 54 हजार से अधिक पर्यटकों के आगमन के साथ चीन शीर्ष बाजार है।

## एक नजर

### हरियाणा: अंबाला से अफीम की खेती करने वाला एक गिरफ्तार

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में लाहा गांव में अपने घर के आंगन में अफीम की खेती करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि, गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने सर्वजीत के घर पर छापा मारा और अफीम के पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि पौधों को उजाड़ दिया गया है। पुलिस ने कहा– स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। संबंधित मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इटली में देशव्यापी हड़ताल से जनजीवन अस्त व्यस्त

**रोम।** इटली में 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल से परिवहन, स्वास्थ्य सेवा और स्कूलें बंद होने से आम जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। मीडिया ने शनिवार को ट्रेड यूनियनों के सूत्रों के हवाले से बताया कि वे लैंगिक असंतुलन को दूर करने के लिए मजबूत उपायों के साथ–साथ बेहतर, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों की मांग कर रहे हैं। सार्वजनिक और निजी दोनों कंपनियों के कर्मचारियों के हड़ताल करने से ट्रेनों, फ़ेरी और स्थानीय सार्वजनिक परिवहन को बड़े व्यवधानों का सामना करना पड़ा। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी का स्तर अलग–अलग था।

### सरहद को अपराध मुक्त करने का प्रयास करेंगे भारत-बांग्लादेश

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश ने दोनों देशों के बीच की सीमा को अपराध मुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की है। सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों के बीच बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पांच मार्च को शुरू हुआ पांच दिन का महानिदेशक स्तर का सम्मेलन आज संपन्न हो गया। सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने किया और बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने किया।

### जम्मू-कश्मीर में हथियार और पाकिस्तानी झंडा बरामद

**राजौरी।** जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को जंग लगे दो गोले और पिस्तौल की आधा दर्जन से अधिक गोलियां बरामद की गईं। अधिकारियों के मुताबिक, गोला–बारूद दरहाल क्षेत्र के चौकियां गांव में एक नाले के किनारे झाड़ियों से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गोले और गोलियां लंबे समय से नदी में पड़ी थीं। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में, पुलिस ने शनिवार सुबह जम्मू के बाहरी इलाके में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गुब्बारों के साथ एक पाकिस्तानी झंडा जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह झंडा जम्मू के अरनिया सेक्टर के कूल कलां गांव में एक ग्रामीण को उसके खेत में मिला।

# पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति बने जरदारी, दोबारा हुई ताजपोशी

## पीपीपी सह-अध्यक्ष 136 वोटों के अंतर से हुए विजयी, प्रतिद्वंद्वी को मिले 119 वोट

इस्लामाबाद, एजेंसी



आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। वे पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष भी हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि उन्हें 255 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अचकजई को 119 वोट मिले। दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए जरदारी का पहला कार्यकाल 2008 से 2013 तक था। दो बार राष्ट्रपति बनने वाले जरदारी देश के पहले व्यक्ति हैं। आसिफ अली जरदारी का मुकाबला सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई (75 वर्षीय) से था।

जरदारी निवर्तमान डॉ. आरिफ अल्वी का स्थान लेंगे, जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था। हालांकि नए राष्ट्रपति की नियुक्ति तक वह पद पर बने हुए हैं। जरदारी एक बिजनेसमैन-राजनेता हैं और पाकिस्तान की पूर्व पीएम दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पति हैं और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के पिता हैं। जरदारी, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष हैं, जिसने नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के समर्थन से सरकार बनाई है। पीएमएल-एन और पीपीपी के गठबंधन की डील के तहत पीएम पद पर शहबाज शरीफ की ताजपोशी हुई है। दोनों पार्टियों में समझौते के तहत पंजाब में पीएमएल-एन की मरयम नवाज सीएम चुनी गई हैं। वहीं सिंध प्रांत की सत्ता पीपीपी को मिली है।

### इमरान को सपोर्ट किया तो होगी कार्रवाई: पाकिस्तानी सेना



पाकिस्तानी सेना ने कड़ा फरमान जारी किया है। पाकिस्तानी सेना ने अपने अधिकारियों के लिए एक आदेश जारी करते हुए कहा है कि वे सेना के खिलाफ किसी भी तरह के मैसेज, फोटो शेयर करने से बचें। सख्त चेतावनी दी गई है कि जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक- ए-इंसाफ पार्टी के नेता और पूर्व पीएम इमरान खान को सपोर्ट किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसा करने वाले अधिकारियों को सजा भुगतनी पड़ेगी। पाकिस्तानी सेना का आदेश मौजूदा अधिकारियों और रिटायर अधिकारियों सभी पर लागू होगा। एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर ने बताया है कि उसे 7 पेज का आदेश मिला है। ऐसा ही आदेश कई अधिकारियों के पास गया है। लेकिन इस मैसेज में रिटायर सैन्य अधिकारियों पर ज्यादा फोकस किया गया है क्योंकि रिटायर सैन्य अधिकारी पाकिस्तान की राजनीति पर टिप्पणी करने के लिए स्वतंत्र हैं। ब्रिगेडियर का कहना है कि आदेश में मुझे कोई भी राजनीतिक बयान, सेना के खिलाफ कोई भी टिप्पणी या इमरान खान के समर्थन में कोई बयान जारी करने से मना किया गया है। ब्रिगेडियर का कहना है कि पूरे पत्र में 17 बार मेरे नाम का उल्लेख किया गया है। कर्नल रैंक के एक अन्य अधिकारी का कहना है कि पत्र की भाषा जिस तरह की है उसे देखकर लगता है कि आर्मी चीफ धमकी दे रहे हैं। वे धमका रहे हैं कि अगर हमने आदेश नहीं माना तो सेना कड़ी कार्रवाई करेगी। अलग- अलग रैंक के कई अधिकारियों ने खुलासा किया है कि संदेश अलग–अलग जारी किए गए हैं।

## राजस्थान के रण में 12 को तीनों सेनाएं करेंगी शक्ति प्रदर्शन

**जयपुर।** भारत की तीनों सेनाएं मंगलवार को राजस्थान के पोखरण में शक्ति प्रदर्शन करने जा रहीं हैं। इसे 'भारत शक्ति' नाम दिया गया है। तीनों सेनाएं अपनी मारक क्षमता और ताकत का प्रदर्शन करेंगी। खास बात यह है कि करीब एक घंटे के इस अभ्यास में स्वदेशी रूप से निर्मित हथियारों का प्रदर्शन किया जाएगा। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस युद्ध अभ्यास की शुरुआत विशेष आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) बलों, भारतीय नौसेना के मार्कोज और भारतीय वायुसेना के गरुड़ कमांडो द्वारा वाहनों के साथ घुसपैठ अभियान से की जाएगी। वहीं, युद्ध के मैदान में विमान और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इसके बाद लॉन्ग रेंज वैक्टर और आर्टिलरी गन का भई प्रदर्शन किया जाएगा।

इस अभ्यास में जिन प्रमुख उपकरणों या हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया जाएगा, उनमें एलसीए तेजस, एएलएच एमके-आईवी, लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच), लाइट वेट टॉरपीडो, ऑटोनॉमस कार्गो कैरिएंग एरियल व्हीकल, मोबाइल एंटी ड्रोन सिस्टम, टी-90 टैंक, बीएमपी-दो, आर्टिलरी प्लेटफॉर्म जैसे उपकरण शामिल हैं।

# देश में समानता बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी

जयपुर, एजेंसी

- सीजेआई बोले- संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना जरूरी



भारत के प्रधान न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़. ने शनिवार को कहा कि देश में समानता को बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी है। सीजेआई जयपुर में राज्य स्तरीय 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना चाहिए।

सीजेआई ने कहा कि अगर लोग आपस में लड़ेंगे तो देश कैसे प्रगति करेगा। साथ ही उन्होंने आम आदमी को ध्यान में रखते हुए कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला किए जाने पर जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हमारे संविधान के निर्माताओं के दिमाग में मानवीय गरिमा का सर्वोच्च महत्व था। उन्होंने कहा कि मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने यह सुनिश्चित किया कि संविधान न्याय, स्वतंत्रता और समानता के मूल्यों के साथ-साथ भाईचारे की भावना और व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा दे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश के किसी भी कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला होना चाहिए। अगर मैं दिल्ली में बैठकर कोई निर्णय वकील के लिए, जज के लिए दे रहा हूं तो वो कठिन भाषा में हो सकता है। लेकिन अगर मैं आम आदमी के लिए निर्णय कर रहा हूं तो निश्चित रूप से सरल भाषा में होना चाहिए। देश के जिला स्तर के कोर्ट की बिल्डिंग में सुधार होना चाहिए। ये बिल्डिंग आधुनिक स्तर की होनी चाहिए। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जिला अदालतों की स्थिति में सुधार के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जिला अदालतों को संवेदनशील बनाना चाहते हैं, क्योंकि यह न्याय की दिशा में पहला कदम है। हम जिला अदालतों की स्थिति में सुधार करने और उनकी इमारतों को आधुनिक युग के अनुरूप बदलने के लिए कई प्रयास कर रहे हैं।

### ...और पहुंच गई वायुसेना





**श्रीनगर :** वायुसेना ने जम्मू–कश्मीर और लद्दाख में राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से फंसे करीब 700 यात्रियों को शनिवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाला है। आईएल–76 विमान से कुल 514 यात्रियों को जम्मू से लेह पहुंचाया गया जबकि एक विमान से 223 लोगों को श्रीनगर से लेह रवाना किया गया। सेना के अधिकारियों ने कहा– इस सप्ताह करीब 1,251 लोगों को हवाई मार्ग से जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख पहुंचाया गया। घाटी में कई स्थानों तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया है ● एजेंसी

## गाजा में एयरड्रॉप सहायता का बक्सा गिरने से पांच की मौत

**गाजा।** इजराइल और हमास युद्ध लगभग पांच माह से जारी है। इस बीच, गाजा में शुक्रवार को मानवीय सहायता एयरड्रॉप की गई। इस दौरान कुछ पैराशूट नहीं खुल पाए और लोगों के ऊपर जा गिरा, जो सहायता की आस में नीचे खड़े थे। हादसे में पांच की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए है। गाजा के स्थानीय प्रशासन ने इसकी निंदा की है।

गाजा ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने पहले ही चेतावनी दी थी कि गाजा पट्टी में एयरड्रॉप सुविधा नागरिकों के जीवन के लिए खतरनाक है। पैराशूट न खुल पाने के कारण पार्सल सीधा नागरिकों के सिर पर गिर गया। लापरवाही के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई लोग घायल भी हो गए हैं।

# भारतीय महिलाएं देश के विकास गाथा की सूत्रधार : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



- महिला दिवस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र ने भारत की प्रतिबद्धता को सराहा

संयुक्त राष्ट्र में एक कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने भारत की नारी शक्ति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं देश के विकास की गाथा की सूत्रधार हैं। उन्होंने कृषि के सतत विकास के साथ ही कई क्षेत्रों में उनकी भागीदारी की प्रशंसा की।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें अराकू वैली में आदिवासी महिलाओं की ओर से पैदा की जाने वाली अराकू काफी के संबंध में जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि वित्त, डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा, विमानन, अंतरिक्ष के साथ ही हर क्षेत्र में भारतीय महिला देश के विकास की गाथा लिख रही हैं। उन्होंने कहा कि आइए हम लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित करने की भारत की प्रतिबद्धता से प्रेरणा लें कि कोई भी पीछे न रहे।

संयुक्त राष्ट्र उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने कहा कि भारत में महिलाओं और कृषि की सतत विकास पद्धतियों के बीच संबंध उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार के नेतृत्व और देश के स्तर पर खाद्य प्रणाली संरक्षण एजेंडे को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना करना चाहती हूं। फ्रांसिस ने याद करते हुए कहा कि इस साल जनवरी में भारत यात्रा के दौरान उन्होंने नारी शक्ति की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया था।

**शोध** ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी का 220 परिवारों के बच्चों पर अध्ययन, सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में मिला

# डिजिटल स्क्रीन के ज्यादा संपर्क में आने से बच्चे कम सीख रहे स्वर

सिडनी, एजेंसी

मोबाइल फोन और टेबलेट जैसे उपकरणों पर ध्यान देने के कारण परिवार के लोगों के बीच बातचीत कम होती जा रही है। इसका असर खासकर बच्चों में बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा है। डिजिटल स्क्रीन के संपर्क में अकेले या परिवार के साथ ज्यादा समय बिता रहे बच्चे कम बोलते हैं, कम सुनते हैं और कम बातचीत करते हैं।

जामा में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार लगभग सभी आयु के बच्चों का स्क्रीन के अधिक संपर्क में आने से संचार बाधित होता है। अध्ययन में पता चला कि 18 महीने के बच्चे के साथ डिजिटल उपकरणों पर ज्यादा समय बिताने का संबंध बच्चे द्वारा 1.3 कम स्वर सीखने से जुड़ा था। जब बच्चे दो साल के हुए, तो इससे बात करने की कोशिश में 0.4 अंकों की कमी देखी गई।

सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में था, जब उन्होंने रोजाना औसतन 2 घंटे 52 मिनट स्क्रीन के संपर्क में बिताया। इसका संबंध 6.6 कम शब्द, 4.9 कम स्वर सीखने और 1.1 अंक कम बात करने की कोशिश के साथ जुड़ा हुआ पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के टेलीथॉन किड्स इंस्टीट्यूट ने 220 परिवारों में जन्में बच्चों पर तीन साल की आयु तक डेटा इकट्ठा कर किया है। शोधकर्ताओं ने सिर्फ भाषा के तीन मापों: वयस्कों द्वारा बोले जाने वाले शब्द, बच्चों के स्वर और बातचीत करने की कोशिश पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है।

परिणाम उम्र, लिंग और अन्य कारक जैसे मां का शिक्षा स्तर, घर पर बच्चों की संख्या के आधार पर समायोजित किया गया है। बच्चों के लिए भाषा में समृद्ध वातावरण में पलना व बड़ा होना भाषा के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। बचपन में भाषा का अच्छा और अधिक अनुभव उच्च बुद्धि, सामाजिक विकास और मस्तिष्क की बेहतर कार्यक्षमता से जुड़ा है।

### बच्चों में दिख रही मायोपिया बीमारी



बच्चे मोबाइल जैसी छोटी स्क्रीन का बहुत नजदीक से प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें मायोपिया बीमारी अपनी चपेट में ले रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि मायोपिया बच्चों में होने वाला निकट दृष्टि दोश है। इसमें बच्चे की आंखों की पुतली का आकार बढ़ने से प्रतिविंब रेटिना के बजाय थोड़ा आगे बनता है। उन्हें दूर की चीज देखने में प्रॉब्लम होती है। कई रिसर्च में सामने आया है कि आंखों के लिए छोटी डिजिटल स्क्रीन बेहद खतरनाक है और जिन बच्चों के चश्मा लगा हुआ है। उनका नंबर बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

### ये हैं लक्षण

बार बार आंखों का झपकना, दूर की चीजें स्पष्ट न दिखना, देखने में परेशानी होना, सिर दर्द होना, सिर में दर्द रहना, पलकों को सिकुड़कर देखना, आंखों से पानी आना, क्लासरूम में ब्लैक बोर्ड या व्हाइट बोर्ड पर ठीक से न दिखना, किताबों के अक्षर स्पष्ट न दिखना शामिल हैं।

### ऐसे रखें ख्याल

जिस जगह बच्चे पढ़ रहे हैं, वहां पूरी तरह चकाचौंध रोशनी हो। बच्चों को मोबाइल इस्तेमाल करने के लिए कम से कम दें, यदि डिजिटल स्क्रीन पढ़ाई के लिए देनी है तो मोबाइल की जगह लैपटॉप दें, धूप की रोशनी लें, बच्चों को सूखा मेवा, पोष्टिक खाना, विटामिन ए युक्त डाइट जरूर दें।

## अमेरिका : हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन सैनिकों की मौत, एक घायल

**वाशिंगटन।** टेक्सास में अमेरिका-मैक्सिको की सीमा के पास नेशनल गार्ड हेलीकॉप्टर के दुर्टनाग्रस्त होने से उसमें मौजूद तीन सैनिकों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर में एक नेशनल गार्ड्समैन और तीन बॉर्डर पैट्रोल एजेंट मौजूद थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह हादसा सा ग्रुला में हुआ।

टेक्सास के नागरिक सुरक्षा विभाग के दक्षिण क्षेत्र के निदेशक विक्टर एस्केलॉन ने बताया कि बॉर्डर पेट्रोल के साथ काम करने वाले सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। टेकसास नागरिक सुरक्षा विभाग ने हेलीकॉप्टर के ऑपरेशन लोन स्टार में शामिल नहीं होने की पुष्टि की है। बॉर्डर पेट्रोल के सूत्रों ने बताया कि हादसे के दौरान मैक्सिकन कार्टेल के सदस्यों ड्रोन की सहायता से हेलीकॉप्टर को क्रैश होते हुए देखा।

# लोकतंत्र के दुश्मन हैं जो बाइडन, ट्रंप का पलटवार

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडन ने कुछ दिन पहले ट्रंप को वैश्विक लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए खतरा बताया था



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल के अंतिम स्टेट ऑफ यूनियन संबोधन में ट्रंप पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने ट्रंप का नाम लिए बिना कहा था कि वह देश ही नहीं वैश्विक लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए भी खतरा हैं। इसे लेकर शुक्रवार को ट्रंप ने पलटवार किया है।

ट्रंप ने कहा कि बाइडन का बयान भयानक था। उन्होंने कहा कि बाइडन गुस्से में और मानसिक रूप से परेशान थे। ट्रंप ने बाइडन को लोकतंत्र का दुश्मन बताया।

इस बीच, ट्रंप ने शुक्रवार को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन से मुलाकात की। ओरबन ने इंस्टाग्राम पर ट्रंप से मुलाकात का वीडियो भी पोस्ट किया। ट्रंप के कैंपेन से जुड़े लोगों का कहना है कि दोनों नेताओं ने अमेरिका और हंगरी को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर बातचीत की। बाइडन ने शुक्रवार को अपने कैंपेन के दौरान इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि क्या आपको पता है कि ट्रंप मार-ए-लागो में आज किससे मिले हैं। हंगरी के ओर्बन से, जिन्होंने साफ कहा है कि उन्हें नहीं लगता है कि लोकतंत्र कार्य करता है। वह तानाशाही की तलाश कर रहे हैं।